www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 203
सोमवार 18 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 43°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 5 रुपए पृष्ठ-16

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

भारत-नीदरलैंड रिश्तों को मिली नई रणनीतिक दिशा

पीएम मोदी के दौरे में रक्षा, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा व व्यापार सहयोग पर बड़े समझौते

द हेग, 17 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय नीदरलैंड दौरे ने भारत और नीदरलैंड के संबंधों को नई रणनीतिक ऊंचाई दे दी। प्रधानमंत्री मोदी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन के बीच हुई व्यापक वार्ता में दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने का ऐतिहासिक फैसला किया। इस दौरान रक्षा, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समझौतों और सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर हुए।

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को नीदरलैंड पहुंचे थे। दौरे के दौरान उन्होंने नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा से भी मुलाकात की। हेग स्थित रॉयल पैलेस हुइस टेन बॉश में हुई इस मुलाकात में दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री रॉब जेटन के बीच हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और नीदरलैंड के संबंध अब केवल व्यापार तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का रूप ले चुके हैं। दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में बढ़े राजनीतिक संवाद, भारत की जी-20 अध्यक्षता और नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में हुए सहयोग को संबंधों की नई मजबूती का आधार बताया। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी रोडमैप अपनाते हुए रक्षा और सुरक्षा सहयोग को नई दिशा देने का निर्णय लिया। समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और रक्षा औद्योगिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रक्षा सहयोग को लेकर लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर हुए।

दौरे का सबसे अहम पक्ष सेमीकंडक्टर और उभरती तकनीकों में सहयोग रहा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और एएसएमएल के बीच धोलेरा सेमीकंडक्टर परियोजना के लिए समझौता हुआ। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम सिस्टम और अंतरिक्ष तकनीक में सहयोग बढ़ाने पर भी दोनों देशों ने सहमति जताई। ■ शेष पेज 15 पर

हस्ताक्षर

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता को मिला समर्थन
- छात्रों, प्रोफेशनल्स के लिए वीजा और आवागमन प्रक्रिया होगी आसान
- जल प्रबंधन, डेयरी, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों में भी बड़े करार

स्वीडन पहुंचे मोदी, क्रिस्टरसन के साथ होगी अहम द्विपक्षीय वार्ता

गोटेसबर्ग, 17 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के दूसरे चरण के तहत शनिवार को स्वीडन के खूबसूरत शहर गोटेसबर्ग पहुंच गए। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के विशेष निमंत्रण पर हो रहे इस दो दिवसीय दौरे को भारत-स्वीडन संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर भारतीय समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी नीदरलैंड का सफल दौरा पूरा करने के बाद स्वीडन पहुंचे। एम्स्टर्डम के शिफोल एयरपोर्ट पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने उन्हें विदाई दी। स्वीडन दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और उनके स्वीडिश समकक्ष उल्फ क्रिस्टरसन के बीच उच्चस्तरीय ■ शेष पेज 15 पर

राहुल गांधी ने नीट-यूजी पेपर लीक पर शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली, 17 मई। नीट-यूजी परीक्षा पत्र लीक मामले को लेकर सियासी विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर निशाना साधते हुए उनका इस्तीफा मांगा है।

राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वर्ष 2024 और 2026 दोनों में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ लेकिन शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार जांच एजेंसियों और समितियों के गठन के बावजूद परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हो पा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्ष 2024 में नीट परीक्षा पत्र लीक हुआ था, परीक्षा रद्द नहीं हुई, मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। वर्ष 2026 में भी परीक्षा पत्र लीक हुआ, परीक्षा रद्द करनी पड़ी, फिर से सीबीआई जांच कर रही है और एक अन्य समिति गठित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा पत्र लीक क्यों हो रहे हैं, इस मुद्दे पर सरकार चुप क्यों है और लगातार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को पद से क्यों नहीं हटाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप सामने आने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा रद्द कर दी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ■ शेष पेज 15 पर

संक्षिप्त समाचार

टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : शाह

अहमदाबाद, 17 मई (हि.स.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' तथा 'गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट' का लोकार्पण करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुजरात ने आजादी के समय से देश को दिशा दी है, उसी प्रकार अब तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी गुजरात पूरे देश का नेतृत्व करेगा। अमित शाह ने कहा कि गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों प्रकल्प राज्य के युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगे और गुजरात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दालमंडी चौड़ीकरण के लिए छह मस्जिदों को शिफ्ट करने के निर्देश

वाराणसी, 17 मई। दालमंडी चौड़ीकरण अभियान को लेकर लोक निर्माण विभाग ने दालमंडी की छह मस्जिदों को कही और शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं, ऐसा नहीं होने पर कार्रवाई होगी। शिफ्ट करने के लिए इन मस्जिदों को जमीन और निर्माण का धन मुहैया कराने की बात कही है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता केके सिंह ने रविवार को कहा कि दालमंडी के चौड़ीकरण कार्य में 75 मकानों और छह मस्जिदों को हटाया जाना है। उन्होंने बताया कि दालमंडी की छह मस्जिदों को कहीं शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए हैं, ऐसा नहीं होने पर कार्रवाई होगी। मस्जिद समितियों को नोटिस दी जा चुकी है।

अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

नई दिल्ली, 17 मई (हि.स.)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस रेल सेवा को आभासी माध्यम से हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि इससे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क को मजबूती मिलेगी। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू की जाएगी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगों को अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में रेलवे के लिए बजट आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे कर्नाटक में रेल परियोजनाओं के कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

सीएनजी कीमतों में फिर एक रुपए की बढ़ोतरी

दो दिनों में तीन रुपये प्रति किलो. तक बढ़ीं कीमतें कांग्रेस ने महंगाई को लेकर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 17 मई। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में तीन दिन के भीतर दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। नई दरें रविवार से लागू हो गई हैं। ताजा बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में सीएनजी एक रुपये प्रति किलोग्राम महंगी होकर 80.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है।

सीएनजी की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। पार्टी ने कहा कि पिछले दो दिनों में सीएनजी के दाम लगातार बढ़ाए गए हैं, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि 15 मई को सीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति किलोग्राम और 17 मई को 1 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई। पार्टी ने इसे महंगाई से जोड़ते हुए सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों का असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। नई दरों के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 80.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, ■ शेष पेज 15 पर

राष्ट्र प्रथम की भावना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा ही देश की एकमात्र पार्टी है जो राष्ट्रवाद, सुशासन और भारतीय संस्कृति को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी और डीएमके जैसी पार्टियां तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति में डूबी हुई हैं, इसलिए समाज उन्हें सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता।

मुख्यमंत्री गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के आदर्शों और मूल्यों के अनुरूप कार्य करता है। इसी कारण भाजपा ने कम समय में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सीएम योगी ने कहा कि देश की राजनीति में भाजपा ने हमेशा 'राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति अंतिम' के सिद्धांत को अपनाया है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि संविधान लागू होने के तुरंत बाद ही कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी थी। इसी के विरोध में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और कश्मीर में धारा 370 तथा परमिट सिस्टम के खिलाफ आंदोलन किया। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को भाजपा की मूल सोच बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सुशासन की पहचान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भाजपा ने देश में विकास और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को नई दिशा दी है। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को नए युग का सूत्रपात बताते हुए कहा कि यह केवल मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव की असली ताकत बूथ में छिपी होती है।

प्रशिक्षण महाभियान

- योगी बोले, भाजपा कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का भाव
- बूथ की मजबूती ही चुनावी जीत का सबसे बड़ा आधार

केरल में वीडी सतीशन आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

नई दिल्ली, 17 मई। सतीशन दामोदर मेनन वडस्सेरी (वीडी सतीशन) सोमवार को केरल के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही राज्य की सत्ता में कांग्रेस की वापसी होने जा रही है। इससे पहले वर्ष 2011-2016 तक कांग्रेस के ओमन चांडी राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। शपथ ग्रहण समारोह सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। राजधानी तिरुवनंतपुरम में समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा कर्नाटक और तेलंगाना के मुख्यमंत्री भी समारोह में मौजूद रहेंगे।

यूपी में भीषण सड़क हादसे दस लोगों की दर्दनाक मौत

- बागेश्वर धाम से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं की हमीरपुर में मौत
- आजमगढ़ एक्सप्रेस-वे पर कंटेनर से टकराई कार, पांच की जान गई

हमीरपुर/आजमगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश में शनिवार और रविवार को हुए दो भीषण सड़क हादसों में कुल दस लोगों की मौत हो गई। हमीरपुर में बागेश्वर धाम से लौट रहे कार सवार पांच लोगों की ट्रक से टक्कर में जान चली गई, जबकि आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार कंटेनर में घुस गई, जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

पहली घटना हमीरपुर जिले के मौदहा थाना क्षेत्र में कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर छिरका-मवैया गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी दो दंपति बागेश्वर धाम के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। रविवार दोपहर उनकी कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। मौदहा थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि मृतकों में कानपुर के नवाबगंज निवासी नरेंद्र ■ शेष पेज 15 पर

सुप्रीम कोर्ट में बढ़ी जजों की संख्या, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, 17 मई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 37 कर दी गई है। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल नहीं किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा जारी 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026' का उद्देश्य शीर्ष अदालत में लंबित मामलों के बढ़ते बोझ को कम करना और सुनवाई प्रक्रिया में तेजी लाना बताया गया है। केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने 'सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) अधिनियम, 1956' में संशोधन को मंजूरी दे दी है। यह फैसला हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सुप्रीम कोर्ट में चार नए जजों के पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद आया है। 5 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इससे संबंधित संशोधन विधेयक को संसद में लाने का निर्णय लिया गया था।

कानपुर स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्या सुनते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। – छाया तरुणमित्र

राजधानी एक्सप्रेस के कोच में लगी आग, उच्चस्तरीय जांच के आदेश

नई दिल्ली, 17 मई। रेल मंत्रालय ने तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मंत्रालय के अनुसार जांच में आग लगने के कारणों, सुरक्षा मानकों और आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। यह घटना रविवार सुबह मध्य प्रदेश के कोटा रेल मंडल में लूनी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच हुई। राजधानी एक्सप्रेस संख्या 12431 के बी-1 कोच में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार प्रभावित डिब्बा एसएलआर कोच के निकट था। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग 5:15 बजे कोच से धुआं और लपटें उठती दिखाई दीं।

नीति आयोग की रिपोर्ट में गंभीर खामियां उजागर, राज्यों को बड़े सुधारों की सलाह

शिक्षा व्यवस्था की दरारों में गुम होते बच्चे

विवेक श्रीवास्तव

लखनऊ/नई दिल्ली, 12 मई। देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट ने विकास और डिजिटल इंडिया के दावों के बीच एक असहज सच्चाई सामने रख दी है। रिपोर्ट बताती है कि शिक्षा व्यवस्था का ढांचा आज भी ऐसा है जहां हर दस में से चार बच्चे उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने से पहले ही स्कूल छोड़ देते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह संकट केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूलों की बुनियादी संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, सीखने की गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था तक फैला हुआ है।

'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणालीः समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने जारी किया। रिपोर्ट में पिछले एक दशक के आंकड़ों और विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के आधार पर देश की शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई है। इसमें यूडीआईएसई प्लस, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण, एनएएस और एएसईआर जैसी संस्थाओं के आंकड़ों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश में 14.71 लाख स्कूल और लगभग 24.69 करोड़ विद्यार्थी हैं, लेकिन पूरी शिक्षा व्यवस्था एक असंतुलित पिरामिड की तरह काम कर रही है। प्राथमिक स्तर पर जहां 7.3 लाख स्कूल हैं, वहीं उच्च माध्यमिक स्तर पर यह संख्या घटकर महज 1.64 लाख रह जाती है। केवल 5.4 प्रतिशत स्कूल ही ऐसे हैं जहां कक्षा एक से बारह तक लगातार पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। नतीजतन छात्रों को हर कुछ वर्षों में स्कूल बदलना पड़ता है और इसी प्रक्रिया में बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि प्राथमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर केवल 0.3 प्रतिशत है, लेकिन माध्यमिक स्तर तक पहुंचते-पहुंचते यह आंकड़ा 11.5 प्रतिशत हो जाता है। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ 58.4 प्रतिशत है। बिहार, मेघालय, नगालैंड और असम जैसे राज्यों में आर्थिक दबाव, कम ■ शेष पेज 15 पर

चिंताजनक

- दसवीं के बाद तेजी से बढ़ रहा ड्रॉपआउट, गरीब राज्यों में हालात सबसे गंभीर
- लाखों स्कूलों में शिक्षक, शौचालय, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का संकट

यूएन ने लेबनान-इजरायल संघर्ष विराम बढ़ाने का किया स्वागत

संयुक्त राष्ट्र, 17 मई। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने लेबनान और इजरायल के बीच संघर्ष विराम की अवधि 45 दिन बढ़ाए जाने के फैसले का स्वागत किया है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वह क्षेत्र में शांति बनाए रखने और हिंसा कम करने के प्रयासों का समर्थन करता है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रेस कार्यालय के अनुसार, संगठन ने सभी पक्षों से युद्धविराम का पालन करने, आगे किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई से बचने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का सम्मान करने की अपील की है। यूएन ने सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को पूरी तरह लागू करने के लिए जारी कूटनीतिक प्रयासों को भी समर्थन देने की बात कही। यह प्रस्ताव वर्ष 2006 में लेबनान और इजरायल के बीच हुए संघर्ष के बाद लाया गया था।अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, दोनों देशों ने पिछले महीने लागू हुए संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि राजनीतिक स्तर की बातचीत जून की शुरूआत में फिर से होगी, जबकि सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर सैन्य अधिकारियों की बैठक मई के अंत में प्रस्तावित है। हालांकि संघर्ष विराम लागू है, लेकिन दक्षिणी लेबनान में इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच तनाव पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हाल के दिनों में दोनों पक्षों के बीच सीमित झड़पों और हमलों की खबरें भी सामने आई हैं।

गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण ने बिगाड़ी ग्रामीण सड़कों की सूरत, गड्ढों में तब्दील हुए मार्ग

● एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों के लगातार आवागमन से ग्रामीण मार्गों की कई सड़कें पूरी तरह हो चुकी हैं क्षतिग्रस्त

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य के चलते भारी वाहनों का लगातार आवागमन ग्रामीण मार्गों पर दबाव बढ़ा रहा है, जिससे कई सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। स्थानीय ग्रामीणों में इसे लेकर भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में लगे सैकड़ों डंपर, ट्रक और अन्य भारी वाहन रात-दिन ग्रामीण सड़कों से गुजर रहे हैं। लगातार भारी लोड के कारण सड़कें जगह-जगह टूट गई हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कुचरिया से उत्तरपारा बेला टिकई, गौरा गदागंज मार्ग की स्थिति सबसे ज्यादा खराब हो चुकी है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। दोपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि छोटे वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार विभागों से सड़क मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि बरसात के पहले सड़कें दुरुस्त नहीं कराई गईं तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पांच दिन बाद भी 25 लाख आबादी अंधेरे में

● गुरबख्शगंज, लालगंज, सेमरी, डलमऊ, गदागंज, ऊंचाहार और जगतपुर समेत कई इलाके प्रभावित
● बिजली-पानी का भारी संकट

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले में बीते दिनों आए तेज आंधी-तूफान के बाद उत्पन्न बिजली संकट अब विकराल रूप लेता जा रहा है। हालात यह हैं कि 120 घंटे बीत जाने के बाद भी करीब 25 लाख की आबादी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर है। गुरबख्शगंज, लालगंज, सेमरी, डलमऊ, गदागंज, ऊंचाहार, जगतपुर समेत जिले के कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है।

तेज आंधी के चलते सैकड़ों बिजली के खंभे और लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, लेकिन पांच दिन बाद भी कई फीडरों पर मरम्मत कार्य शुरू तक नहीं हो सका है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

बिजली आपूर्ति ठप होने से पानी की मोटरें बंद पड़ी हैं। ऐसे में जनरेटर संचालकों की चांदी हो गई है। कई इलाकों में पानी भरने के लिए 900 रुपये प्रति घंटे तक वसूले जा रहे हैं। जनता का आरोप है कि विभाग स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं से भारी बिल तो वसूल रहा है, लेकिन जर्जर लाइनों और व्यवस्था को सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हो रहा। लालगंज सब स्टेशन समेत कई विद्युत उपकेंद्रों पर कर्मचारियों की भारी कमी बताई जा रही है। संविदाकर्मियों की छंटनी के बाद मरम्मत कार्य और धीमा पड़ गया है। पूर्व में ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप जिलाधिकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर जर्जर लाइनों को दुरुस्त कराने की मांग भी की गई थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिशाषी अभियंता ऊंचाहार उमेश कुमार ने बताया कि काफी तादात में खंभे टूटे है इसी कारण मरम्मत कार्य प्रभावित है। विभाग तेजी से काम कर रहा है और जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

नीट पेपर लीक मामले पर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

● धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए के खिलाफ की बर्खास्तगी की मांग

लालगंज, रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। लालगंज स्थित नगर पंचायत के पास आल इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक प्रकरण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने और एनटीए पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। जिला उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस अभिनव तिवारी संगम ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताओं ने देश की परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने नीट परीक्षा के लीक होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत पद से हटाना चाहिए तथा एनटीए को भंग कर एक पारदर्शी और जवाबदेह परीक्षा प्रणाली स्थापित करनी चाहिए, ताकि छात्रों के साथ न्याय हो सके। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से नोटों की गड्डियां हवा में उछालकर पेपर माफिया और सरकार के बीच कथित मिलीभगत पर सवाल उठाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यूथ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस सरेनी जितेंद्र द्विवेदी, युवा नेता अंकित सिंह कनिकापुर, गौरव मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक शर्मा, फारुख राना सहित बड़ी संख्या यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भीषण आग से जला गरीब परिवार का आशियाना

● सपा नेता डॉ. शशिकांत शर्मा ने की आर्थिक मदद

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अयासपुर डीही पोस्ट भूयेमऊ निवासी राजू पासी का घर भीषण आग लगने से जलकर राख हो गया। आग की घटना में घर में रखा राशन, कपड़े, गृहस्थी का सामान समेत अन्य जरूरी वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं, जिससे परिवार के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर डॉ. शशि कांत शर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और हालचाल जाना। उन्होंने समाजवादी साथियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने परिवार की बेटी की पढ़ाई-लिखाई में भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गांव के लोगों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने संजय मौर्य के पिता को दी श्रद्धांजलि

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। मौर्य बंधुत्व क्लब के जिलाध्यक्ष संजय कुमार मौर्य के दिवंगत पिता स्वर्गीय दिनेश मौर्य की श्रद्धांजलि सभा रविवार को सलोन क्षेत्र के मुर्तजानगर उर्फ मुढवलिया में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के लोगों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय दिनेश मौर्य के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वर्गीय दिनेश मौर्य एक सरल, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व हमेशा अपने कार्यों और व्यवहार के सभी के दिलों में जीवित रहते हैं। उन्होंने अपने परिवार को अच्छे से संस्कार दिए है जिसका प्रमाण आपके सामने है हमें विश्वास है कि संजय नाम का पौधा पिता के सपनों को साकार करेगा। श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना सचान पूर्व ब्लाक प्रमुख आजाद सिंह, संस्थापक मौर्य बंधुत्व क्लब राम सजीवन मौर्य, सुनील मौर्य, धुन्नी मौर्य, नीरज मौर्य, आदित्य मौर्य सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं मौर्य समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में त्रिरत्न वंदना, भोजन दान एवं धम्म देशना का भी आयोजन किया गया।

संक्षिप्त समाचार

सीनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स टीम का चयन ट्रायल 20 को

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। आगामी 1 व 2 जून2026 को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित हो रही यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप इ में प्रतिभाग करने हेतु जनपद रायबरेली की टीम का चयन ट्रायल 20 मई बुधवार 2026 को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सायं4:00 बजे से किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले पाएंगे जिनका एएफआई से यूआईडी बनी हुई है। इवेंट 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर 3000 मीटर 5000 मीटर 10000 मीटर 20 किलोमीटर पैदल चाल लॉन्ग जंप हाई जंप ट्रिपल जंप शाटपुट डिसकस हैमर थ्रो जैवलिन थ्रो हर्डल डेकाथलन हेपथालान में खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे जिन खिलाड़ियों का इस वर्ष जिले में पंजीकरण नहीं है उन्हें पंजीकरण भी करना पड़ेगा प्रतिभागी की जन्मतिथि24 जून 2008 के पहले होनी चाहिए।

दलित पीड़ित की थाने में नहीं हो रही सुनवाई, दबंगों पर जानलेवा हमले का आरोप

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में खलिहान की जमीन पर गिरे पेड़ को काटने को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा दलित परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि गांव के शिव बहादुर यादव, शिवम यादव, ओंकार और पिंटू यादव ने महिला समेत परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कई लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाया गया, जहां से दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि अस्पताल से रेफर किए जाने के बावजूद पुलिस उन्हें जिला अस्पताल लेकर नहीं गई। वहीं पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस पर मामले में सुनवाई न करने का भी आरोप लगाया है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

भीषण गर्मी में योग साधकों के लिए राहत बना मातृभूमि सेवा मिशन

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्रा की प्रेरणा से राणा बेनी माधव पार्क स्थित शहीद स्मारक के निकट संचालित दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में भीषण गर्मी के बीच योग साधकों के स्वास्थ्य संरक्षण की अनूठी पहल देखने को मिली। संस्था के सचिव राकेश यादव की ओर से नियमित योगाभ्यास करने वाले 30 साधकों को गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से उच्च गुणवत्ता की जल बोतलें वितरित की गईं। संस्था की इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी में योगाभ्यास करने आने वाले साधकों के लिए पानी की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। इससे लोगों को योग करने में सुविधा मिलेगी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। योग शिविर में डीके सिंह एवं अशोक सिंह के द्वारा योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह द्वारा किया गया। संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

गोपेश्वर नाथ महादेव मित्र मंडली ने मनाई शनि जयंती

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। बीएसए कालेज स्थित गोपेश्वर नाथ महादेव मित्र मंडली द्वारा ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया गया ।शनि जयंती पर शनि देव के मंदिरों में विधि विधान से शनि देव की विधी विधान से पूजाकृअर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिरों पर विशेष आयोजन किये ।शनि जयंती मनाए जाने से भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था ।मंदिर में शनिदेव के जन्म उत्सव पर सुबह शनि देव का तेल से अभिषेक करके काले तिल एवं गुड़ चना का भोग लगाया। शाम को मीठे शरवत की प्याऊ लगाईं। महिलाओं ने भजन कीर्तन का करके भक्तिरस से मंदिर का वातावरण सराबोर हो उठा। मीडिया प्रभारी विकास खत्री ने बताया कि कर्म फल के दाता शनिदेव है। रावण ने जब शनिदेव को बन्दी बनाकर रखा था तब हनुमान जी ने ही उनकी जान बचाई थी। उनसे वचन लिया कि जो भी भक्त मेरी पूजा अर्चना करेगा उसको तुम कभी भी परेशान नहीं करोगे गर्मी के कारण आम जन मानस का जीना मुश्किल कर रखा है, इसलिए मन्दिर के कमेटी द्वारा शरवत वितरण कराया गया।

मानदेय वृद्धि से अनुदेशकों का बढ़ेगा मनोबल: दिनेश प्रताप

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत समग्र शिक्षा अभियान के तहत अंशकालिक अनुदेशकों की मानदेय वृद्धि के अवसर पर अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अनुदेशकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 01 अप्रैल 2026 से अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 9,000 से बढ़ाकर 17,000 प्रतिमाह किया जाना सरकार की संवेदनशील सोच का परिणाम है।

उन्होंने कहा, अनुदेशक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मानदेय वृद्धि से उनका मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक लगन एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों और अनुदेशकों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, अनुदेशक एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय का चेक देकर किया सम्मानित

इससे पूर्व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डीह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बाला हरचंदपुर सहित विभिन्न विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, शिवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, अनुदेशक आदि उपस्थित रहें।

सई नदी में नहाने गए युवक की डूबकर मौत

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। हरचंदपुर थाना क्षेत्र में सई नदी में नहाने गए 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बछरावां थाना क्षेत्र के सेरी गांव निवासी जितेंद्र अपने पांच दोस्तों के साथ हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पूरे मौहरी मजरे गुलुपुर के पास सई नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद दोस्तों ने उसे बाहर निकालकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरचंदपुर पहुंचाया। जहां अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ पुलिस का अभियान, 520 वाहनों के चालान

रायबरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रायबरेली पुलिस द्वारा 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों एवं प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने देर रात तक सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान कुल 2,367 संदिग्ध वाहनों एवं 3,507 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 520 वाहनों का चालान किया गया। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 102 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए 18 हजार का सम्मन शुल्क वसूला गया।

पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चालकों की जांच की गई। साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर एवं बिना मानक नंबर प्लेट वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोबारा नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रखने की बात कही है। इसके अलावा ह्लडोंट ड्रिंक एंड ड्राइवह्व जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस उपाधीक्षक यातायात अधिकारियों ने बताया कि जनपद में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने एवं सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

अवैध मिट्टी खनन में पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

● जैत थाना पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने राल क्षेत्र में की कार्रवाई

चौमुहां, 17 मई (तरूणमित्र)। अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जैत पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने देर रात राल चौकी क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन व परिवहन कर रहे पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़कर सीज कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में अवैध खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए जिले में एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर पीपी सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जैत सोनू कुमार व खनन प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस व खनन विभाग की टीम देर रात क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि करीब एक बजे जब टीम राल चौकी क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मिट्टी से भरी पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियां आती दिखाई दीं। पुलिस और खनन टीम को देखकर चालकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क टीम ने घेराबंदी कर पांचों ट्रैक्टरों को रोक लिया। जब वाहनों की जांच की गई, तो ट्रॉलियों में करीब 3 वर्ग मीटर मिट्टी लदी हुई थी। पुलिस द्वारा जब चालकों से मिट्टी परिवहन से संबंधित वैध प्रपत्र, ई-टीपी या आईएसटीपी की मांग की गई, तो वे कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा सके। बिना किसी रॉयल्टी और प्रपत्र के अवैध रूप से खनिज का परिवहन किया जा रहा था। थानाध्यक्ष जैत सोनू कुमार ने बताया कि बिना वैध प्रपत्रों के उप-खनिज परिवहन किए जाने पर उत्तर प्रदेश उप-खनिज नियमावली 2021 के नियम 58 व 72 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 के तहत सभी 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को मौके पर ही सीज कर दिया गया है और आरोपियों के खिलाफ विधिक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन माफियाओं पर नकेल कसने वाली इस टीम में मुख्य रूप से जैत थानाध्यक्ष सोनू कुमार, उप निरीक्षक संदीप कुमार और हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार शामिल रहे।

द्वारकाधीश ने चांदी के पालने में दिए दर्शन

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। मथुरा के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि अधिक मास के कार्यक्रम 17 मई से प्रारंभ हो गए हैं। इन सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठाधीश्वर) के द्वारा किया गया है। इसी के तहत, आज प्रातः काल 8.25 से 8.40 बजे तक ग्वाल के दर्शन में ठाकुर जी चांदी के पालने में विराजमान हुए और अपने भक्तों को दर्शन दिए।

श्री तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिक मास को अधिक मास क्यों कहा जाता है। हमारे यहाँ सनातन परंपरा में समय की गणना सूर्य वर्ष और चंद्र वर्ष के हिसाब से की जाती है। चंद्र वर्ष में 354 या 355 दिन होते हैं, जबकि सूर्य वर्ष में लगभग 365 दिन होते हैं। इस प्रकार हर वर्ष दोनों में लगभग 10,11 दिन का अंतर आता है। यह अंतर 3 वर्ष में बढ़कर पूरे एक महीने के बराबर हो जाता है, इसीलिए इसे श्अधिक मासश (पुरुषोत्तम मास) कहा जाता है। चूँकि हमारे सनातन धर्म में सभी तिथियों और महीनों का अपना एक विशेष महत्व व नाम हैकृजैसे प्रतिपदा (पड़वा), द्वादशी, एकादशी, पूर्णिमा आदिकृपरंतु इस अतिरिक्त एक माह का कोई नाम नहीं था। तब यह पूरा महीना भगवान विष्णु के पास गया और भगवान ने इसे अपना ही नाम दे दिया। इसी कारण इसे पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। इस मास की एक विशेषता यह भी है कि इसमें सूर्य की कोई संक्रांति (राशि परिवर्तन) नहीं होती, इसलिए इसे आम बोलचाल में लौंद का महीना (मलमास) भी कहा जाता है। इस पवित्र महीने में लोगों को अधिक से अधिक दान-पुण्य, धर्म, पूजा अर्चना और पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। इस माह में किया गया थोड़ा सा भी धार्मिक कार्य अत्यधिक फलदायी माना जाता है। चूंकि यह अधिक मास है, इसलिए सभी को ठाकुर जी के प्रति अपनी भक्ति भाव से सेवा करनी चाहिए। मंदिर में पूरे एक माह तक विशेष मनोरथ आयोजित किए जाएंगे। पूरे वर्ष में जो भी अलग-अलग मनोरथ उत्सव होते हैं, वे सभी इस एक महीने में किए जा सकते हैं। जो भी भक्त अपने आराध्य के लिए कोई मनोरथ कराना चाहते हैं, वे करा सकते हैं; यह श्रृंखला पूरे एक महीने तक जारी रहेगी। कल ठाकुर जी लकड़ी के पलने में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देंगे। यह दर्शन भी प्रातः काल ग्वाल के समय ही 8.25 से 8.40 बजे तक होगा।

शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई सीबीएसई 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा, 321 छात्र रहे मौजूद

मैनपुरी, 17 मई (तरुणमित्र)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा के दौरान कुल 321 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 22 विद्यार्थियों ने अपनी अनुपस्थिति दर्ज कराई। जनपद के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. राम मोहन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहाँ छात्रों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध किए गए थे ।परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी, जो बोर्ड के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कर रहे थे। इसके साथ ही, सीबीएसई के प्रतिनिधियों ने भी विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया ताकि बैठने की व्यवस्था, अनुशासन और पहचान सत्यापन जैसे मानकों की पुष्टि की जा सके। जिला प्रशासन के सहयोग से सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे छात्रों का प्रवेश और निकास पूरी तरह व्यवस्थित रहा। परीक्षार्थियों ने भी निर्धारित समय पर पहुँचकर परीक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन किया, जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण जनपद में परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और गरिमामय वातावरण में आरंभ होकर संपन्न हुई।

बीकेटी में बिजली संकट से हाहाकार रातभर सड़कों पर रहे लोग

◆ **सब-स्टेशन के फोन बंद कर दिए जाते हैं या फिर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता**

बीकेटी, लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय इलाके में बिजली विभाग की घोर लापरवाही और तानाशाही ने इस समय विकराल रूप ले लिया है।

एक तरफ आसमान से आग बरस रही है और उमस ने लोगों का दम घोंट रखा है, वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग की अघोषित और मनमानी कटौती ने स्थानीय नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि, जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है, जबकि जनता बूंद-बूंद पसीने में नहाकर तड़पने को मजबूर है।

शनिवार की रात बड़ी बाजार इलाके के सब्र का बांध उस समय पूरी तरह टूट गया, जब रात ठीक 11:30 बजे से लेकर तड़के 2:30 बजे तक बिजली विभाग ने आंख-मिचौली का ऐसा नंगा नाच दिखाया जिसने सैकड़ों परिवारों को खून के आंसू रुला दिए। इस तीन घंटे के दौरान हर दो मिनट पर लाइट आती और जाती रही।

इस भयंकर पावर ट्रिपिंग के कारण घरों में लगे कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, फ्रिज, और एसी धड़ाधड़ फुंकने लगे। उमस और मच्छरों के जानलेवा हमले के बीच जब घरों के भीतर दम घुटने लगा, तो बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों समेत सैकड़ों लोग चीखते-चिल्लाते हुए आधी रात को सड़कों पर उतर आए।

लोगों ने रातभर जागकर, सड़कों पर टहलकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। बड़ी बाजार के स्थानीय व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों का साफ कहना है कि, बिजली विभाग की यह अकर्मण्यता अब बर्दाश्त के बाहर हो चुकी है। दिन के समय अघोषित कटौती से पूरा व्यापार ठप पड़ा है और रात को ट्रिपिंग से लोगों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। जब रात में परेशान नागरिक बिजली उपकेंद्र (सब-स्टेशन) के नंबरों पर फोन करते हैं, तो या तो फोन बंद कर दिए जाते हैं या फिर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। जनता का आरोप है कि, लाइनमैन से लेकर ऊंचे पदों पर बैठे अधिकारी सिर्फ कागजों पर 'निर्बाध बिजली' का दावा ठोक रहे हैं, जबकि हकीकत में जनता को नरक भोगने के लिए छोड़ दिया गया है।

बड़ी बाजार की पीड़ित जनता ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है कि, यदि इस अघोषित कटौती और जानलेवा ट्रिपिंग को 24 घंटे के भीतर ठीक नहीं किया गया, तो क्षेत्र के हजारों लोग सड़कों को जाम करेंगे और अधिशासी अभियंता कार्यालय का ऐसा उग्र घेराव करेंगे जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी। जनता अब खोखले आश्वासनों से मानने वाली नहीं है, उसे हर हाल में चैन की नींद और अपनी गाढ़ी कमाई की बिजली चाहिए।

कानपुर रोड पर बंद किए गए कट के विरोध में पदयात्रा स्थगित

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। राजधानी मुख्यालय से सटे सरोजनी नगर क्षेत्र में कानपुर रोड पर बंद किए गए कटों के विरोध में रविवार को प्रस्तावित पदयात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के नेतृत्व में यह पदयात्रा होनी थी, जिसे पुलिस अधिकारियों द्वारा दो दिन का समय मांगने और विधायक के आश्वासन के बाद टाला गया।

रविवार को शांति नगर स्थित साईं स्टेडियम के पास उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, अभिभावक और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक इकट्ठा हुए थे।ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने फोन पर संबंधित विभागों से जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। वहीं, एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा और सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने भी दो दिन का समय मांगते हुए संयुक्त बैठक बुलाकर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है। इसी के चलते संगठन ने प्रस्तावित पैदल मार्च स्थगित करने का निर्णय लिया।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में विभिन्न अधिकारियों को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट चिल्लावां, शांति नगर और दरोगा खेड़ा के मुख्य बाजारों के कट बंद होने से हजारों लोग प्रभावित हैं। स्कूली बच्चों को गलत दिशा से आने-जाने की मजबूरी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। व्यापारियों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

मौसमी पारा अभी और चढ़ेगा, बढ़ेगी तपिश

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। रविवार को तेज धूप निकली और गर्म हवाएं चलती रहीं, जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहने की संभावना है, जो सामान्य से अधिक है। रात भी अधिक गर्म रहने की संभावना है। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 73 फीसदी और न्यनूतम आर्द्रता 27 फीसदी रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में फिलहाल तापमान 3 से 4 डिग्री तक लखनऊ समेत इसके आसपास के इलाकों में बढ़ेगा। प्रदेश में अगले 4 से 5 दिनों तक तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

बाइक सवार बदमाशों ने ढाबा संचालक को मारी गोली

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। शहर में में बाइक सवार बदमाशों ने एक ढाबा संचालक को गोली मार दी। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घटना मड़ियांव थानाक्षेत्र में रविवार शाम को हुई। जानकारी के मुताबिक तरहिया सैरपुर निवासी विजय यादव (28) पुत्र हनुमान प्रसाद यादव का भिटौली तिराहे के पास स्थित यादव ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट है। शाम करीब 4:30 बजे अपने ढाबे के पास मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी।

गोली लगते ही विजय यादव गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने घायल विजय को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मौके पर पुलिस के उच्चाधिकारी, स्थानीय थाना पुलिस और फील्ड यूनिट टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश में जुटी है।

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के खिलाफ 20 को हड़ताल

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। ऑनलाइन दवाओं की बिक्री को लेकर राजधानी लखनऊ में दवा कारोबारियों और केमिस्ट एसोसिएशन का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और लखनऊ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। केमिस्टों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री सिर्फ व्यापार का मुद्दा नहीं, बल्कि सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मामला बन चुका है।

लखनऊ के कई दवा व्यापारियों ने बातचीत में दावा किया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बिना सही मेडिकल जांच और फार्मासिस्ट सत्यापन के दवाएं बेची जा रही हैं। नकली, गलत और बिना डॉक्टर की सलाह वाली खतरनाक दवाओं का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है।

संक्षिप्त समाचार

लखनऊ जंक्शन पर खुला नि:शुल्क यात्री प्रतिक्षालय

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। यात्री सुविधाओं के दृष्टिगत पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर स्थित प्लेटफार्म संख्या 06 (ऐरावत हेरिटेज इंजन के निकट) पर अस्थाई रूप से रेल यात्रियों के लिए लगभग 70 व्यक्तियों की क्षमता के यात्री प्रतीक्षालय की निःशुल्क सुविधा आरम्भ कर दी गई है। इस प्रतीक्षालय में बैठने की व्यवस्था के साथ टॉयलेट, मोबाइल चार्जर, पंखे व मेज आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं।

राज्य संग्रहालय में खुलेगी मूर्तिकला वीथिका, आयोजन कल

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर 19 मई को लखनऊ के राज्य संग्रहालय में कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस समारोह में पाश्चात्य शैली मूर्तिकला वीथिका का लोकार्पण किया जाएगा। यह प्रदर्शनी एक माह 19 जून तक लगाई जाएगी। इसके माध्यम से भगवान शिव की आध्यात्मिक अवधारणा, भारतीय कला और वस्त्र परंपरा को प्रस्तुत किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नई पीढ़ी को संग्रहालयों, इतिहास, कला और भारतीय संस्कृति से जोड़ना तथा उनमें रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। साथ ही प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जायेगा। इसे लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कला, इतिहास और संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजन युवाओं में रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें भारतीय विरासत को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। इन संग्रहालयों को केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद और सीखने के सशक्त मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है।

ड्यूटी से लौट रहे युवक से लूट की वारदात

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। निगोहा थाना क्षेत्र में ड्यूटी से लौट रहे एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। बदमाशों ने युवक को रोककर मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला तब हुआ जब रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र निवासी अजीत सिंह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। निगोहां क्षेत्र के ग्राम लालपुर दखिना टावर के पास एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने अजीत सिंह के साथ मारपीट की और उनकी बाइक, मोबाइल फोन और 500 रुपए नकद छीन लिए। पीड़ित की तहरीर पर निगोहां थाने में तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना की सूचना मिलने पर मोहनलालगंज के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेद्र सिंह ने भी मौके का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं।

निराश्रित गोवंश के संरक्षण में आगे बढ़ रहा लखनऊ

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों के अंतर्गत जनपद लखनऊ में निराश्रित और बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए एक अत्यंत सुव्यवस्थित ढांचा विकसित किया गया है। वर्तमान में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों की संख्या में आश्रय स्थल संचालित हैं, जो न केवल गोवंश को सुरक्षित आवास प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनके आहार, पेयजल और स्वास्थ्य की भी निरंतर निगरानी कर रहे हैं। इन प्रयासों के केंद्र में प्रदेश सरकार की वह संकल्पना है, जिसमें पशुधन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना गया है। जनपद में संचालित कान्हा उपवन जैसे विशाल केंद्रों ने निराश्रित, बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को नया जीवन प्रदान किया है। 53 बीघा जैसी विस्तृत भूमि पर स्थापित ये केंद्र आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। जहाँ गोवंश की देखरेख के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज लखनऊ में गोवंश सहभागिता योजना के माध्यम से आम नागरिकों और किसानों को सीधे इस पवित्र अभियान से जोड़ा गया है।

गौपालकों को 35 फीसदी ऋण और 50 प्रतिशत मिलेगी सब्सिडी

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। स्वदेशी गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने डेयरी मास्टर प्लान तैयार किया है। इस रणनीति को ऑपरेशन-4 के तहत 2 से 25 गाय तक की डेयरी इकाइयों पर लाखों रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

इस संबंध में पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि नन्दिनी कृषक समृद्धि और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में डेयरी स्थापना और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 50 फीसदी तक अनुदान दिया जा रहा है। इसमें 15 फीसदी लाभार्थी निवेश, 35 फीसदी बैंक ऋण और 50 फीसदी सरकारी सब्सिडी तक का प्रावधान किया गया है। प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत उच्च गुणवत्ता एवं अधिक दूध देने वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने वाले पशुपालकों को 10 हजार से 15 हजार तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे बेहतर नस्लों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस गिर, साहीवाल और गंगातीरी जैसी उन्नत स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और संवर्धन पर है। इससे गांवों में रोजगार के नए अवसर तथा महिलाओं और युवाओं को डेयरी सेक्टर से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के तहत डेढ़ हजार से अधिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं, जबकि प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में सवा सात हजार से ज्यादा पुरस्कार वितरित किए गए हैं।

प्रधानों का रुतबा कायम रखने की तैयारी

26 को खत्म हो रहा कार्यकाल

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। ग्रामीण राजनीति पंचायत व्यवस्था को लेकर असमंजस बना हुआ है, क्योंकि ग्राम पंचायतों में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिल सकता है। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई खत्म होने वाला है। पंचायत व्यवस्था को चलाने, प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बांटने को लेकर पंचायती राज विभाग ने मंथन तेज कर दिया है। साथ ही पंचायतों के रोजमर्रा के कामकाज और संचालन के लिए सरकार वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार कर रही है। राज्य सरकार की मंषा के अनुरूप पंचायती राज विभाग की कोशिश है कि कार्यकाल खत्म होने के बाद भी ग्रामीण इलाकों की व्यवस्था में प्रशासनिक गैप न हो।

गांवों में चल रहे विकास कार्यों की रफ्तार में रुकावट न आए। चर्चा है कि सरकार इस बार ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में नियुक्त कर सकती है। इसे लेकर पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी कह चुके है कि मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही गांवों का प्रशासक बनाया जाना चाहिए। सरकार का यह कदम राजनीतिक रूप से बेहद मास्टरस्ट्रोक साबित हो सकता है, क्योंकि इससे पंचायत चुनाव में हो रही देरी की वजह से ग्राम प्रधानों के भीतर नाराजगी शांत होगी। पहले जब ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होता था, तब एक तय प्रशासनिक व्यवस्था लागू की जाती थी। इसके तहत ब्लॉक स्तर के अधिकारियों जैसे एडीओ पंचायत और ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशासक नियुक्त कर ग्राम पंचायतों के संचालन की चाबी सौंप दी जाती थी। सरकार ग्राम प्रधानों को पहली प्राथमिकता देने के मूड में दिख रही है।

प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाने के पीछे कई बड़े प्रशासनिक और कानूनी कारण सामने आए हैं। सबसे बड़ी वजह, राज्य में मतदाता सूची वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन कई बार टाला जा चुका है और अब इसके आगामी 10 जून को जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य में पिछड़ा वर्ग आरक्षण आयोग के गठन में देरी के चलते भी पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। वहीं दूसरी ओर ग्राम प्रधान संगठन भी लामबंद है।

उनकी तरफ से सरकार के सामने मांग रखी जा रही है कि यदि प्रशासनिक कमियों के कारण चुनाव समय पर नहीं हो पा रहे हैं तो मौजूदा ग्राम प्रधानों को प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी जाए। संगठनों का तर्क है कि ऐसा करने से ग्रामीण स्तर पर चल रहे जरूरी विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी और गांवों की प्रशासनिक व्यवस्था बिना किसी रुकावट चलती रहेगी। ग्राम पंचायतों के भविष्य और नए प्रशासकों की नियुक्ति को लेकर योगी सरकार निर्णय ले सकती है। करीब नौ माह बाद प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने है इसलिए सरकार प्रधानों को नाराज नहीं करना चाहती इसीलिए प्रधान को ही प्रषासनिक जिम्मेदारी देने पर मंथन चल रहा है। वहीं पचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक एस एन सिंह ने बताया कि इस मामले में अंतिम निर्णय सरकार को ही लेना है, जैसे आदेश होगा उसी के अनुरूप पालन कराया जायेगा। अब तक तो विभाग के अधिकारियों को प्रषासक बनाया जाता रहा है।

बिजली कर्मियों को सेवांत लाभ न मिलना अमानवीय

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से मांग की है कि मार्च 2023 के आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाहियां तत्काल प्रभाव से वापस ली जाएं तथा प्रभावित कर्मचारियों को उनके समस्त सेवा संबंधी एवं सेवांत लाभ अविलंब प्रदान किए जाएं।

संघर्ष समिति ने घोषणा की है कि उत्पीड़न के विरोध में प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान के अंतर्गत आगामी सप्ताह सोमवार से शनिवार तक पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ प्रदेश के सबसे बड़े ताप बिजलीघरों अनपरा एवं ओबरा में व्यापक सभाएं आयोजित की जाएंगी। कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान जिन बिजली कर्मियों को निलंबित किया गया था, उनके विरुद्ध चल रही अनुशासनात्मक कार्यवाहियां आज तक समाप्त नहीं की गई हैं। इतना ही नहीं, सेवा निवृत्त होने के बाद भी कई कर्मचारियों को उनके वैधानिक सेवांत लाभ नहीं दिए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अमानवीय एवं प्रताड़नापूर्ण है। बताया कि अभियंता आर जी सिंह, जिन्हें मार्च 2023 के आंदोलन के कारण प्रताड़ित किया गया था, सेवा निवृत्ति के बाद उन्हें उनके जीपीएफ के अतिरिक्त कोई अन्य सेवांत लाभ नहीं मिला।

दुर्भाग्यवश विगत दिनों उनका निधन भी हो गया। इस घटना से पूरे बिजली कर्मचारी समुदाय में भारी रोष एवं पीड़ा व्याप्त है।संघर्ष समिति ने कहा कि उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां लंबित रहने के कारण अनेक सेवारत कर्मचारियों,जूनियर इंजीनियरों एवं अभियंताओं के प्रमोशन, टाइम-स्केल तथा अन्य सेवा संबंधी देयक अवरुद्ध पड़े हैं। वहीं सेवा निवृत्त कर्मचारियों को केवल भविष्य निधि की राशि देकर अन्य वैधानिक भुगतान रोके जाना गंभीर अन्याय है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के साथ किया जा रहा यह व्यवहार अत्यंत अमानवीय है।

इटौंजा में रातभर चला अवैध मिट्टी खनन

बीकेटी, लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। तहसील के अंतर्गत आने वाले इटौंजा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात खनन माफियाओं ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पूरी रात जेसीबी मशीनों से खेतों को खोदा गया और दर्जनों डंपरों व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की मदद से मिट्टी की ढुलाई की गई।

इस दुस्साहस से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी और रोष व्याप्त है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इटौंजा के सआदत नगर गढ़ा, नेवादा और माल रोड से सटे ग्रामीण इलाकों में खनन माफियाओं का नेटवर्क सबसे ज्यादा सक्रिय है। ग्रामीणों का कहना है कि दिन के समय प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए माफियाओं ने अब अपनी कार्यप्रणाली बदल दी है। ये लोग देर रात खासकर रात 2 बजे के बाद अपनी पोकलेन और जेसीबी मशीनें खेतों में उतार देते हैं।

रातभर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से न केवल ग्रामीणों की नींद हराम हो रही है, बल्कि गांवों की मुख्य और संपर्क सड़कें भी पूरी तरह से टूटकर जर्जर हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, खनन माफिया अक्सर किसी एक भट्ठे या सरकारी काम के लिए मिलने वाले सीमित परमिट की आड़ लेते हैं। इसकी आड़ में तय सीमा से कई गुना अधिक और बिना किसी रॉयल्टी भुगतान के अवैध रूप से मिट्टी निकाली जाती है। इस चोरी की मिट्टी को रात के अंधेरे में लखनऊ और आसपास के निजी प्लॉटों व अवैध कॉलोनियों में ऊंचे दामों पर बेचकर हर दिन लाखों रुपये का वारा-न्यारा किया जा रहा है।

रोडवेज में ईंधन व्यय को कम करें व प्रवर्तन कार्यों को अधिक प्रभावी बनायें: एमडी

बोले, प्रत्येक प्रवर्तन दल में केवल एक चालक तैनात किया जाये

नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में औचक निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन के व्यय को न्यूनतम करने तथा प्रवर्तन कार्यों को अधिक प्रभावी, उपयोगी एवं परिणामोउन्मुख बनाने के उददेश्य से मुख्यालय नियंत्रित (इण्टरसेप्टर) प्रवर्तन दलों व क्षेत्रीय स्तर पर संचालित समस्त क्षेत्रीय प्रवर्तन दलों की व्यवस्था में तत्काल प्रभाव से परिवर्तन करने के निर्देश दिए हैं।

इसके तहत प्रवर्तन दलों में डिपो/क्षेत्र के कार्यरत अतिरिक्त कार्मिक अपने मूल पद के अनुरूप कार्य करेंगें।

समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक व सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक यह सुनिश्चित करेंगें कि प्रवर्तन दल से हटाये गये डिपो व क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों से उनके मूल पदानुसार कायालीय कार्य लिया जाये।

यातायात अधीक्षक, यातायात निरीक्षक व सहायक यातायात निरीक्षक को उनके दायित्वों के अनुरूप कार्यालय कार्य सौंपा जाये तथा यातायात अधीक्षक से स्टेशन अधीक्षक के रूप में स्टेशन सम्बन्धी कार्य लिया जायें। प्रत्येक प्रवर्तन दल में केवल एक चालक तैनात किया जाये। प्रबन्ध निदेशक स्क्वॉयड में आवश्यक कटौती करते हुये प्रत्येक क्षेत्र में केवल एक प्रवर्तन दल कार्यरत रहेगा। प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए है कि बिना बॉडी वार्न कैमरा किया गया निरीक्षण कार्य मान्य नहीं होगा। हर क्षेत्रीय प्रबन्धक के अधीन केवल एक प्रवर्तन दल संचालित होगा। उन्होंने कहा कि निगम के नोडल अधिकारी अपने-अपने नोडल क्षेत्रों की विशेष निगरानी करेंगे तथा आवश्यकतानुसार औचक निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे। परीक्षण अवधि के दौरान क्षेत्रीय नोडल अधिकारी आवश्यकता के अनुसार प्रवर्तन वाहनों का उपयोग कर सकेंगें।

प्रबंध निदेशक ने अपेक्षा की है कि चालक और परिचालक बिना चेकिंग व्यवस्था के भी बेहतर राजस्व अर्जित कर निगम के प्रति उत्तरदायित्व, आत्म नियंत्रण एवं कार्य निष्ठा की भावना को प्रदर्शित करें। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी न्यूनतम वाहन उपयोग तथा स्वअनुशासन को बढावा देने पर बल दिया गया है। यह व्यवस्था एक माह की परीक्षण अवधि को लागू की जाती है। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात वर्तमान में तैनात किसी भी यातायात निरीक्षक को पुनः उसी स्थान अथवा मार्ग पर तैनात न किया जाये।

लविवि प्रोफेसर का चैंबर सील किया गया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रा को पेपर आउट करने लालच देकर फोन पर अश्लील बातें करने वाले प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह को पुलिस ने जेल भेजा दिया है। अवकाश होने के बाजवूद पुलिस ने लखनऊ विश्वविद्यालय कैंपस में पहुंचकर उसका चैंबर खंगाला। उसके लैपटॉप और मोबाइल कब्जे में लेकर चैंबर सील कर दिया। आंतरिक शिकायत समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है। सोमवार को होने वाली कार्य परिषद की आपात बैठक में जांच रिपोर्ट रखी जाएगी। इसके आधार पर ही परिषद शिक्षक के मामले में फैसला लेगी। जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.परमजीत सिंह और बीएससी फाइनल ईयर की एक छात्रा के बीच बातचीत का दो ऑडियो शुक्रवार को वायरल हुआ था।

गहरे गड्ढे में भरे पानी में नहाने गए छात्र की डूबकर मौत

बीकेटी, लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र के सरकपुर सरैंया गांव में रविवार को रास्ते के किनारे मिट्टी खुदाई के बाद बने गहरे गड्ढे में भरे बरसाती पानी में नहाने गए 12 वर्षीय एक बच्चे की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने बच्चे को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मची है। मिली जानकारी के अनुसार, सरकपुर सरैंया गांव निवासी नन्हे कनौजिया पेशे से किसान हैं। उनका छोटा बेटा 12 वर्षीय समर कनौजिया एक निजी स्कूल में कक्षा सातवीं का छात्र था। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण समर सुबह करीब 11 बजे गांव के ही कुछ अन्य बच्चों के साथ घूमने निकला था। सरकपुर सरैंया से पुरवा जाने वाले रास्ते के किनारे पूर्व में हुई मिट्टी की खुदाई के कारण गहरे गड्ढे बने हुए थे, जिनमें बारिश का पानी भरा हुआ था। उमस और गर्मी से राहत पाने के लिए समर अपने दोस्तों के साथ उसी गड्ढे में नहाने लगा।नहाते-नहाते समर अचानक गड्ढे की गहराई में चला गया। पानी गहरा होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और डूबने लगा। उसे डूबता देख साथ में नहा रहे बच्चों के होश उड़ गए।

डरे-सहमे बच्चों ने तुरंत दौड़कर समर के घर और ग्रामीणों को हादसे की सूचना दी। खबर मिलते ही समर के माता-पिता और बड़ी संख्या में ग्रामीण रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद समर को पानी से बाहर निकाला। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। परिजन उसे तुरंत रामसागर मिश्र अस्पताल ले गए। वहाँ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद समर को मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई 14 वर्षीय अभय ने बताया कि, रविवार को वह अपने पिता के साथ खेत में फसल को पानी देने गया था, जबकि समर घर से दोस्तों के साथ खेलने की बात कहकर निकला था।इस हादसे के बाद समर की मां और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

सोमवार, 18 मई 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, द्वितीया

युवा बेरोजगार : कौन जिम्मेदार?

भारत में युवा बेरोजगारी आज सबसे गंभीर संकट बन चुकी है। 18 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के करोड़ों युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं, जबकि उनके पास न तो पर्याप्त अवसर हैं और न ही सही दिशा। CMIE और NSSO के आंकड़ों के अनुसार, युवा बेरोजगारी की दर अक्सर 15-20 प्रतिशत के आसपास रहती है, जो शिक्षित युवाओं में और भी अधिक है। स्नातक और स्नातकोत्तर युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं, आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं और मंथन का विषय बन गया है कि आखिर जिम्मेदार है कौन? सबसे पहले दोष सरकारों का है। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक की विभिन्न सरकारें जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा सुधार और रोजगार सृजन में नाकाम रहीं। औद्योगिक नीतियां अस्थिर रही हैं। 'मेक इन इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसे कार्यक्रमों की घोषणाएं भले ही हुईं, लेकिन जमीन पर उनका असर न के बराबर ही रहा। श्रम कानूनों की जटिलता, उच्च कर दरें और नौकरशाही की रुकावटें निवेशकों को दूर रखती हैं। नतीजतन, छोटे और मध्यम उद्योग, जो सबसे अधिक रोजगार सृजन करते हैं, संघर्ष कर रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखा जाना और चुनावी वादों तक सीमित रह जाना समस्या को और गहरा करता है। दूसरा बड़ा दोष हमारी शिक्षा व्यवस्था का भी है। हमारी शिक्षा प्रणाली अभी भी रट्टा मारने और डिग्री केंद्रित है। व्यावसायिक कौशल, क्रिटकल थिंकिंग, समस्या समाधान और उद्यमिता पर जोर नहीं दिया जाता। इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की लाखों डिग्रियां हर साल निकल रही हैं, लेकिन उद्योग इनमें से अधिकांश को अनस्किल्ड मानते हैं। आईटी और सेवा क्षेत्र में मंदी आने पर यह खामी खुलकर सामने आ गई। विश्वविद्यालय और कॉलेजों में उद्योग-एकेडेमिया लिंकेज की भारी कमी है। परिणामस्वरूप, युवा डिग्रीधारी बेरोजगार बनकर रह जाते हैं। तीसरा दोष समाज और अभिभावकों का भी है। हम अभी भी सरकारी नौकरी या पारंपरिक करियर को ही सम्मान देते हैं। उद्यमिता को जोखिम भरा मानकर हतोत्साहित किया जाता है। लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में साल-दर-साल उम्र गंवा रहे हैं, जबकि निजी क्षेत्र या स्टार्टअप में अवसर तलाशने की हिम्मत कम दिखाते हैं।फिर भी, युवाओं को पूरी तरह बरी नहीं किया जा सकता। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करना, मेहनत से बचना, सॉफ्ट स्किल्स पर ध्यान न देना और तत्काल अमीरी की चाह कई युवाओं की कमजोरी है। वैश्विक मंदी, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी चुनौतियां भी रोजगार बाजार को बदल रही हैं, जिनके लिए युवा तैयार नहीं हैं। जिम्मेदारी का बंटवारा स्पष्ट है, सरकार को श्रम कानूनों को सरल बनाना चाहिए, एमएसएमई को बढ़ावा देना चाहिए, कौशल विकास को प्रभावी बनाना चाहिए और निवेश मित्र नीतियां लागू करनी चाहिए। शिक्षा प्रणाली में बड़े सुधार जरूरी हैं कि पाठ्यक्रम को उद्योग-उन्मुख बनें, अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देना और रिसर्च पर निवेश करना होगा। उद्योगों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। वे सिर्फ शिकायत न करें, बल्कि ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाएं और युवाओं को मौका दें। युवाओं को भी बदलना होगा, नौकरी को छोड़ उद्यमिता को अपनाएं, निरंतर सीखें और धैर्य रखें। परिवारों को भी बच्चों को सपनों के पीछे नहीं, वास्तविकता के साथ खड़ा होना सिखाना होगा। युवा बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक विस्फोटक है। अगर इसे समय रहते नहीं रोका गया तो लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र की प्रगति सभी खतरे में पड़ जाएंगे। यह समय आरोप, प्रत्यारोप का नहीं, सामूहिक प्रयास और ठोस कार्रवाई का है। सरकार, शिक्षा संस्थान, उद्योग और युवा, सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। तभी 'देमोग्राफिक डिविडेंड' वरदान बनेगा, अन्यथा अभिशाप बन जाएगा।

ट्रंप की चीन यात्राः बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले



तनवीर जाफरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत 13-14 मई को चीन का बहुप्रतीक्षित दौरा किया। विश्व की इन दोनों महाशक्तियों के प्रमुखों की मुलाकात पर पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई थीं। खासकर अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे तनाव के बीच इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा था।

दुनिया की नजरें इस बात पर भी टिकी थीं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोकि अनेक फ्राँस, ब्रिटेन व यूक्रेन जैसे कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ अपनी असामान्य हरकतों से पेश आने व असहज करने वाले बयानों के लिये सुर्खियों में रहते हैं, आखिर चीन में उनकी भाषा, रवैय्या व बर्ताव कैसा रहेगा। बहरहाल, जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के आगमन पर दुनिया के तमाम देश अपनी पलकें बिछाये रहते हैं और प्रायः अमेरिकी राष्ट्रपति के समकक्ष ही हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हैं वहीं बीजिंग में उनके स्वागत के लिये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग स्वयं नहीं पहुंचे बल्कि उपराष्ट्रपति हान झेंग ने राष्ट्रपति ट्रंप का स्वागत किया। हान झेंग हालांकि सीधे तौर पर चीन के विदेश मंत्री नहीं हैं परन्तु विदेश मामलों में उनकी भूमिका मुख्यतः कूटनीतिक प्रतिनिधित्व, उच्च-स्तरीय मुलाकातें और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की होती है।

ट्रंप और जिनपिंग के बीच बीजिंग में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान घटी एक असामान्य घटना ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी तरफ खींचा। बैठक के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अपने स्थान से उठने के बाद ट्रंप ने शी जिनपिंग के पास रखी उनकी व्यक्तिगत डायरी के पन्ने पलट कर चुपके से झांकने की कोशिश की। निजी ताक-झांक की इस हरकत को विशेषज्ञों व अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा ट्रंप की व्यक्तिगत शैली से जोड़कर देखा गया। इस घटना को दस्तावेज या नोट में बिना पूछे झांकना, दूसरे नेता को पलायन या नियंत्रण की स्थिति में दिखाना और संवाद-दौरे के दौरान नर्म दबाव बनाने की चाल चलना आदि के रूप में भी परिभाषित किया गया। दुनिया ने चीन दौरे के दौरान उसी राष्ट्रपति ट्रंप राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बॉडी लैंग्वेज पर भी नजर रखी।

राष्ट्रपति ट्रंप चीन में अत्यंत संतुलित भाषा का प्रयोग करते और अपने चीनी समक्ष के सामने पूरी नरमी से पेश आते दिखाई दिये। अपनी चीन यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई स्तरों पर बयान जारी किए गए जिनमें इस यात्रा को 'ऐतिहासिक' और 'सफल' बताया गया। ट्रंप ने अमेरिका वापस लौटने के बाद कहा कि शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक को इतिहास

में दो महान शक्तियों (G-2) की ऐतिहासिक मुलाकात के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने इस मुलाकात को अविस्मरणीय भी कहा।

उन्होंने बताया कि यह दो महान देशों के नेताओं की मुलाकात थी। चीन यात्रा के बाद ईरान पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों यह मानते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को 'तुरंत खोलना' जरूरी है। परन्तु यह बात ट्रंप ने अमेरिका जा कर तो कही जबकि चीन की ओर से अपने बयान में इस बात का कोई जिक्र नहीं हुआ। ट्रंप ने अपनी इस यात्रा को 'सौदेबाजी की सफलता' और अमेरिकी उद्योगों के लिए बड़े अवसर के रूप में भी पेश किया। उधर चीन की ओर से ट्रंप को ताइवान को लेकर सख़्त शब्दों में चेतावनी दी गयी जिसके बाद ताइवान मुद्दे पर ट्रंप की भाषा और रुख दोनों ही बदल गये। ट्रंप की यात्रा के बाद चीन ने अपनी 'रेड लाइन' को दोहराया और खासकर ताइवान मुद्दे पर अपना सख़्त लहजा रखा। चीनी विदेश मंत्रालय और राष्ट्रपति पक्ष के बयानों में ताइवान को अपना 'अविभाज्य हिस्सा' बताया गया और यह चेतावनी दी गई कि अगर अमेरिका ने ताइवान के साथ सैन्य-रणनीतिक संबंध बनाए या ताइवान को अधिक हथियार बेचे, तो यह दोनों ताकतों के बीच 'टकराव और यहां तक कि संघर्ष' को न्यौता दे सकता है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप के समक्ष चेतावनी भरे अंदाज में स्पष्ट शब्दों में जोर देकर कहा कि ताइवान मुद्दा पूरी तरह चीन का 'आंतरिक मामला' है और किसी बाहरी ताकत को इसमें हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, अगर इसे सही तरीके से नहीं संभाला गया तो दोनों देश टकराव या यहां तक कि संघर्ष की स्थिति में पहुंच सकते हैं। संभवतः यह पहला अवसर था जबकि किसी राष्ट्राध्यक्ष ने अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष चेतावनी भरे लहजे में 'टकराव और संघर्ष' की बात कही हो।

चीन की इस चेतावनी के बाद जो अमेरिका व्यवहार में ताइवान को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक व सैन्य सहयोगी मानता आया है, उसे चीन से अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार देता है और चीन के विरोध के बावजूद उसकी स्वतंत्र-जैसी स्थिति को बनाए रखने के लिए रणनीतिक तौर पर समर्थन देता है। उसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान को चीन से वापसी के बाद अब औपचारिक रूप से ताइवान को आजादी का ऐलान करने के खिलाफ चेतावनी दे दी है। ट्रंप ने कहा है कि मैं नहीं चाहता कि कोई स्वतंत्रता की ओर बढ़े। ट्रंप ने यह भी कहा कि सोचिए, हमें युद्ध लड़ने के लिए 9,500 मील दूर जाना पड़ेगा। मैं ऐसा नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि हालात शांत हों। मैं चाहता हूं कि चीन भी शांत रहे। गौरतलब है कि जो अमेरिका कानूनी तौर पर ताइवान को आत्मरक्षा के लिए संसाधन मुहैया कराने के लिए बाध्य था उसी अमेरिका को चीनी राष्ट्रपति की चेतावनी के बाद चीन के साथ कूटनीतिक संबंध बनाए रखने के कारण अब संतुलन साधना पड़ रहा है। उधर चीन स्पष्ट रूप से ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है। और वो ये भी कहता रहता है कि जरूरत पड़ने पर वह बल प्रयोग से उसे अपने अधीन कर सकता है।

चीन ने ईरान युद्ध को लेकर भी अमेरिकी रुख का समर्थन करने के बजाये इसे इस तरह की लड़ाई बताया जो मूल रूप से होनी ही नहीं चाहिए थी गोया अमेरिका-इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया युद्ध। चीन ने अमेरिका और ईरान के बीच जल्द समाधान की जरूरत पर भी जोर दिया। व्यापारिक स्तर पर भी ट्रंप को उतनी बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई जितनी उम्मीद की जा रही थी। क्योंकि उनके साथ एलन मस्क,टिम कुक,जेन्सेन हुआंग,संजय मेहरोत्रा,केली ऑर्टबर्ग जैसे विश्व के 17 प्रमुख अमेरिकी उद्योगपति और कॉर्पोरेट अधिकारी बीजिंग गए थे। कुल मिलाकर ट्रंप को बीजिंग से जहां ताइवान को लेकर चेतावनी मिली वहीं ईरान मामले को लेकर भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका। ट्रंप की इस यात्रा के लिये बस यही कहा जा सकता है कि 'बड़े बे आबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले'।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं संग्रहालय

बाल मुकुंद ओझा

अतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हर साल 18 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 की थीम बंटी हुई दुनिया को एकजुट कर रहे हैं संग्रहालय रखी गई है। दुनिया भर में सैंकड़ों की संख्या में संग्रहालय स्थापित है जो बच्चे से बुजुर्ग तक को हमारी पुरातन विरासत, संस्कृति, कला आदि को समाज से जोड़े रखने तथा उन्हें संरक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संग्रहालय या म्यूजियम एक ऐसा संस्थान है है जो समाज की सेवा और विकास के लिए जनसामान्य के लिए खोला जाता है। इसमें पृथ्वी, मानव और पर्यावरण की विरासतों के संरक्षण के लिए उनका संग्रह, शोध, प्रचार या प्रदर्शन किया जाता है जिसका उपयोग शिक्षा, अध्ययन और मनोरंजन के लिए होता है। संग्रहालय की समाज के विकास में अहम भूमिका है, क्योंकि संग्रहालय में ही हमारे इतिहास के दर्शन होते हैं। विश्व के प्रतिष्ठित संग्रहालयों में लौवर संग्रहालय पेरिस, स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन, वाशिंगटन, डीसी ब्रिटिश संग्रहालय लंदन, मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट, न्यूयॉर्क वेटिकन संग्रहालय, वेटिकन सिटी एक्रोपोलिस संग्रहालय, एथेंस, राष्ट्रीय पैलेस संग्रहालय, ताइप हर्मिटेज संग्रहालय, सेंट पीटर्सबर्ग नृविज्ञान का राष्ट्रीय संग्रहालय, मेक्सिको सिटी और उफीजी गैलरी, फ्लोरेंस शामिल है। इन पंक्तियों के लेखक ने लंदन स्थित विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश संग्रहालय और साइंस म्यूजियम का भ्रमण किया है जहाँ हजारों की संख्या में देशी और विदेशी लोग प्रतिदिन संग्रहालयों को देखने आते है। ब्रिटिश संग्रहालय ब्रिटेन की राजधानी लंदन में स्थित दुनिया का एक बड़ा सार्वजनिक संस्थान है। 1753 में स्थापित, ब्रिटिश संग्रहालय दुनिया के सांस्कृतिक खजाने में से एक है। दुनिया के इस सब से महान मानवीय इतिहास, कला, संस्कृति और सभ्यता के संग्रहालयों में से एक माना जाता है। इसे दुनिया के सबसे बड़े संग्रहालय का दर्जा प्राप्त है। इसके स्थाई संग्रह में 80 लाख से अधिक वस्तुएँ हैं जो हर महाद्वीप से लाई गई हैं और मनुष्य जाति की शुरूआत से आजतक की संस्कृति का ज्वलंत दिग्दर्शन कराती है। लंदन के नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम को दुनिया के सबसे बेहतरीन म्यूजियमों में गिना जाता है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन स्थित नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम में पृथ्वी के विकास की कहानी प्रदर्शित की गई है। यह म्यूजियम अनगिनत ऐतिहासिक वस्तुओं और कलाकृतियों के लिए मशहूर है। म्यूजियम में मानव के विकास सहित धरती के भौगोलिक और प्राकृतिक विकास से सम्बंधित हर पहलु की जानकारी उपलब्ध है। रोचक और सजीव ढंग से प्रदर्शित किया गया है कि पृथ्वी पर मानव जीवन से पहले विशाल और शक्तिशाली जीव थे जो बाद में विलुप्त हो गए और अब उनके जीवाश्म हमारे लिए संरक्षित रखे गए है। दुनिया के इतिहास की जानकारी जानने के इच्छुक लोगों विशेषकर बच्चों के लिए डायनासोर के जीवाश्म की एक पूरी गैलरी यहाँ मौजूद है।

प्राचीन सभ्यताओं से लेकर 21वीं सदी तक फैले 38,000 से अधिक कलाकृतियों के साथ लौवर संग्रहालय पेरिस मानव रचनात्मकता और कल्पना का खजाना है। वाशिंगटन, डीसी में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहालय, शिक्षा और अनुसंधान परिसर है, जिसमें 19 संग्रहालय और गैलरी, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान और नौ अनुसंधान सुविधाएं शामिल हैं। मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट, न्यूयॉर्क में प्राचीन मिस्र की कलाकृतियों से लेकर समकालीन चित्रों और मूर्तियों तक का प्रदर्शन है। वेटिकन सिटी में वेटिकन संग्रहालय संग्रहालयों और दीघाओं का एक संग्रह है जिसमें दुनिया की कुछ सबसे मूल्यवान और महत्वपूर्ण कला और कलाकृतियाँ हैं। संग्रहालयों के संग्रह में माइकल एंजेलो, राफेल और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ प्राचीन रोमन और मिस्र की कलाकृतियां शामिल हैं। एथेंस, ग्रीस में एक्रोपोलिस संग्रहालय, प्राचीन गढ़ और इसके चारों ओर के स्मारकों को समर्पित है, जिसमें पार्थेनन, एथेना नाइके का मंदिर और एराचेथियोन शामिल हैं। ताइपेई, ताइवान में राष्ट्रीय पैलेस संग्रहालय, चीनी कला और कलाकृतियों के दुनिया के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण संग्रहालयों में से एक है। संग्रहालय में प्राचीन चीनी चित्रों, मिट्टी के बर्तनों, सुलेख, और जेड नक्काशियों सहित 700,000 वस्तुएँ प्रदर्शित है। सेंट पीटर्सबर्ग, रूस में हर्मिटेज संग्रहालय, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध कला संग्रहालयों में से एक है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

भाजपा का अगला प्रोजेक्ट पंजाब !

कृष्णेन्द्र राय

बदला बदला मौसम है ।
बदला है नजारा ।।
बदल चुका लक्ष्य अब ।
समझो ना इशारा ।।
उतरे हम मैदान अब ।
पंजाब है हमारा ।।
धीरे धीरे काम अब ।
चालू हुआ है ।
सबने ये माना ।।
पार्टी भी बेकरार ।
मुश्किल ये बताना ।।
कोई भी अब ना जाने ।
क्या क्या हम कर गये ।।
ठान लिया अब हमने ।
पंजाब लगे प्यारा ।।
चाहती बदलाव जनता ।
हम ही हैं सहारा ।।

उर्वरक उपयोग में 50 प्रतिशत कमी से खेती-किसानी में आएगा क्रान्तिकारी बदलाव

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देशवासियों से किये गए सात आग्रहों में से एक आग्रह रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का आग्रह है। इसमें कोई दो राय नहीं कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुध उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर गत कई सालों से गंभीर आग्रह किये जा रहे हैं।

प्रति हैक्टेयर कृषि उत्पादन सेचुरेशन स्तर पर पहुंच गया है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी और जल प्रदूषण उच्च स्तर पर पहुंच गया है तो रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से केंसर जैसी बीमारियों का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। होना तो यहां तक लग गया है कि अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन वाले किसान और प्रदेश अपने दैनिक उपभोग के लिए जैविक खाद्यान्न या अन्य प्रदेशों के खाद्यान्न के उपयोग पर जोर देने लगे हैं। इसके साथ ही यह भी एक तथ्य है कि देश में लाख प्रयासों के बावजूद रासायनिक उर्वरकों का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है। विदेशों से 979 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में से ईंधन के बाद बहुत अधिक आयात राशि उर्वरकों पर भी व्यय होती है। देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है तो 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेषों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है। मजे की बात यह भी है कि यूरिया की आयात निर्भरता तो करीब 25 प्रतिशत तक है पर यूरिया उत्पादन के लिए काम में आने वाली प्राकृतिक गैस की जरुरत करीब 80 प्रतिशत तक विदेशों से आयात से ही संभव हो पाती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार रासायनिक उर्वरकों पर दो लाख करोड़ के आसपास अनुदान राषि दी जा रही है।

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री का आग्रह है कि 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद का उपयोग बढ़ाकर किसान बड़ा सहयोग दे सकते हैं। जून 2023 में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। योजना के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के तीन साल के औसत उपयोग से खपत कम करने पर अनुदान के रुप में बचाई गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रुप में देने की व्यवस्था की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि गांवों में वैकल्पिक उर्वरक यानी जैविक खाद उत्पादन व तकनीक के विस्तार पर व्यय करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं 30 प्रतिशत राशि रासायनिक उर्वरकों की खपत करने के लिए काश्तकारों को जागरुक करने, अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने आदि पर व्यय करने का प्रावधान है। विषेषज्ञों का मानना है कि फर्मेंटेड खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की खपत में अच्छी खासा कमी लाई जा सकती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फर्मेंटेड खाद मिलाने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री बीजेयूआर कार्यक्रम के तहत मिट्टी की जांच का जो व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसका उद्देश्य भी यही है कि खेत की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग किया जाए। अंधाधूंध उपयोग को रोक कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाएं रखना है।

एक बात तो लगभग सबके संज्ञान में आ गई है कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण खेतों की मिट्टी की उपजाउ क्षमता प्रभावित हो रही है तो भूजल का अत्यधिक दोहन होने से भू जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है वहीं रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के कारण खतरनाक स्तर पर प्रदूषित हो रहा है। जैविक विविधता प्रभावित हो रही है तो खेती के सहायक कीटनाशकों का अस्तित्व ही समाप्त होने को है। इसके अलावा खाद्यान्नों के विषैला होने व इन खाद्यान्नों के उपयोग से बीमारियों का दायरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इतना सबकुछ होने के बावजूद रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी ही हो रही है। 2025-26 के आंकड़ों की ही बात करें तो यूरिया में 138 प्रतिशत, डीएपी के उपयोग में 94 प्रतिशत और एनपीके के उपयोग में 83 प्रतिशत के आसपास बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आग्रह के निहितार्थ को समझना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आग्रह इस मायने में बहस का मुद्दा नहीं होना चाहिए कि सरकार देश की जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रही। अपितु गंभीर चिंतन की बात यह है कि हम परंपरागत खेती या जैविक खेती को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ी और जल-मिट्टी, वायु के प्रदूषण को कम करने में भागीदार बन सकते हैं। केवल 10 प्रतिशत फर्मिंटेंड खाद मिलाने से ही बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव देखा जा सकता है। 50 प्रतिशत तक आयात निर्भरता कम की जा सकती है। आज हम रुस, ओमान, सउदी अरब, मोरक्को, चीन आदि पर उर्वरकों के आयात के लिए निर्भर है। और अरबो डालर आयात पर खर्च करके भी प्रदूषण और सेहत से खिलवाड़ पा रहे हैं। हांलाकि आज अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आसन्न संकट को देखते हुए दूरदृष्टि पूर्ण 7 आग्रहों को प्रतिपक्ष आलोचना के स्तर पर ले रहा है पर यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम प्रणाम कार्यक्रम जून 23 से चलाया जा रहा है तो पीएमबीजेयूआर कार्यक्रम जो कि खेत की मिट्टी की जांच से जुड़ा कार्यक्रम है वर्षों से जारी है। इसके साथ ही आज कृषि वैज्ञानिक बार बार आग्रह कर रहे हैं कि उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग घातक स्तर पर पहुंच रहा है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

गजल

चोट पहुँचाने के आये काम पत्थर,
कितना पछताते हैं सुब्हो-शाम पत्थर।

लग गये क्या हाथ वे दंगाइयों के,
देखिए नाहक हुए बदनाम पत्थर।

रात आयी सोगये चट्टान पर हम,
कितना पहुँचाते रहे आराम पत्थर।

नाम सीने पर लिखाकर जपरहे हैं,
नित्य सीता राम, राधे श्याम ,पत्थर।

दी है कुदरत ने इन्हें सेहत गजब की,
उम्रभर खाते नहीं बादाम पत्थर।

मत करो ताकत का इस्तेमाल बेजा,
देरहे हैं रातदिन पैगाम पत्थर।

किस कदर इतरा उठे किस्मत पे अपनी, आगये प्रभु राम के जब काम पत्थर।

राजमूर्ति 'सौरभ'

आज का राशिफल

मेष- कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

वृष- अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

मिथुन- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

कर्क- संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह- अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें।

कन्या- कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें।

तुला- माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

वृश्चिक- पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

धनु- स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

मकर- अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कुंभ- कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

मीन- शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

सूडोकु नवताल- 7798

★★★★★ कठिनतम

		4			9			
	2			8	4			
8						3		
							9	4
	3						7	
5	6							
		7						9
			2	5			8	
			6			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7797 का हल

5	9	1	2	8	4	3	6	7
6	4	2	3	5	7	9	1	8
8	3	7	9	6	1	4	2	5
4	7	5	8	2	6	1	9	3
3	6	9	7	1	5	8	4	2
1	2	8	4	3	9	7	5	6
7	5	6	1	9	8	2	3	4
9	8	3	5	4	2	6	7	1
2	1	4	6	7	3	5	8	9

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

वैश्विक चुनौतियों के प्रति अलख जगाएं एमपीएसपी की संस्थाएं : मुख्यमंत्री

ईंधन संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का अनुसरण करना राष्ट्रीय दायित्वः सीएम योगी

समाज और राष्ट्र हित में संस्थाओं को बनाएं युगानुकूल परिवर्तन का वाहक : सीएम

गोरखपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं का आह्वान किया है कि वे पश्चिम एशिया संघर्ष सहित वर्तमान वैश्विक चुनौतियों के प्रति समाज में अलख जगाएं। सभी संस्थाओं के शिक्षक और कर्मचारी वर्तमान समय में अति आवश्यक ईंधन संरक्षण और विदेशी मुद्रा व्यय कम करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का अनुसरण करें। यह समयानुकूल राष्ट्रीय दायित्व है।

ऊर्जा संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों के जरिये उनके परिवारों और समूचे समाज को जागरूक करने का व्यापक अभियान शुरू करें। सबके मन में राष्ट्र प्रथम का भाव होगा तो हर चुनौती का आसानी से सामना किया जा सकेगा। उन्होंने सरकार के कर्मयोगी पोर्टल की तरह एक प्लेटफार्म बनाकर एमपीएसपी के संस्थाओं के शिक्षकों और कर्मचारियों के अपडेट प्रशिक्षण का खाका तैयार करने की भी निर्देश दिए। सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद (एमपीएसपी) की सभी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ संस्थाओं की गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में सभी संस्थाओं के प्रमुखों ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये वार्षिक प्रतिवेदन और आगामी कार्ययोजना की जानकारी साझा की। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर ने एमपीएसपी की सभी संस्थाओं के प्रमुखों का आह्वान किया कि वे अपनी दायित्व वाली संस्थाओं को समाज और राष्ट्र हित में युगानुकूल परिवर्तन का वाहक बनाएं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव से देश के समक्ष भी ईंधन और विदेशी मुद्रा से जुड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने में शिक्षण संस्थाओं को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। संस्थाओं के सभी कार्मिक ईंधन बचाने के उपायों को अपनाएं। विद्यार्थियों को भी पेट्रोलियम पदार्थों के कम उपयोग, विद्युत ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करें। विद्यार्थी जब जागरूक होगा तो उसका असर परिवारों और घरों पर भी पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं के शिक्षकों और कर्मचारियों को खुद को हमेशा सम य के अनुरूप अपडेट करते रहना होगा। इसके लिए सरकार के कर्मयोगी पोर्टल की तरह एक प्लेटफार्म बनाया जा सकता है जहां सभी कार्मिकों को वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा समय और समय से आगे चलने वाली प्रौद्योगिकी को कार्य व्यवहार में अपनाने से कार्य आसान हो जाता है। **हर संस्था का हो सुस्पष्ट ध्येय** सीएम योगी ने कहा कि जैसे जीवन सिर्फ औपचारिकता नहीं है, उसी तरह कोई संस्था भी औपचारिकता मात्र नहीं है। संस्था का एक सुस्पष्ट ध्येय होना चाहिए। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें। लकीर का फकीर बनने की बजाय हर संस्था सामूहिक प्रयास से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन, समय पालन और नवाचार करते हुए खुद की एक बुलंद पहचान बनाए। **एमपीएसपी की नींव में ही राष्ट्रीयता की भावना** समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने एमपीएसपी की हर संस्था के लिए उत्कृष्ट परिसर संस्कृति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय या अस्पताल खोलने वाली संस्था नहीं है।

जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

गोरखपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन की जिला कमेटी की बैठक पार्टी जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा डीजल-पेट्रोल के दामों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना की गई तथा बढ़े हुए शुल्क को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि लगातार बढ़ती महंगाई से किसान, खेत मजदूर, मेहनतकश और आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है। बैठक में अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के आगामी जिला सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि खेत मजदूर सभा का जिला सम्मेलन 14 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारी के लिए 20 मई से 10 जून तक गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत खेत मजदूरों के बीच व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर 10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

बैठक में पार्टी राज्य स्थायी समिति के सदस्य राजेश साहनी ने कहा कि मजदूरों, किसानों और गरीबों के सवालों पर संघर्ष को तेज करने की जरूरत है तथा गांवों में संगठन को मजबूत करना समय की मांग है। बैठक में लोकल कमेटी सचिव विनोद भारद्वाज, नंदू प्रसाद, सुधामा भारती, जिला कमेटी सदस्य सुग्रीव निषाद निषाद, वरिष्ठ नेता हरिद्वार प्रसाद, महानगर एरिया कमेटी के सचिव कामरेड बजरंगी निषाद, एडवोकेट सुभाष पाल तथा डॉक्टर बांसगांव के प्रभारी डॉ. पी.एन. सिंह शामिल रहे।

गोसेवा में रमे सीएम योगी गोवंश को खिलाया गुड़

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह जनता दर्शन लगाकर जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा में भी रम रहे। उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और उन्हें गुड़ खिलाया। गर्मी को देखते हुए, गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर रविवार प्रातः काल सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही।



उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां गोवंश को गुड़ खिलाकर गोसेवा की।

अब चार श्रेणियों में मिलेगी प्वाइंट्समैन को पदोन्नति

गोरखपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। भारतीय रेलवे स्तर पर अब प्वाइंट्समैन की चार श्रेणियों में 'पदोन्नति हो सकेगी। नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन रेलवे (एनएफआइआर) और आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआइआरएफ) की मांग पर रेलवे बोर्ड ने प्वाइंट्समैन कैडर का पुनर्गठन सुनिश्चित कर दिया है। अब प्वाइंट्समैन लेवल वन और टू की जगह चार श्रेणियों में पदोन्नति पा सकेंगे। रेलवे बोर्ड की नई गाइडलाइन पर कर्मचारियों में खुशी है। कर्मचारी संगठनों ने रेलवे बोर्ड के इस निर्णय का स्वागत किया है। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ (पीआरकेएस) के महामंत्री विनोद कुमार राय का कहना है कि यह एनएफआइआर और पीआरकेएस के संघर्षों की जीत है। इससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

4 करोड़ से बनेगा सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित 'सेंटर फार रिसर्च एक्सीलेंस इन सेमीकंडक्टर टेक्नोलाजी' न केवल आधुनिक शोध का केंद्र बनेगा, बल्कि पूर्वांचल को हाईटेक अनुसंधान की नई दिशा भी देगा। चार करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि से बनने वाले इस अत्याधुनिक केंद्र में मेमोरी चिप, सोलर सेल, एलईडी और अन्य सेमीकंडक्टर डिवाइस के डिजाइन, निर्माण और परीक्षण पर काम किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य की तकनीकी जरूरतों के अनुरूप तैयार किया है।

सेंटर में वीएलएसआइ डिजाइन, एंबेडेड सिस्टम, नैनो इलेक्ट्रानिक्स और चिप डिजाइन के लिए अलग-अलग प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। यहां विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अत्याधुनिक तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। प्रस्तावित केंद्र में उच्च क्षमता वाले सर्वर, एफपीजीए किट, डिजाइन साफ्टवेयर और चिप परीक्षण उपकरण लगाए जाएंगे।

चरणबद्ध तरीके से क्लीन रूम लैब की स्थापना भी की जाएगी, जहां सूक्ष्म स्तर पर चिप निर्माण और परीक्षण संभव हो सकेगा। विश्वविद्यालय इस केंद्र के विस्तार के लिए भारत सरकार की सेमीकंडक्टर मिशन योजना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा विभिन्न उद्योगों से सहयोग प्राप्त करने का प्रयास करेगा। अगले चरण में केंद्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सेमीकंडक्टर डिवाइस विकसित करने की योजना भी है। भविष्य में यहां फेब्रीकेशन तकनीक पर भी काम किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह केंद्र पूर्वांचल में इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योगों के विकास की मजबूत नींव तैयार करेगा।संचालित होंगे माइनर कोर्स विश्वविद्यालय की ओर से सेमीकंडक्टर तकनीक को लेकर माइनर कोर्स पहले ही तैयार किया जा चुका है। इस कोर्स के तहत विद्यार्थी 20 क्रेडिट पूरा कर संबंधित तकनीक में माइनर डिग्री हासिल कर सकेंगे। सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना के बाद इस पाठ्यक्रम को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

बड़हलगंज, 17 मई (तरुणमित्र)। गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री स्थानीय विद्यालय में पढ़ाई करती है। आरोप है कि क्षेत्र का एक युवक, जो परिवार के यहां पहले से आता-जाता था, देर रात छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन छात्रा का पता नहीं चल सका। परिजनों की शिकायत पर बड़हलगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सुनिल राय का कहना है कि छात्रा की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है तथा मामले की जांच जारी है

एम्स गोरखपुर, छात्रों को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का मिलेगा प्रशिक्षण

गोरखपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। एम्स गोरखपुर के शल्य चिकित्सा विभाग में शनिवार को प्रथम पोस्टग्रेजुएट एंडो-ट्रेनर स्किल लैब का उद्घाटन किया गया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. विभा दत्ता ने पुरुष सर्जरी वार्ड में इस अत्याधुनिक सुविधा का शुभारंभकिया। यह लैब लेप्रोस्कोपिक और न्यूनतम चीरा शल्य चिकित्सा के प्रशिक्षण को नया आयाम देगी। एंडो-ट्रेनर आधारित इस स्किल लैब में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को वास्तविक शल्यक्रिया से पहले सिमुलेशन तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे प्रशिक्षु चिकित्सक उपकरणों के संचालन, हाथों के समन्वय और जटिल प्रक्रियाओं की बारीकियों को सुरक्षित वातावरण में सीख सकेंगे। उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों को उपकरणों का सजीव प्रदर्शन कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, लेप्रोस्कोपिक एवं न्यूनतम चीरा शल्य चिकित्सा के कई लाभ हैं। इसमें शरीर पर बड़ा चीरा नहीं लगाना पड़ता, जिससे रक्तस्राव कम होता है और संक्रमण की आशंका भी घटती है। इस तकनीक से रोगियों को अपेक्षाकृत कम दर्द होता है और वे तेजी से ठीक होते हैं। यह पीजी स्किल लैब सर्जिकल स्पेशियलिटी के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को लेप्रोस्कोपिक एवं मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। एम्स गोरखपुर की यह पहल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में आधुनिक तकनीकों को शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भविष्य में मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के क्षेत्र में बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर एम्स गोरखपुर के सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष एडिशनल प्रोफेसर डॉ. गौरव गुप्ता सहित विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र पिपल, डॉ. मुकुल सिंह, डॉ. रवि गुप्ता, डॉ. हरिकेश यादव, डॉ. रजनीश, डॉ. शहनवाज, नर्सिंग अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूपी विधानसभा चुनाव: लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास ने कसी कमर

क्यों मांगे उधार अब अपना नेता तैयार, नारे के साथ चुनाव लड़ने को तैयार

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। आज उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की आहट के साथ सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी प्रदेश में अपने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने में जुट गई है। पार्टी द्वारा लगातार बैठकें आयोजित कर जमीनी पकड़ बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के बड़े-बड़े पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इन पोस्टरों पर लिखा है,_₹ क्यों मांगे उधार अब अपना नेता तैयार₹। इस नारे के जरिए पार्टी स्पष्ट संकेत दे रही है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में किसी गठबंधन के भरोसे नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। संगठन से बूथ तक बैठकों का दौर , प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान के निर्देश पर सभी जिलों में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश, मंडल, जिला और विधानसभा स्तर के बाद अब बूथ स्तर तक कार्यकर्ता सम्मेलन और समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। इन बैठकों में नए कार्यकताओं को जोड़ने, पुराने पदाधिकारियों को सक्रिय करने और मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के अभियान पर विशेष फोकस है। दलित-वंचित वोटबैंक पर नजर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का कोर वोटबैंक दलित, अति पिछड़ा और वंचित समाज माना जाता है। पार्टी का मानना है कि यूपी में यह वर्ग निर्णायक भूमिका में है। ₹अपना नेता तैयार₹ नारे के जरिए पार्टी इसी वर्ग को साधने की कोशिश में है कि अब उन्हें किसी और दल से नेता उधार लेने की जरूरत नहीं है। प्रदेश नेतृत्व का बयान प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान ने बताया, ₹हम 2027 के चुनाव के लिए हर बूथ पर 10 यूथ और 5 महिलाओं की टोली बना रहे हैं। रामविलास पासवान जी के विचारों को घर-घर पहुंचाना है।

अभिषेक शांतिधारा व पूजन से भक्तिमय रहा वातावरण

गोरखपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नंदन भवन असुरन में शताब्दी वर्ष समारोह के दूसरे दिन श्रीपार्श्वनाथ महामंडल विधान (श्री कल्याण मंदिर विधान) आयोजित किया गया। अभिषेक शांतिधारा व नित्य नियम पूजा कर श्रद्धालुओं ने श्रीजी के चरणों में अपनी आस्था व श्रद्धा अर्पित की। चलचित्र के माध्यम से तप की महत्ता को प्रदर्शित किया गया। आरती व भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर रवीन्द्र जैन, दीपेन्द्र जैन, ऋषभ जैन, अमितेन्द्र जैन, डा. भारतेन्द्र जैन, अरिहन्त जैन, श्रेयांश, वर्धमान, श्रेय, अक्षत, सम्यक, आशा, सपना, डा. रुचिका, अर्चना जैन उपस्थित रहीं।

पूर्वांचल के गौरव रहे पंडित हरिशंकर तिवारी

बड़हलगंज, 17 मई (तरुणमित्र)। पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिशंकर तिवारी बहुयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके कार्यकाल में किए गए कार्य आज भी चिल्लूपार में है और कल भी रहेंगे। इसे कोई मिटा नहीं सकता।

उक्त बातें शनिवार को आयोजित पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिशंकर तिवारी की तृतीय पुण्यतिथि पर गोला ब्लाक के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के इंटरमीडिएट के टापर छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को "पं हरिशंकर तिवारी मेधावी छात्र सम्मान" से सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी ने कहा कि यदि ये छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज में पूरी करना चाहते हैं तो उन्हें कॉलेज द्वारा निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। पूर्व सांसद एवं कॉलेज के प्रबंधक कुशल तिवारी ने कहा कि कछार में सड़क का अभाव था किंतु राजनीति में आने के बाद चिल्लूपार की हर गांव की सड़कों को बनाने का कार्य किया। 1998 की बाढ़ में अपनी जान की परवाह किए बिना गांव व जनता को बचाने के लिए लगातार कैंप करते थे। जब तक जीवित रहे चिल्लूपार के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। पूर्व प्रमुख राज बहादुर सिंह, बलिया से आए पूर्व प्राचार्य विश्व प्रकाश मिश्र, अधिवक्ता प्रेम शंकर मिश्र, सपा जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, डॉ देवेंद्र नाभ त्रिपाठी ने कहा कि स्व तिवारी चिल्लूपार की पहचान थे। जो जनता को परिवार समझे वही लोकनायक कहलाता है यही गुण थे पंडित हरिशंकर तिवारी में। सभा की अध्यक्षता कर रहे हैं ।

दुर्गा माता मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण

बडहलगंज, 17 मई (तरुणमित्र)। बड़हलगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मुहालजलकर के खैरवा गांव में माता दुर्गा जी के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस शुभ अवसर पर आज खैरवा गांव सहित क्षेत्र की माता-बहनों, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा खैरवा दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गहिरा घाट राप्ती नदी तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद मां दुर्गा के जयकारों के साथ श्रद्धालु पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे और विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कार्यक्रम के क्रम में आज रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया । वहीं सोमवार सुबह 7:00 बजे माता दुर्गा की प्रतिमा का गांव में भ्रमण कराया जाएगा। इसके उपरांत माता पार्वती के स्थान पर ले जाकर माता पार्वती से मिलाने की परंपरा निभाई जाएगी। शाम को प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा तथा वैदिक रीति-रिवाज के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। पूरे गांव में धार्मिक उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। भाजपा युवा नेता अंगद निषाद,धर्मराज बारी गोपाल बारी विश्वनाथ बारी फुलेंद्र रविंद्र बारी कैलाश गोपाल निगम जनार्दन निगम मोहन निगम नेता निगम उपेंद्र यादव संदीप यादव कल्लू यादव पवन यादव विपुल दुबे शिवहरि ओम हरि आदि लोग उपस्थित रहे।

गाड़ियों का पुनर्निधारण, मार्ग परिवर्तन व नियंत्रण का निर्णय

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के कटिहार-सोनैली एवं कटिहार- कुरेठा खंडो पर दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निधारण, मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण किया जायेगा।

पुनर्निधारण- - आनन्द विहार टर्मिनस से 05 जून, 2026 को चलने वाली 15622 आनन्द विहार टर्मिनस-कामाख्या एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित कर 06 जून, 2026 को 01.25 बजे चलाई जायेगी। - नाहरलगुन से 06 जून, 2026 को चलने वाली 09526 नाहरलगुन-हापा विशेष गाड़ी नाहरलगुन से 09.40 बजे के स्थान पर 12.15 बजे चलाई जायेगी। - नारंगी से 11 जून, 2026 को चलने वाली 05633 नारंगी-गोरखपुर विशेष गाड़ी नारंगी से 13.20 बजे के स्थान पर 18.50 बजे चलाई जायेगी। - कानपुर सेंट्रल से 11 जून, 2026 को चलने वाली 04127-कानपुर सेंट्रल-गुवाहाटी विशेष गाड़ी कानपुर सेंट्रल से 08.00 बजे के स्थान पर 10.00 बजे चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन- - रोहतक से 07 जून, 2026 को चलने वाली 15672 रोहतक-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ठाकुरगंज- पावाखाली के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बारसोई एवं किशनगंज स्टेशनों पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव पूर्णिया जं. एवं ठाकुरगंज स्टेशनों पर दिया जायेगा। - गोमतीनगर से 08 जून, 2026 को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ठाकुरगंज-पावाखाली के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव किशनगंज स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव पूर्णिया जं. एवं ठाकुरगंज स्टेशनों पर दिया जायेगा।-

अजमेर से 08, 09 एवं 11 जून, 2026 को चलने वाली 15716 अजमेर-किशनगंज एक्सप्रेस परिवर्तित मार्गठाकुरगंज-पावाखाली के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव लाभा,आजमनगर रोड, बारसोई एवं डालखोला स्टेशनों पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव पूर्णियाजं. एवं ठाकुरगंज स्टेशनों पर दिया जायेगा।- गुवाहाटी से 08 जून, 2026 को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पावाखाली-ठाकुरगंज के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव किशनगंज स्टेशन पर नहींरहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव पूर्णिया जं. एवं ठाकुरगंज स्टेशनों पर दिया जायेगा। - गुवाहाटी से 10 जून, 2026 को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पावाखाली-ठाकुरगंज के रास्ते चलाई जायेगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव किशनगंज स्टेशन पर नहीं रहेगा तथा इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव पूर्णिया जं. एवं ठाकुरगंज स्टेशनों पर दिया जायेगा। - जम्मूतवी से 12 जून, 2026 को चलने वाली 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग ठाकुरगंज- पावाखाली के रास्ते चलाई जायेगी।

पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 05 जून, 2026 तक चलाये जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के दूसरे दिन 16 मई, 2026 को मुख्यालय एवं मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, कार्यालयों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में, लखनऊ मंडल के गोरखपुर, लखनऊ, बादशाहनगर, ऐशबाग, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों, रेलवे कालोनियों, ऐशबाग पॉलीक्लिनिक तथा मंडल चिकित्सालय में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये गये। इस दौरान स्टेशनों पर पोस्टर, बैनर और डिजिटल संदेशों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रति यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया।

यात्रियों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने पर जोर दिया गया तथा जूट के थैलों का उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। यात्रियों से डिजिटल टिकटिंग और कागज-रहित यात्रा को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। वाराणसी मंडल के बनारस, वाराणसी सिटी, गाजीपुर सिटी, मऊ, देवरिया सदर, भटनी, बलिया, छपरा, सीवान, आजमगढ़ एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर ह्यजलवायु परिवर्तनह्य विषय पर रेल कर्मचारियों एवं स्वच्छता मित्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं पोस्टर, बैनर के माध्यम से जन-जागरूकता रैली निकाल कर यात्रियों को जागरूक किया गया। इस अभियान में मंडल के 200 कर्मचारियों ने भाग लिया। इसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जैसे प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की दिशा में सोशल मीडिया अभियान, पोस्टर और डिजिटल सामग्री के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और रेलवे कर्मचारियों के लिए प्लास्टिक कचरा कम करने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन करना आदि सम्मिलित है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों के बीच प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के बैग के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया तथा यात्रियों को कपड़े के बैग वितरित किए गए। इज्जतनगर मंडल के लालकुआँ, काठगोदाम, रुद्रपुर सिटी, बरेली सिटी, कासगंज, काशीपुर, हल्द्वानी, फर्रूखाबाद, फतेहगढ़, कन्नौज, मथुरा कैंट, इज्जतनगर एवं पीलीभीत स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों को जागरूक किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्टेशनों पर सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक बोतल, कप, कैरी बैग एवं डिस्पोजेबल सामग्री के उपयोग में कमी लाने तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने संबंधी संदेशों, गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया।

सबकी समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता : सीएम योगी

○ जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं

○ सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश - शीघ्रता से करें समस्याओं का निस्तारण

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना

भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं।

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का जिक्र कर बिटिया के विवाह में सहायता देने का अनुरोध किया। सीएम योगी ने जब महिला को प्रति जोड़ा एक लाख रुपये आवंटन वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया तो वह खुश हो गई। महिला ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि योजना का लाभ बिटिया को भी दिला दीजिए। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

शिविर में दिखा छात्रों का उत्साह, 30 ने किया रक्तदान

गोरखपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। महानगर के प्रमुख गुरुद्वारा जटाशंकर में रविवार को श्री गुरुनानक देव रक्तदान सेवा सोसायटी एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तीस लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर स्वस्थ समाज की कामना की और दूसरों को भी रक्तदान सेवा के क्षेत्र में आगे आने को प्रेरित किया। गुरुद्वारा जटाशंकर में शिविर का शुभारंभ धराभाम इंटरनेशनल संस्था के निदेशक डॉ सौरभ पाण्डेय रक्तदान कर किया। शिविर की विशेषता यह रही कि गुरुद्वारा जटाशंकर में प्रतिदिन सेवा कार्यों में लगे मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दर्जनों छात्र छात्राओं ने भी बड़े उत्साहित माहौल में अपने रक्तदान से आयोजन को भव्यता प्रदान किए। शिविर में जहां गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने सभी रक्तदानियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की वहीं अध्यक्ष जसपाल सिंह ने कहा कि रक्तदान एक बड़ी सेवा है।

बालू का काला साम्राज्यः बॉर्डर पर चेकिंग, अंदर सेटिंग

- करोड़ों की राजस्व चोरी में कौन-कौन है शामिल
- बड़े चेहरे हो सकते हैं बेनकाब
- किसके संरक्षण में दौड़ रहीं बिना आईएसटीपी वाली बालू ट्रकें
- सीमा पर सख्ती का शोर, लेकिन मैनेज ट्रकें धड़ल्ले से पार

कुशीनगर, 17 मई (तरुणमित्र)। सूबे के कुशीनगर व पडोसी राज्य बिहार सीमा पर मोरंग और बालू का खेल सिर्फ अवैध खनन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरा मामला सरकारी सिस्टम, पुलिसिया संरक्षण और इंट्री माफियाओं के कथित गठजोड़ की भयावह तस्वीर पेश कर रहा है। ऐसी चर्चा है कि कुशीनगर में हर रात बालू से लदी सैकड़ों ट्रकें बिना आईएसटीपी के सीमा पार कर रही हैं। नतीजतन सार्वजनिक रूप से करोड़ों रुपये का राजस्व की चोरी हो रहा है।

सवाल यह है कि जब सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चल रहा है, तब सेटिंग वाली गाड़ियां आखिर किसके इशारे पर बेरोकटोक दौड़ रही हैं? पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के एक्शन और दो पुलिसकर्मियों के निलंबन के बाद अब यह मामला सिर्फ राजस्व चोरी नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम में फैले कथित भ्रष्टाचार और संरक्षण के नेटवर्क की जांच का विषय बन गया है। बताते कि लगातार मिल रही शिकायतो के बाद पिछले एक पखवाड़े से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार कुशीनगर ने राजस्व चोरी के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। बहादुरपुर चौकी पर चौबीसों घंटे सघन चेकिंग की जा रही है। मगर सवाल यह है कि जब सीमा पर इतनी सख्ती है तो बिना आईएसटीपी कटाए ट्रकें तमकुहीराज, सेवरही और पटहेरवा थाना क्षेत्रों तक कैसे पहुंच रही हैं? 14 मई को सीओ तमकुही के नेतृत्व में की गयी कार्रवाई में बिना आईएसटीपी कटाए घूम रही 10 ट्रकों को पकड़ा गया। करीब पांच लाख रुपये का चालान वसूला गया और सात लोगों पर मुकदमा भी दर्ज हुआ। लेकिन इस कार्रवाई ने सिस्टम की पोल खोल दी। चर्चा सरे आम होने लगी कि बार्डर पर इतना सघन जांच अभियान के बावजूद ये ट्रकें कई थाना क्षेत्रों की सीमा के पार की क्या रास्ते में इन्हें सरकारी संरक्षण मिलता रहा।

एफआईआर में वही नाम दर्ज हुए जिनकी विभाग में है मजबूत पैठ

करीब पांच दिन पहले खनन अधिकारी की तहरीर पर तरया सुजान थाने में 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। आरोप है कि ये लोग बिना आईएसटीपी के ट्रकों को अवैध तरीके से पास कराते थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ, वही लोग खनन विभाग के बेहद करीबी बताए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आरोपियों में एक ऐसा शख्स भी शामिल है, जिसे खनन अधिकारी का ₹ कारखास कहा जाता है।

चर्चा जोरो पर है कि खनन अधिकारी का कारखास कहलाने वाला व्यक्ति खनन अधिकारी के कई गोपनीय राज जानता है और उसी के दम पर पूरे सिस्टम में दखल देता है। यही वजह है कि इलाके में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या एफआईआर सिर्फ दिखावे की कार्रवाई रही है या फिर अंदरखाने में कोई बड़ा खेल चल रहा है?

ड्राइवर, मुंशी और कॉल डिटेल खोल सकती है पूरा राज

बेशक! पूरे मामले में खनन अधिकारी के चालक जितेंद्र और मुंशी सतीश की भूमिका भी चर्चा में है। जानकारों का कहना है कि यदि आरोपियों, चालक और मुंशी के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल, लोकेशन और चैट रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो पूरे इंट्री नेटवर्क का काला सच सामने आ सकता है। बताया जा रहा है कि बिहार सीमा से निकलने वाली ट्रकों की सेटिंग पहले से तय रहती है। कौन सी गाड़ी कहां से निकलेगी, किस चौकी पर किससे बात करनी है, कौन सी गाड़ी पकड़ी जाएगी और कौन सी सुरक्षित निकलेगी, सब कुछ एक सुनियोजित नेटवर्क के तहत संचालित होता है।

कमजोर ट्रांसपोर्टर निशाने पर, बड़े खिलाड़ी सुरक्षित

विडंबना यह है कि कार्रवाई सिर्फ कमजोर और बिना पहुंच वाले ट्रक मालिकों पर हो रही है। जिनकी बिहार और पुलिस में मजबूत पकड़ है, उनकी गाड़ियां मुकदमे के बाद भी बेखौफ दौड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है, वह आज भी खनन और विभागीय कार्यालयों में बेखौफ आते-जाते देखे जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इन लोगों को संरक्षण कौन दे रहा है का एक्शन, दो अफसर निलंबित इस मामले मे पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बड़ा कदम उठाते हुए तरया सुजान थानाध्यक्ष राम सहाय चौहान और बहादुरपुर चौकी प्रभारी विक्रम अजित राय को देर रात निलंबित कर दिया।

डीएम ने गेहूं व खाद विक्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी ने रुद्रपुर तहसील क्षेत्र स्थित गेहूं क्रय केंद्र एवं पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी उसरा बाजार स्थित गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने कांटे का सत्यापन कराया। मौके पर पहले गेहूं से भरे बोरे का वजन कराया गया और बाद में खाली बोरे का भी वजन कराया गया। जांच में कांटा सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने क्रय पंजिका एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्र निर्धारित समय पर खुलें और किसानों से सुचारु रूप से खरीद सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा कि किसानों को गेहूं बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने परसिया मिश्र स्थित पीसीएफ खाद विक्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां खाद की अनलोडिंग होती मिली, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रखने तथा किसानों को समय से वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों के प्रभारी किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और खरीद प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें।

संक्षिप्त समाचार

गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, तेजी से घट रहा बैकलॉग : डीएम

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी ने शनिवार को गैस वितरण कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान गैस वितरण के बैकलॉग में लगातार कमी आई है और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो रहा है। विक्रय अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि अगले सप्ताह तक बैकलॉग की स्थिति में और सुधार होगा, क्योंकि जनपद में गैस की उपलब्धता पहले की तुलना में बेहतर हुई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें तथा गैस एजेंसियों एवं आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय बनाकर उपभोक्ताओं से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि एजेंसीवार बैकलॉग की स्थिति के अनुसार गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाए तथा प्रथम आवक, प्रथम पावकद्व व्यवस्था का सख्ती से पालन कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि गैस वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

पुस्तक वितरण में लापरवाही पर बीएसए सख्त

महराजगंज , 17 मई (तरुणमित्र)। जिले में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को समय से निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने के शासन के दावे जमीनी हकीकत में फेल नजर आ रहे हैं। शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद भी कई विद्यालयों में अब तक किताबें नहीं पहुंच सकी हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है ,बीएसए कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार 29 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में विद्यालय स्तर पर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों की शत-प्रतिशत आपूर्ति न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई थी। इसके बाद बीएसए रिद्धी पाण्डेय ने सभी बीईओ को निर्देश जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने तथा दो दिन के अंदर सभी विद्यालयों तक किताबें पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा है। विभागीय सख्ती के बावजूद नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हालात बदहाल मिले। शनिवार की सुबह स्थानीय संवाददाताओं के विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें अभी तक एक भी किताब नहीं मिली है। बच्चों ने कहा कि बिना किताबों के पढ़ाई करने में भारी दिक्कत हो रही है और शिक्षक भी नियमित रूप से पाठ्यक्रम नहीं करा पा रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रभान प्रसाद ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विद्यालय में अब तक पुस्तकें नहीं पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि किताबों की अनुपलब्धता से पठन-पाठन व्यवस्था प्रभावित हो रही है और छात्र-छात्राओं का शैक्षिक नुकसान हो रहा है ।सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब विभागीय बैठकों में लगातार समीक्षा हो रही है ।

पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली क्षेत्र में किया पैदल गश्त

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी व थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों एवं रेलवे स्टेशन के अगल-बगल भ्रमण किया।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। गश्त के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, महिलाओं, युवाओं एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना । उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए हर समय प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

बिहार तस्करी को जा रही 55 पेटी अवैध शराब बरामद, स्कॉर्पियो सीज

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद में अपराध एवं अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद की बनकटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो वाहन से 55 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.30 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस टीम ने रविवार को संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अघांव स्थित एक मुर्गी फार्म के पास बिहार ले जाई जा रही महिन्द्रा स्कॉर्पियो संख्या बी आर 31 पी ए 7000 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 55 पेटी अवैध देशी शराब बंटी बबली बरामद हुई। पुलिस के अनुसार प्रत्येक पाउच 200 एमएल का है।

आगामी त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित

संत कबीर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। आज दिनाँक 17.05.2026 को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दुधारा अमित कुशवाहा द्वारा आगामी त्योहार बकरीद/ ईद-उल-उजहा आदि के दृष्टिगत थाना दुधारा में पीस कमेटी की मीटिंग की गई । जिसमें थाना क्षेत्र के धार्मिक धर्मगुरुओ, संभ्रांत व्यक्तियो ने पीस कमेटी की मीटिंग में भाग लिया। लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई तथा त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु सख्त हिदायत दिया गया तथा उपस्थित लोगों को भाईचारे के साथ त्योहार मनाने तथा त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अपील किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष दुधारा द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या सांप्रदायिक टिप्पणी न करे। अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी । यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे, तो तुरंत थाने या यूपी 112/ थाना स्थानीय पर सूचना दें।

बहू-बेटी अभियान से महिला सशक्तिकरण को नई ताकत

देवरिया , 17 मई (तरुणमित्र)। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में रविवार को व्यापक स्तर पर बहू-बेटी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित एवं दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा। जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा गांवों और कस्बों में चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कोतवाली की टीम ने पंडित दीनदयाल पार्क न्यू कॉलोनी, रामपुर कारखाना टीम ने कस्बा रामपुर कारखाना, तरकुलवा टीम ने कस्बा तरकुलवा, मदनपुर टीम ने ग्राम भिटहां, बरियारपुर टीम ने ग्राम कुशहरी, श्रीरामपुर टीम ने ग्राम अहिबरन, बरहज टीम ने मिशन शक्ति केंद्र बरहज तथा सुरौली टीम ने ग्राम पाण्डेय देवकली में अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता से जुड़ी जानकारियां दी गईं। टीमों ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध जैसी सामाजिक समस्याओं से बचाव के उपाय और कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण योजनाओं के प्रति भी जागरूक किया गया।

महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 181, 1090, 1098, 1930 सहित अन्य सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई।

जिला समीक्षा व निरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

महराजगंज, 17 मई (तरुणमित्र)। सतत निगरानी एवं कार्यान्वयन हेतु जिला समीक्षा एवं निरीक्षण समिति की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की विकासपरक योजनाओं तथा 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत की गतिशील निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक पनियरा ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जाए, ताकि आमजन को उनका शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना, आवास योजना एवं नहर सिंचाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। खनन संबंधी शिकायतों पर चर्चा के दौरान परमिट होने के बावजूद वाहनों के सीज किए जाने की शिकायत पर मा. विधायक ने खनन निरीक्षक को फटकार लगाते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की मंशा बिजली चोरी रोकने तथा उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने की है। बैठक में रामपुर महुअहवा प्राथमिक विद्यालय परिसर में अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठने पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) को तत्काल अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, परतावल ब्लॉक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, सांसद प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा सहित जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न हो मरीजों से करें मधुर व्यवहार : सीएमओ

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर कारखाना, तरकुलवा और बेलही में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पर संतोष जताते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमओ ने सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर कारखाना का निरीक्षण किया। वहां चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित मिले। उन्होंने ओपीडी, दवा भंडारण और लैब का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें तथा मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। इसके बाद सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा और बेलही का निरीक्षण किया।

उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही लैब में होने वाली जांचों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।

उन्होंने पीएचसी बेलही में शीघ्र प्रसव सुविधा शुरू कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. कार्तिक पाण्डेय एवं जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता भी उपस्थित रहे।

बहु-बेटी सम्मेलन का किया आयोजन

संत कबीर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में दिए गए निदेशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीम के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत 11 स्थानों पर बहु-बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें 651 महिलाएँ/बालिकाएं उपस्थित रही । कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न गांवो में जाकर बहु-बेटी सम्मेलन आयोजित कर किया गया । जागरूकता कार्यक्रम 01 थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा ग्राम गौसपुर, विधियानिनी चौराहा, सरैया बाईपास, मेहदावल बाईपास पर 02. महिला थाना द्वारा मेहदावल बाईपास तथा सरकारी अस्पताल के पास 03. थाना दुधारा द्वारा ग्राम छपिया छितौना, सालेपुर, नौवागांव में 04. थाना महुली द्वारा ग्राम महादेवा में 05. थाना धनघटा द्वारा शनिचरा बाजार में 06. थाना मेहदावल द्वारा सिक्टौर बाबू, सीएचसी मेंहदावल, मेंहदावल तिराहा पर 07. थाना बखिरा द्वारा सई बड़हरा, चिरैयाडाड़ चौराहा पर 08. थाना बेलहरकला द्वारा ग्राम पसनारा में 09. थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा ग्राम पारसाशुक्ल में महिलाओं बहु-बेटियों एवं बालिकाओं को एकत्रित कर चौपाल के माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान एवं शासन की विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि शामिल रहीं ।

महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों व कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जैसे वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि ।

व्यपारियों की समस्या का हो त्वरित निस्तारण : डीएम

गाजीपुर , 17 मई (तरुणमित्र)। जिला उद्योग बन्धु/एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन की बैठक राइफल क्लब, गाजीपुर में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद की उपस्थिति में सम्पन्न हई। जिसमें निम्नलिखित कार्यावली पर चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया। जनपद के उद्यमियों/निवेशकों को निवेश मित्र अन्तर्गत अनुमतियां, अनापत्तियां, पंजीयन, लाइसेन्स आदि निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में एकल मेज व्यवस्था के अन्तर्गत सर्वनिष्ठ आवेदन (कॉमन अप्लीकेशन) पर ऑनलाइन किये जाने हेतु अनुदेश दिया जाता है। माह अप्रैल 2026 में लम्बित प्रकरणों के निस्तारणोपरान्त निवेश मित्र वेबसाइट पर कुल लम्बित प्रकरण 72 पाये गये जिसमें समय-सीमा के अन्तर्गत प्रकरण को पोर्टल से निस्तारण करा लिया जाय।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया गया कि समय-सीमा के अन्तर्गत सभी प्रकरण निस्तारित करना सुनिश्चत करे। बष्शिट सिंह यादव, मे0 ब्राई प्लास्ट, मुगलानीचक, गाजीपुर द्वारा अनुरोध किया गया था कि मा0 न्यायालय द्वारा दिनांक 29.11.2017 को पारित आदेश हमारे विद्युत कनेक्शन खाता संख्या-9407714684 से सम्बन्धित वर्तमान में रू0 1,93,775.00 की गलत बिल बकाया दशार्या गया है एवं अधिशासी अभियंता द्वारा मेरे विद्युत बिल में रेगुलरटी सरचार्ज लिया जा रहा है। जिसपर जिलाधिकारी ने बष्शिट सिंह यादव को अनुदेषित किया गया कि अपनी समस्या का पूर्ण विवरण लिखकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ तथा अधिशासी अभियंता भी इस प्रकरण में अपना सम्पूर्ण विवरण लिखकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें, जिससे इस प्रकरण के निस्तारण हेतु प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण मण्डल, वाराणसी को प्रेषित किया जा सके। बैठक में व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सीवर लाइन हेतु खोद गये गड्ढ़ों के कारण सड़के खराब हो गयी है, जिन्हें दुरूस्त कराया जाय।

युवाओं व जनप्रतिनिधियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग ,सौपा ज्ञापन

कुशीनगर , 17 मई (तरुणमित्र)। खड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा हथिया में स्व० अजीत यादव की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाने वाले युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री माननीय श्री राधेश्याम सिंह जी एवं जिलाध्यक्ष श्री राम अवध यादव जी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी खड्डा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि मृतक स्व० अजीत यादव के परिवार को न्याय दिलाने हेतु क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठा रहे थे, लेकिन प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि निर्दोष लोगों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए तथा वास्तविक दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री जावेद इकबाल, रणविजय सिंह मोहन, राजेंद्र यादव मुन्ना, विजेंद्र पाल यादव, मिठाई यादव, भगवान दयाल गुप्ता, विवेक ओझा, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विजय कुशवाहा, अमर जायसवाल, राजेंद्र पाल, सरतेज यादव, मुन्ना यादव, योगेंद्र यादव, संजय यादव, देवेंद्र यादव, शैलेश यादव, रमेश यादव, विजय यादव, दिवाकर यादव, सोनू यादव, भोला यादव, विधायक यादव, विश्व विजय सिंह, बबलू यादव, अयोध्या नन्हे यादव, दिलावर अंसारी सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग

कुशीनगर , 17 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग किया है कि पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए तथा सभी पत्रकारों का बीमा लागू किया जाए । कुशीनगर के महासचिव संजय चाणक्य ने कहा कि आए दिन पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं लेकिन प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है, पत्रकारों पर हमले का मुख्य कारण है पत्रकार समाज के बुराइयों को समाज मे अखबार के द्वारा यूट्यूब के द्वारा चैनल के द्वारा तथा सोशल मीडिया के द्वारा प्रकाशित कर देता है जिससे दबंग किस्म के लोग अपनी समाचार को देखकर खार खाए हुए।

दवा व्यापारियों की 20 को देश व्यापी हड़ताल , मांगा सहयोग

संत कबीर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट कल्याण एसोसिएशन, संतकबीरनगर ने 20 मई 2026 को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर जिला प्रशासन से सहयोग एवं हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लगातार बढ़ रही अवैध ई-फामेर्सी, बड़े कॉरपोरेट घरानों की प्रिडेटरी प्राइसिंग नीति तथा दवा व्यापार से जुड़े नियमों में असंतुलन के कारण छोटे और मध्यम दवा व्यापारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। अध्यक्ष संजीव भाटिया ने कहा कि दवा का व्यवसाय सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और कड़े नियमों का पालन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यमों से बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की बिक्री चिंता का विषय बन चुकी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने सरकार से छोटे दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा अपनाई जा रही प्रिडेटरी प्राइसिंग की नीति के कारण छोटे और मध्यम केमिस्ट आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक दवा वितरण व्यवस्था को कमजोर करने से न केवल व्यापार प्रभावित होगा, बल्कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में दवा उपलब्धता पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। कोषाध्यक्ष शिवाजी गुप्ता ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनियंत्रित उपयोग और नकली या अप्रमाणित प्रिस्क्रिप्शन का बढ़ता चलन जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरीज और फार्मासिस्ट के बीच प्रत्यक्ष संवाद समाप्त होने से दवाओं के गलत उपयोग की संभावना बढ़ रही है। उन्होंने सरकार से दवा व्यापार में कड़ी निगरानी और संतुलित व्यवस्था लागू करने की अपील की। संगठन द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर दवा व्यापारियों के संगठनों ने लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया, ।

डीएम व एसपी की अध्यक्षता में जनपद के सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक संपन्न

व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया

उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री की बुलियन/सोना न खरीदने की अपील के आह्वान एवं मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) के निर्देशों के अनुपालन में आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य कर विभाग जनपद जालौन द्वारा जनपद के सरार्फा व्यापारियों, ज्वैलर्स एसोसिएशन, बुलियन कारोबारियों, तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के मध्य एक बैठक का आयोजन किया गया है।

बता दें कि बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना, विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे दबाव को कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया और यह अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देश हित में स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सरार्फा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई तथा आश्वासन दिया गया कि वह 24 कैरेट खरा सोना बलियन एवं बार की बिक्री सीधे ग्राहकों को नही करेंगे, ग्राहकों को घर में रखी पुरानी ज्वैलरी को रिसाइकिल कर नई ज्वैलरी बनवाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों को हर संभव प्रयास के माध्यम से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने आश्वासन देते हुए बैठक में शासन द्वारा की गयी अपील के अनुसार कार्य करने हेतु आह्वान किया गया। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी जालौन रिंकू सिंह राही, जलशक्ति मंत्री अरविंद चैहान, राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा, सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार सरोज, राज्य कर अधिकारी सचिन आनन्द, सरार्फा एसोसियेशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता, प्रभंजन सरार्फा अग्रवाल कोंच, आशीष अग्रवाल सहित सरार्फा व्यापारी उपस्थित रहें।

खेत पर युवक ने खुद को लगाई आग

सिरसाकलार/उरई। जनपद के सिरसा कलार थाना क्षेत्र के मऊ खुर्द गांव में एक व्यक्ति ने अपने खेत पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। ओमकार सेंगर नामक यह व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजन और आसपास के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया और घायल ओमकार को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। ओमकार सेंगर की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर सिरसा कलार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व: वीर बहादुर

उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। एडीजी यातायात उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार रात्रि विशेष सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न टोल प्लाजा पर देर रात तक सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जो चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए, उनके वाहनों को तत्काल साइड में खड़ा कराते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि स्वयं एवं अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। यातायात पुलिस ने लंबी दूरी तय करने वाले वाहन चालकों को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि लगातार वाहन चलाने के बजाय बीच-बीच में विश्राम अवश्य करें।

नींद, थकान या अस्वस्थता की स्थिति में वाहन को सुरक्षित स्थान पर रोककर आराम करने के बाद ही आगे की यात्रा करें। अभियान के

- रातभर चला सड़क सुरक्षा अभियान, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई
- डीएम-एसपी के निर्देशन में टोल प्लाजा पर विशेष चेकिंग, थके चालकों को आराम के बाद ही यात्रा की सलाह

दौरान सीट बेल्ट एवं हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। सुरक्षित ड्राइविंग से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इस दौरान मुख्य आरक्षी सुभाष कुमार, मुख्य आरक्षी अजीत कुमार, आरक्षी विवेकानंद सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

पारिवारिक विवाद के चलते अधेड़ ने खाया जहर

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। जालौन में एक अधेड़ व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला डकोर कोतवाली क्षेत्र का है।

बता दें कि जानकारी के अनुसार डकोर कोतवाली क्षेत्र के जैसारी कला गांव निवासी भानुप्रताप (50) ने पारिवारिक कलह के चलते घर पर रखा सल्फास खा लिया था। जहरीला पदार्थ खाने के कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। गंभीर हालत देख परिजनों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया। हालांकि, मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने तत्काल जांच शुरू की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और चिकित्सकों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया।

अज्ञात चोरों ने घर को बनाया निशाना, बेटियों के जेवर और नकदी ले उड़े

रामपुरा/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। रामपुरा थाना क्षेत्र के मई गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। बीती रात हुई इस वारदात में चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मई निवासी कन्हई सिंह के घर में 16 मई 2026 की रात लगभग 11 बजे से सुबह 3 बजे के बीच अज्ञात चोर घुस आए। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखा सारा सामान खंगाल डाला। पीड़ित के मुताबिक, चोर 3 सोने की चेन, 6 सोने की अंगूठियां, 2 सोने के

मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने के झाले, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी सुई-धागा, 5 जोड़ी चांदी की पायल और करीब एक लाख रुपये नकद चुरा ले गए। परिजनों ने बताया कि उनकी दो बेटियां भी घर आई हुई थीं, जिनके जेवरात भी चोर अपने साथ ले गए। 17 मई 2026 की सुबह करीब 3:30 बजे कन्हई सिंह पेशाब के लिए उठे तो कमरे का ताला टूटा देखकर दंग रह गए। कमरे के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। बाद में तलाश करने पर कुछ सामान, एक बक्सा और सूटकेस घर के पीछे खेतों में पड़े मिले। घटना की जानकारी तत्काल डायल 112 पर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों का खुलासा करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

गाली-गलौज व मारपीट, पीड़िता ने दी तहरीर

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। रात के अंधेरे में पड़ोसी युवक घर में घुस आया। घर में घुसे युवक को घर के सदस्य ने पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरोपी युवक गाली-गलौज कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ग्राम छानी खास निवासी रजनी देवी ने पुलिस को बताया कि वह रात में अपने घर में थे। रात में ही उनके घर के पड़ोस में रहने वाला युवक छोटे कुमार घर में घुस आया। घर में घुसे युवक को उनके छोटे भाई बृह्मपाल ने पकड़ लिया। पीड़िता ने बताया कि उसी समय उन्होंने 1090 पर फोन किया थोडी देर में ही पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस को देखते ही युवक गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

पाइपलाइन लीकेज व ट्यूबवेल खराब, लोग परेशान

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। भीषण गर्मी के बीच नगर में जगह-जगह पानी की पाइपलाइन लीकेज होने और ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। नगर के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि नगर के कई क्षेत्रों में पानी की लाइन के जॉइंट लीकेज होने के कारण पानी व्यर्थ बह रहा है। इससे एक ओर पेयजल की बबार्दी हो रही है, वहीं दूसरी ओर आसपास के मोहल्लों में पानी का प्रेशर भी सहीं नहीं पहुंच पा रहा है। बताया कि मोहल्ला रापटगंज में असलम के घर के सामने पानी की लाइन का जॉइंट काफी समय से लीकेज है, जिससे लगातार पानी बह रहा है। वहीं पुराना बिजली घर स्थित सब्जी मंडी के पास गन्ने के जूस की दुकान के सामने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। यहां भी प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी सड़कों पर बह रहा है। उन्होंने डीएम से मांग की है कि सभी स्थानों की जांच कराकर लीकेज पाइपलाइन, क्षतिग्रस्त लाइन सही कराई जाए।

पुलिस ने आरोपी के बेटे को किया गिरफ्तार

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा में बंधुआ मजदूरी कराने वाले पिता बेटे के मामले में पुलिस आरोपी पिता को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शनिवार की देर रात पुलिस ने मामले में आरोपी बेटे को भी उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। बीती नौ मई की रात पुलिस ने रात करीब 11 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा में बंधुआ मजदूरी कर रहे दिल्ली के विजय नगर निवासी अनिल पुत्र श्याम सुंदर, बरेली निवासी वीरेंद्र पुत्र छेगेलाल, हमीरपुर के कछुआ कला निवासी प्रेमचंद्र पुत्र बलीराम और राठ क्षेत्र के बेगए गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र लल्लू को मुक्त कराया था। कोतवाली पुलिस ने रात में सर्च ऑपरेशन चलाकर इन बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया था। इन मजदूरों से बेतहाशा काम कराया जाता था खाने में थोड़ी दाल, चावल या एक, दो रोटी दी जाती थी। कोई गलती होने पर उनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव किया जाता था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि पिता हरिहर प्रसाद दांतरे और उसका बेटा अवधेश उर्फ बबलू बाहर के भटके हुए लोगों को निशाना बनाते थे और उन्हें मदद के बहाने अपने यहां ले जाकर उनसे बंधुआ मजदूरी कराते थे। पुलिस ने मामले में आरोपी पिता हरिहर प्रसाद को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। जबकि आरोपी बेटा मौका देखकर भाग निकला था। पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार की रात कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद को सूचना मिली कि मामले में आरोपी अवधेश उर्फ बबलू अपने गांव आया है और उनके घर पर रुका है। सूचना मिलते उन्होंने एसआई राजेश वशिष्ठ व निसार अहमद को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। जहां पुलिस ने देर रात दबिश देकर आरोपी अवधेश उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

बाजारबंदी को पूर्णरूप से लागू कराने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर में पूर्ण रूप से साप्ताहिक बंदी सफल कराने के लिए दुकानदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सोमवार के दिन निर्धारित बाजारबंदी को पूर्णरूप से लागू कराने की मांग एसडीएम से की है। राजेश लाक्षाकार, इरफान, अखिलेश लाक्षाकार, इदरीश, देवेंद्र कुमार, गौतमचंद्र अग्रवाल, घनश्याम गुप्ता, सोहनलाल, नीरज गुप्ता, आशुतोष आदि ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में सोमवार का दिन साप्ताहिक बंदी के लिए निर्धारित है।

सपा कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना की व्यक्त

- प्रतीक यादव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

कोटरा/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद के कोटरा कस्बे में रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक शोक सभा का आयोजन किया। यह सभा सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल परिसर में हुई, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई।

बता दें कि कार्यकर्ताओं ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार एकजुट होकर संवेदनाएं प्रकट कर रहा है। उपस्थित लोगों ने नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष राजू यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें पूर्व सभासद याफरून खान, जावेद बॉक्स, पहलाद यादव, सेवालाल, कल्लू, सुशील यादव, घासीराम श्रीवास सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान वक्ताओं ने समाजवादी विचारधारा की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और परिवार से जुड़े लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ हुआ।

पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर एक विशेष शिव अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ

कोंच/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। कोंच नगर में रविवार को पुरुषोत्तम माह के पावन अवसर पर एक विशेष शिव अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। गांधी नगर स्थित श्री सिद्धपीठ माँ भुवनेश्वरी मंदिर परिसर में सुबह 12 बजे से एक माह तक चलने वाले महामृत्युंजय रुद्राभिषेक एवं विशेष शिव अनुष्ठान की शुरूआत की गई।

बता दें कि इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनकल्याण, सुख-समृद्धि और विश्व शांति की कामना बताया गया है। अनुष्ठान शुरू होते ही मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और शिवभक्ति से गूंज उठा। कमला नेहरू विद्यालय के सामने स्थित सिद्धपीठ माँ भुवनेश्वरी धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक कर अपने परिवार की सुख-शांति तथा आरोग्य की कामना कर रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे यहां का धार्मिक वातावरण और अधिक मनोहारी प्रतीत हो रहा है। इस विशेष अनुष्ठान का संचालन विद्वान आचार्य पंडित शिवाकांत शास्त्री के निर्देशन में वैदिक विधि-विधान से किया जा रहा है। रविवार को कार्यक्रम में यजमान के रूप में अरुण वाजपेयी, लीस राजेंद्र निरंजन (पूर्व बार संघ अध्यक्ष), गोपाल श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, कृष्ण मुरारी, रश्मि त्रिपाठी, योगेश त्रिपाठी, विकास त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी और दीपिका द्विवेदी ने भाग लिया। इन सभी ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर रुद्राभिषेक संपन्न कराया। आचार्य पंडित शिवाकांत शास्त्री ने बताया कि पुरुषोत्तम माह में भगवान शिव की उपासना अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है।

अहिल्याबाई होल्कर चौराहे की जगह बदली, पाल समाज भड़का

- सड़क जाम कर प्रदर्शन अधिकारी समझाने में जुटे

उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। उरई में प्रस्तावित अहिल्याबाई होल्कर चैराहे का स्थान बदले जाने की खबर सामने आने के बाद पाल समाज में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज समाज के लोगों ने रविवार दोपहर को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने उरई सदर से भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा के खिलाफ भी नारेबाजी की। इस दौरान मवई चैराहे पर लंबा जाम लग गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

बता दें कि प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि लगभग एक साल उरई के भाजपा विधायक गौरी शंकर वर्मा द्वारा मवई चैराहे पर अहिल्याबाई होल्कर चैराहे के निर्माण का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद समाज के लोगों में खुशी का माहौल था और सभी को उम्मीद थी कि निर्धारित स्थान पर जल्द ही चैराहे का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन अब बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के चैराहे का स्थान परिवर्तन किए जाने की जानकारी मिलने पर समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। रविवार को बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग मवई चैराहे पर एकत्र हो गए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर समाज की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अहिल्याबाई होल्कर समाज की प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके नाम पर बनने वाला चैराहा उसी स्थान पर बनाया जाना चाहिए, जहां पहले घोषणा की गई थी। प्रदर्शन के कारण सड़क पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। कई छोटे-बड़े वाहन जाम में फंस गए और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और काफी देर तक बातचीत चलती रही। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि यदि पुरानी जगह पर ही चैराहा निर्माण का निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। फिलहाल पुलिस और प्रशासन लोगों को शांत कर जाम खुलवाने में जुटा रहा।

भाई ने भाई पर किया जानलेवा हमला, पैसे के लेनदेन को लेकर सिर पर छूरी मारी

कोंच/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। कोंच कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दुकान के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक भाई ने अपने दूसरे भाई पर छुरी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और पुलिस को मामले की सूचना दी गई है।बता दें कि जानकारी के अनुसार मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजू पुत्र तैयब मकरानी ने कोंच थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राजू ने बताया कि उसने अपनी दुकान पर अपने भाई से पैसों के लेनदेन को लेकर बात की थी। इस दौरान दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही गाली-गलौज में बदल गई। आरोप है कि विवाद के बाद जब राजू अपने घर पहुंचा, तो उसका भाई भी वहां आ गया और गुस्से में आकर उस पर हमला कर

दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी भाई ने उसके सिर पर छुरी से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित राजू को पुलिस और परिजनों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। राजू ने कोंच कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी भाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर ने बताया कि पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है और मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

महिला ने पड़ोसियों पर उत्पीड़न धमकी का आरोप लगाया

एट/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। एट थाना क्षेत्र स्थित पिण्डारी गांव निवासी प्रभा देवी पत्नी स्वर्गीय हरीशरण पचैरी ने अपने पड़ोसियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पड़ोसियों पर उत्पीड़न, मारपीट की साजिश रचने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र सौंपा है। यह शिकायत रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे दर्ज कराई गई।

बता दें कि प्रभा देवी ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ पड़ोसी पिछले लगभग एक वर्ष से उनके परिवार को मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। उनका आरोप है कि आरोपी आए दिन गाली-गलौज करते हैं और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर परिवार को अपमानित करते हैं। विरोध करने पर उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता के अनुसार, 14 मई 2026 को उनका पुत्र हृदेश कुमार पचैरी विद्यालय से घर लौटा था। इसी दौरान आरोपी पक्ष ने उससे विवाद शुरू कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों और परिवार के सदस्यों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। आरोप है कि उसी शाम आरोपी पक्ष ने दोबारा घर में घुसकर मारपीट करने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने की योजना बनाई। प्रभा देवी का कहना है कि आरोपियों ने उनके बाल पकड़कर घसीटने और हमला करने की कोशिश की, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। प्रभा देवी ने यह भी दावा किया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित हैं। उन्होंने इन्हें जांच में प्रस्तुत करने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में भी उन्हें 86 लाख रुपये की चोरी के मामले में झूठा फंसाने का प्रयास किया गया था।

अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत दो दिनों में 255 दुकानदारों पर की कार्रवाई

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर में लगातार लग रहे जाम और सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही के नेतृत्व में चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने दो दिनों में 255 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 72340 रुपये का जुमार्ना वसूला। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद दुकानदार स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा रहे है। वहीं आम लोगों को लंबे समय बाद जाम से राहत मिलती नजर आई।

नगर के बिजलीघर के आसपास, फुटकर सब्जी मंडी, झंडा चैराहा, बस स्टैंड और प्रमुख बाजार में स्थायी दुकानदारों के साथ-साथ ठेला व ठिलिया संचालकों द्वारा फुटपाथ और सड़क किनारे अतिक्रमण कर लिया गया था। दुकानों का सामान सड़क तक फैल जाने और रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों के बीच सड़क पर निकलने के लिए कम ही जगह बचती थी। जिससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती थी और राहगीरों, वाहन चालकों परेशानी उठानी पड़ रही थी। हालत यह थी कि शाम के समय झंडा चैराहा और सब्जी मंडी क्षेत्र में अक्सर लंबा जाम लग जाता था और लोगों को निकलने में देर तक इंतजार करना पड़ता था। लगातार मिल रही शिकायतों और जनता की परेशानी को देखते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने पहले व्यापारियों और ठेला, ठिलिया संचालकों के पास जाकर उन्हें स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की अपील की। प्रशासन की सख्ती के बाद कई दुकानदारों ने खुद ही फुटपाथों से सामान हटा लिया, लेकिन जो लोग नहीं माने उनके खिलाफ नगर पालिका की टीम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया गया और संबंधित दुकानदारों से अर्थदंड भी वसूला गया। ईओ सुशील कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के जेई प्रवीण कुमार, आरआई अनूप कुमार, सफाई नायक रामकुमार, संतोष आदि ने अभियान के दौरान कुल 255 अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन की कार्रवाई का असर बाजारों में साफ दिखाई दिया और कई दुकानदारों ने चालान के डर से सड़क पर रखा सामान अंदर कर लिया। इससे बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारी नजर आई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही ने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

लोहापीटा परिवारों ने आवसीय पट्टों का दाखिल खारिज कराने व नक्शा स्वीकृत कराने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। लोहापीटा परिवारों ने वर्ष 2009 में उन्हें दिए गए आवसीय पट्टों का दाखिल खारिज कराने और नक्शा स्वीकृत कराने की मांग एसडीएम से की है। एसडीएम ने नगर पालिका ईओ को दो दिन में समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए हैं। नगर के बालमभट् में रहने वाले लोहापीटा समुदाय गोपी, सुरेश, राजू, बजरंग, पप्पू कल्याण आदि पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम को बताया कि वर्ष 2009 में उनके बाजार बैठगंज स्थित नजूल भूमि में आवासीय पट्टे स्वीकृत हुए थे। पट्टे स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक नगर पालिका की ओर से न तो उनका दाखिल खारिज किया गया है और न ही उनका नक्शा स्वीकृत हुआ है। जिसके चलते अभी भी वह घुमंतू की तरह जीवन जीने को विवश हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि उनके पट्टों का दाखिल खारिज किया जाए और नक्शा स्वीकृत कराया जाए।

श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

नदीगांव/उरई, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद के नदीगांव ब्लॉक स्थित कैलिया गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।

बता दें कि गौरव महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ लेने पहुंचे। श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग के दौरान पूरा कथा पंडाल ह्यराधे-राधेह्न और ह्यजय श्रीकृष्णह्न के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक आचार्य मनोज अवस्थी ने सरल शब्दों में श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता प्रेम, विश्वास और त्याग पर आधारित होती है। निर्धनता के बावजूद सुदामा का श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम था, वहीं द्वारिकाधीश बनने के बाद भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा को उसी आत्मीयता से अपनाया। आचार्य अवस्थी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने आचरण से यह संदेश दिया कि प्रेम और मित्रता में अमीरी-गरीबी तथा ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं होता। उन्होंने वर्तमान समय में स्वार्थ पर आधारित होते रिश्तों और सोशल मीडिया के कारण बढ़ती दूरियों पर चिंता व्यक्त की। आचार्य ने जोर दिया कि सच्चा मित्र वही होता है जो हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहे। कथा में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति संगीत और आकर्षक सजावट के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

यमुना में नहाने गए छह दोस्त डूबे, चार की मौत

ललौली के कुनुवा का डेरा में हादसा, दो युवकों की हालत स्थिर

फतेहपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। ललौली थाना क्षेत्र के कुनुवा का डेरा गांव के पास रविवार दोपहर यमुना नदी में नहाने गए छह दोस्तों के साथ बड़ा हादसा हो गया। तेज बहाव में सभी युवक गहरे पानी में डूबने लगे। हादसे में चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवकों को स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और गांव में मातम छा गया।

थाना क्षेत्र के तपनी गांव निवासी हसीब उम्र 22 वर्ष पुत्र फरीद खान, शान मोहम्मद उम्र 20 वर्ष पुत्र नफीस, साहिल उम्र 20 वर्ष पुत्र सनने, अंश कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र उर्फ गोरे, नितिन व मोनू यमुना नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान अचानक तेज बहाव में सभी युवक फंस गए और डूबने लगे। घटना की सूचना दोपहर यूपी डायल-112 को मिली। सूचना मिलते ही ललौली थाना पुलिस और यूपी-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तत्काल बचाव अभियान चलाया गया। मशक्कत के बाद सभी छह युवकों को नदी से बाहर निकाला गया। इनमें दो युवकों नितिन व मोनू को सुरक्षित बचा लिया गया, जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं चार युवकों हसीब, शान मोहम्मद, साहिल व अंश कुमार को सीएचसी बिंदकी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को सरकारी मुआवजे से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई है। घटना की सूचना उपजिलाधिकारी बिंदकी को भी दे दी गई है, जिनके निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

सभी युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से भाई-बहन की मौत, एक घायल

फतेहपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। खागा कोतवाली क्षेत्र के देवकवापुर मजरे संवत गांव निवासी को मिट्टी लादे ट्रैक्टर चालक ने सड़क किनारे खड़े तीन स्कूली बच्चों के जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे भाई की मौत हो गयी और बहन व पारिवारिक भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनको उपचार के लिए सदर भेजा गया। जानकारी के अनुसार कुनाल पुत्र सुरेश 13 वर्ष, बहन कमिनी उर्फ रानी देवी, पारिवारिक भाई निशांत पुत्र फूलचन्द्र गांव के नजदीक रसूलपुर चकभुनगापुर गांव स्थित स्व. ठाकुरदीन सिंह इंटर कालेज से पढ़कर लौट रहे थे। अपराह्न दो बजे हुए हादसे में घायल उक्त तीनों बच्चों को उनके परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर चले गए। जहां उपचार के दौरान 13 वर्षीय कुनाल पुत्र सुरेश पाल की मौत हो गई।

जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने का आरोपी गिरफ्तार

बांदा, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले एक अन्य 10 हजार रुपए के इनामियां वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चौतुवा द्वारा 12 फरवरी 26 को थाना मटौंध पर सूचना दी गई कि 6 अगस्त 25 को उनकी जमीन को कुछ लोगों द्वारा योजना बनाकर कूटरचित दस्तावेजों व आधार कार्ड का प्रयोग कर उनकी हटेटी पुरवा की लगभग 34 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बिजली खेड़ा निवासी आजम खान के नाम कर दी। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना मटौंध पुलिस द्वारा पूर्व में ही 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना मे शामिल अन्य अभियुक्तो की जल्द गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा एक अन्य 10 हजार रुपए के इनामियां वांछित अभियुक्त को गोयरा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अयूब खां पुत्र सरदार खां निवासी गुमौली थाना चिल्ला, बांदा व हाल पता- बिजली खेड़ा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा है।

बाल्मीकि आश्रम में चला स्वच्छता अभियान

चित्रकूट, 17 मई (तरुणमित्र)। बाल्मीकि आश्रम लालपुर बगरेही में सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरणीय स्वच्छता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वन विभाग चित्रकूट द्वारा गठित एउठ के सहयोग से लालापुर बाल्मीकि आश्रम और इसके आसपास के राजमार्ग क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। EDC के अध्यक्ष अर्चना तिवारी ने बताया कि आश्रम में साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु यह अभियान चलाया गया है जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न उठानी पड़े। इस मौके पर विनीता देवी सरोज देवी विजय कुमार राम अवतार (सचिव) रामेश्वर प्रसाद शिव प्रसाद विष्णु तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

इंसानियत का पैगाम लोगों तक पहुंचायें : अकील मियां

बांदा, 17 मई (तरुणमित्र)। रविवार को शोबाए तब्लीग दारूल उलूम रब्बानी की मण्डल की 135 इस्तेहादी कमेटियों की वार्षिक बैठक का आयोजन अलीगंज स्थित मर्कजी दारूल उलूम रब्बानिया में किया गया। इस मौके मण्डल के चारों जिलों बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट के ग्रामों की कमेटियों के ओहदेदारों ने शिर्कत कर अपनी कमेटियों के किये गये कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर काजी सैय्यद मेराज मसूदी अकील मियां ने कहा कि दारूल उलूम रब्बानिया की तरक्की की वजह उससे लोगों से मोहब्बत और अल्लाह और उसके रसूल का पैगाम लोगों तक पहुंचाना है। वहीं आमिर मसूदी ने कहा कि लोगों का अच्छा अखलाक ही लोगों को ज्यादा से ज्यादा दीन से जोड़ने मदद करता है। लोग दुनिया से तो चले जाते हैं लेकिन उनके अच्छे काम और उनका अखलाक हमेशा याद किया जाता है। वहीं राशिद रब्बानी ने कहा कि बुन्देलखण्ड की सरजमीन से जिहालत को दूर करने में खानकाहे रब्बानियां के बुजुर्गो का बहुत बड़ा योगदान है। वहीं अमीर शोबाए तब्लीग दारूल उलूम रब्बानिया आबिद मियां ने अच्छा कार्य करने वाली कमेटियों के प्रमुखों को तोहफे देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से शाहिद रब्बानी, अनवर रब्बानी, नय्यद रब्बानी,खुरशद रब्बानी, गुफरान रब्बानी, असगर रब्बानी, फैजान रब्बानी, अशर, अदनान, अकबर, हनीम आदि मौजूद रहे।

महोबा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

महोबा, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद महोबा के शहर स्थित एकता पैलेस में जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मेदांता गुरुग्राम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते बीमारियों की पहचान सुनिश्चित करना रहा। शिविर का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री शसांत विलास शिवहरे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनियमित दिनचर्या, तनाव और खानपान की गलत आदतों के कारण अनेक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने व्यापार मंडल द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा के कार्यों में सभी संस्थाओं को आगे आना चाहिए शिविर में मेदांता गुरुग्राम से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें कीं। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित कई जांचें निःशुल्क की गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। साथ ही लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार लेने, योग एवं व्यायाम अपनाने और स्वस्थ दिनचर्या बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में व्यापार मंडल की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है और समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे शिविर लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ ही समय रहते उपचार कराने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन लगातार होने चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

महोबा में शिक्षा की अलख : कीरत सागर परिसर बना बच्चों के सपनों की उड़ान का केंद्र

महोबा, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद महोबा में देश के भविष्य को उज्वल और सशक्त बनाने की एक प्रेरणादायक पहल लगातार आकार ले रही है। शहर के ऐतिहासिक कीरत सागर परिसर में प्रत्येक रविवार को शिक्षा, संस्कार और सपनों का एक अनूठा संगम देखने को मिलता है, जहां समाजसेवी एवं शिक्षाप्रेमी प्रियंका कुशवाहा द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के लिए निःशुल्क प्रतियोगी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्रदान करना है। यहाँ बच्चों को विशेष रूप से जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। रविवार की सुबह जैसे ही बच्चे कॉपी-किताब लेकर कीरत सागर परिसर पहुँचते हैं, पूरा वातावरण ऊर्जा और उत्साह से भर उठता है। कोई गणित के सवाल हल करता दिखाई देता है तो कोई सामान्य ज्ञान और मानसिक क्षमता के प्रश्नों का अभ्यास करता नजर आता है। बच्चों की लगन और सीखने की जिज्ञासा इस पहल को और भी विशेष बना देती है। प्रियंका कुशवाहा का मानना है कि प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि छोटे कस्बों और गांवों में भी असंख्य होनहार बच्चे मौजूद हैं।

जरूरत केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की होती है। इसी सोच के साथ उन्होंने यह निःशुल्क शिक्षण अभियान शुरू किया, ताकि आर्थिक अभाव किसी बच्चे के सपनों के आड़े न आए। इस पहल का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है और अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता आ रही है। कई अभिभावकों ने बताया कि महंगी कोचिंग का खर्च वहन करना उनके लिए संभव नहीं था, लेकिन इस निःशुल्क पहल ने उनके बच्चों को नई दिशा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के समय में जब अधिकांश शिक्षा संस्थान व्यावसायिक होते जा रहे हैं, ऐसे में निःस्वार्थ भाव से बच्चों को शिक्षित करना वास्तव में समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यह पहल न केवल बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रही है, बल्कि उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना भी विकसित कर रही है। कीरत सागर परिसर अब केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनता जा रहा है।

'ड्रंक एंड ड्राइव' अभियान में 65 चालान, सड़क सुरक्षा को लेकर की गई व्यापक कार्रवाई

महोबा, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद भर में विशेष 'ड्रंक एंड ड्राइव' अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के प्रमुख टोल प्लाजा एवं मुख्य मार्गों पर पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान विशेष रूप से कबरई, खन्ना एवं महोबकंठ क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर केंद्रित रहा, जहां यातायात पुलिस के साथ वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।सायंकालीन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेल्मेट वाहन चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाहनों, तीन सवारी बैठाकर वाहन संचालन करने वालों, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वालों, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले व्यक्तियों तथा संदिग्ध वाहन,व्यक्तियों की गहन जांच एवं पूछताछ की गई।

अभियान के दौरान 'ड्रिंक एंड ड्राइव' एवं 'प्रेशर हॉर्न' संबंधी कुल 65 चालान किए गए, जिन पर लगभग ?6 लाख 50 हजार- का शुल्क अधिरोपित किया गया। महोबा पुलिस की इस कार्रवाई से यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों में स्पष्ट रूप से सख्ती का संदेश गया है।

सरकारी विभागों की कार्य प्रणाली बेहतर करने के लिये प्रशासन ने उठाये सख्त कदम

विकास कार्यों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम शुरू

हमीरपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए विकास भवन कुंडौरा स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में एक विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिला प्रशासन के अनुसार इस कंट्रोल रूम के माध्यम से ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम और शिक्षकों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी। कर्मचारियों की लोकेशन और उपस्थिति की पुष्टि के लिए नियमित रूप से कॉलिंग सिस्टम लागू किया गया है जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर यह व्यवस्था शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार और लापरवाही पर रोक लगाना है। कंट्रोल रूम के माध्यम से जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, हैंडपंप मरम्मत, तालाबों के विकास और अन्य निर्माण कार्यों की भी निगरानी की जाएगी।

किसी भी शिकायत को तुरंत दर्ज कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा और उसका फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाएगा प्रशासन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीमें गठित की हैं, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन कंट्रोल रूम में मौजूद रहकर निगरानी और सत्यापन का कार्य करेंगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित व्यवस्था का पालन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बस चालक ने भैंसों को रौंदा,मौके पर चारों की मौत

हमीरपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। लापरवाह तेज गति चला रहे रोडवेज बस चालक ने होमगार्ड को कुचलते हुए तेज गति से भाग रहे चालक ने भैंसों को भी रौंद डाला। जिनकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पहुंचकर बस को कब्जे में ले लिया है और घायल होमगार्ड का इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है जहां उसे उर्ई मेडिकल कॉलेज भेजा किया गया है। मुस्करा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि होमगार्ड बृजभूषण निवासी गोहांड थाना जरिया जनपद हमीरपुर, जो पीआरबी संख्या 5141 मौदहा में तैनात हैं, ड्यूटी समाप्त कर मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान गुंदेला तिराहा थाना मुस्करा क्षेत्र में रोडवेज बस डिपो के चालक द्वारा वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए, उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी गई, जिससे होमगार्ड बृजभूषण गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। घटना के दौरान बस अनियंत्रित होकर ग्राम बिहुनी निवासी गोपाली अहिरवार पुत्र कसिया की चार भैंसों को भी कुचलते हुए निकल गई।

जानवरों की चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

बांदा, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस द्वारा भैंस/बकरी आदि जानवरों की चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जसपुरा झंझरी पुरवा मार्ग पर जंगल में एक व्यक्ति लेटा है जो बांदा व आस-पास के जनपदों में भैंस/पड़वा/बकरी आदि जानवरों की चोरी करता है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से कुल 34 हजार 900 रुपए बरामद हुए। पुलिस द्वारा सूनसान स्थान पर लेटने व बरामद रुपए के बारे में पूछताछ की गई तो अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया गया कि उसने अपने एक अन्य साथी के पशु चोरी की नियत से घूमते रहते है। 20/21 अप्रैल 2026 की रात्रि में ग्राम खप्टिहाखुर्द से 4 भैंस व पड़वा चोरी करके अपने गांव कानाखेड़ा ले गया जिसे बाद में एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया था।

पानी व बिजली की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

ललितपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। महरौनी तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनसुनवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी, बिजली, जमीनी पैमाइश और वरासत से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान फील्ड में जाकर किया जाए, कार्यालय में बैठकर नहीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को अपने पास बुलाकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से निस्तारण कराया। इस दौरान अधिकांश शिकायतें बिजली कटौती, पेयजल संकट और भूमि विवाद से संबंधित रहीं। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम ग्रामीण तथा जल संस्थान के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वह आमजन के फोन रिसीव करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। जमीनी पैमाइश, वरासत और राजस्व कार्यों में लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपालों और कानूनगो को फटकार लगाई। साथ ही तहसीलदारों को पैमाइश कार्यों की नियमित निगरानी कर प्रतिदिन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का स्वगणना कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। तहसील महरौनी में कुल 223 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व के 106, पुलिस के 53, विकास के 11, चकबंदी के 08, पूर्ति के 09, विद्युत के 09, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभागों के 25 मामले शामिल रहे। इनमें से 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 95 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व के 40, पुलिस के 26, विद्युत के 04, पूर्ति के 04, विकास के 02 तथा अन्य विभागों के 19 मामले शामिल रहे। इनमें से 17 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। तहसील ललितपुर में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व के 10, पुलिस के 06, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 10 मामले शामिल रहे।

इनमें से 04 शिकायतों का मौके पर समाधान कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व के 15, पुलिस के 08 तथा अन्य विभागों के 04 मामले शामिल रहे। इनमें से 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील पाली में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं।

नेहरू महाविद्यालय में कांग्रेस का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

संगठन विस्तार के साथ सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

ललितपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में रविवार को नेहरू महाविद्यालय स्थित तुलसी सभागार में जिला, नगर, ब्लॉक एवं बूथ कमेटियों के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मुकुट सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए महंगाई, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा। जिला प्रभारी मुकुट सिंह ने कहा कि जनता वर्तमान नीतियों से परेशान है और बदलाव चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशिभूषण सिंह बुंदेला ने छात्रों से जुड़े मुद्दों और पेपर लीक जैसे मामलों को उठाया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि आगामी विधानसभा एवं पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है और सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के जिला प्रभारी जसपाल सिंह बंटी ने कहा कि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों से लोगों को अवगत कराएं, जिससे कि लोगों को उनके अधिकार समझ आयें और वह अपने अधिकारों के सही उपयोग कर सकें। समारोह में राकेश रजक, रामनरेश दुबे, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, आशाराम तिवारी, राजपाल सिंह ठाकुर, विनोद अवस्थी, नाती राजा जाखलौन, पूजा सेन, रामदेवी विश्वकर्मा, अमित सिंह बुंदेला, राकेश सेन, राकेश रजक, साहब सिंह, बृजेश शांडिल, राजा रविंद्र सिंह, दीपक रैकवार, सुशील रजक, दीपक जैन, संजय जैन, राम भरोसे, संतोष राय, मुन्नालाल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आसिफ, राजीव शर्मा, गोकुल प्रसाद नामदेव, लक्ष्मी चंदेल, हीरालाल सेन, जाहरसिंह बघेल, कपूर सहरिया, रामदास, श्याम सुंदर सिरोठिया, परमानंद पाठक, पुष्पेंद्र सिंह सहित जिले भर से आए सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संचालन मोहन सिंह चंदेल ने किया। समारोह के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारियों में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने का उत्साह देखने को मिला।

यमुना नदी में स्नान के दौरान किन्नर डूबी, तलाश जारी

विजयीपुर, फतेहपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। किशनपुर थाना क्षेत्र के यमुना घाट पर रविवार को दर्दनाक हादसे ने सनसनी फैला दी। यमुना नदी में स्नान करने पहुंचे किन्नरों के समूह में शामिल एक किन्नर अचानक गहरे पानी में समा गई। देखते ही देखते वह तेज बहाव में लापता हो गई।

घटना के बाद घाट पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा देर शाम तक नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन डूबी किन्नर का कोई सुराग नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह मीना बाई किन्नर, नैना किन्नर, नेहा किन्नर और अंजू किन्नर समेत कई लोग बोलेरो वाहन से किशनपुर क्षेत्र स्थित यमुना घाट स्नान करने पहुंचे थे। सभी लोग नदी में स्नान कर रहे थे, तभी अचानक अंजू किन्नर का पैर गहरे पानी में चला गया। जब तक उसके साथी कुछ समझ पाते, वह तेज बहाव में बहकर डूब गई। मौके पर मौजूद साथियों ने अंजू किन्नर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन नदी की गहराई और तेज बहाव के चलते सफलता नहीं मिल सकी। घटना के बाद घाट पर हड़कंप मच गया और साथ आए लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही किशनपुर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। घंटों चले सर्च ऑपरेशन के बावजूद देर शाम तक अंजू किन्नर का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस लगातार गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन कर रही है। घटना की खबर पूरे इलाके में चर्चा का माहौल है। यमुना घाट पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस का कहना है कि सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है और हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं हादसे के बाद साथ आए किन्नर समुदाय में गहरा दुख और मातम का माहौल बना हुआ है।

डीएम व एसपी ने धोपाप धाम का किया स्थलीय निरीक्षण

गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले का लिया जायजा

सुलतानपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारू निगम व मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा आगामी 26 मई, 2026 को पड़ने वाले गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर धोपाप धाम, विकास खण्ड लम्भुआ में आयोजित होने वाले मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारियों तथा वार्षिक स्नान पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े, के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह, भू0पू0 विधायक भाजपा, देवमणि द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी लम्भुआ, उपजिलाधिकारी कादीपुर, प्रदेश महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल रवीन्द्र त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों व मंदिर परिसर के पुजारीगणों द्वारा पिछले वर्ष में गंगा दशहरा के अवसर पर लगे मेले में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पायी गई कमियों से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि मेला में अत्यधिक भीड़ होने के कारण चेन स्नेचिंग की घटनाएं होती है, जिससे निपटने हेतु अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाय। इसी प्रकार मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन व्यवस्था, स्नान घाट आदि से सम्बन्धित समस्याओं के प्रति अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान सभी आधारभूत सुविधाओं जैसे- घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा के दृष्टिगत घाट का निर्माण, लॉ एण्ड ऑर्डर, सीसीटीवी कैमरा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, वालेन्टियर्स की नियुक्ति, एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की तैनाती, वैरीकेटिंग, मोबाइल टॉयलेट, आने वाले श्रद्धालुओं के लिये स्नान घाट, पार्किंग स्थल, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, महिलाओं हेतु चेंजिग रूम, स्थल की सजावट, जनरेटर, आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये गोताखोर, लाइफ जैकेट, बालू वाली बोरी का घाट, चौराहों पर हाईमस्ट लाइट की व्यवस्था, खोया-पाया केन्द्र आदि के बारे में आवश्यक बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन को एक निश्चित स्थान पर पार्क करने हेतु स्थानों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित एसडीएम को निर्देशित किया गया कि पूरे मेला परिसर का एक नजरी नक्शा बनाकर प्रस्तुत करें।

डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाने हेतु कैम्प कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को देर सायंकाल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक कर्मचारी एवं सम्बन्धित कार्मिक को लक्ष्य आवंटित किया जाये, प्रतिदिन

कर्मचारियों को लक्ष्य आवंटित कर फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में लाये तेजी : डीएम

कार्यों की मानीटरिंग की जाये जिससे फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सके, जिन कर्मचारियों को लक्ष्य आवंटित किया जाये यदि उनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शून्य पाया जाये तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होने कहा कि ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवाईसी एवं अन्य औपचारिकतायें पूर्ण करायी जाये ताकि पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करें, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

वाटर पार्क में नहाने गए युवक की मौत, दोस्तों संग पहुंचा था मंगरोही

कौशाम्बी, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक वाटर पार्क में रविवार दोपहर नहाने के दौरान युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद साथियों में अफरा-तफरी मच गई। युवक को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बांधवा गांव निवासी विमलेश कुमार (20) पुत्र दुर्गा प्रसाद रविवार को अपने तीन-चार दोस्तों के साथ मंगरोही गांव स्थित वाटर पार्क में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान वह अचानक पानी में चला गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। साथियों की नजर पड़ने पर उसे तत्काल पानी से बाहर निकाला गया। दोस्त उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता दुर्गा प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा स्विमिंग पूल में नहा रहा था। इसी दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। हालत खराब होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मंझनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

तहसील समाधान दिवस में राजस्व महकमे की सबसे ज्यादा शिकायतें

सुलतानपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। तहसील सदर सभागार में बदले स्वरूप के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक चारु निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह द्वारा जनसामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान आज सभी अधिकारी प्रातः 10:14 बजे से अपराह्न 2:14 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आम जनमानस की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजनमानस की सेवा के लिए है और प्रत्येक शिकायतकर्ता को सम्मानपूर्वक सुनना तथा उसकी समस्या का प्रभावी समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग, विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग व बिजली विभाग से संबंधित प्राप्त हो रही हैं, अतः उनका प्रभावी एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्य प्रणाली को पूर्णतः सिस्टमेटिक बनाया जाये तथा शिकायतों के समाधान हेतु बिजली विभाग का अलग काउण्टर भी स्थापित किया गया है, जिससे शिकायतकर्ताओं को सुविधा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछले तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की विभागवार समीक्षा की जायेगी तथा जिन मामलों में शिकायतकर्ता असंतुष्ट हैं, उनके समाधान की भी अलग से समीक्षा कर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए जनसंतुष्टि के आधार पर अपनी रैंकिंग बेहतर करें तथा सभी विभागों को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में शीर्ष पांच में लाने का प्रयास किया जाये। जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस एवं विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा शिकायतों का वास्तविक एवं धरातलीय समाधान सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता न निभायी जाये, बल्कि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता आवश्यक है तथा अधिकारियों को कॉर्पोरेट सेक्टर की कार्यशैली की तरह जिम्मेदारी एवं सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। शिकायतकताओं की सुविधा हेतु बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अधिकतम तीन दिवस के भीतर किया जाये।

संक्षिप्त समाचार

तोडफोड़, मारपीट व धमकी को लेकर दर्जन भर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। बोलेरो वाहन में तोडफोड तथा मारपीट व गालीगलौज एवं धमकी को लेकर सांगीपुर पुलिस ने दर्जन भर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के पहाड़पुर निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र रघुनाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह मई की रात लगभग पौने नौ बजे वह लोग सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखहरा के पास सामने से असामान्य दशा में बाइक सवार दो आरोपियों ने जबरन ओवरटेक कर बोलेरो को रोक लिया। आरोपियों द्वारा गालीगलौज करते हुए वाहन में सवार महिलाओं के साथ मारपीट की गयी। विरोध करने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। शोर मचाने पर आरोपी वाहन का शीशा तोड़कर धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्जन भर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बलवा समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

दो आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। उदयपुर पुलिस ने दलित पीड़िता व परिवार के सदस्यों के साथ विपक्षियों द्वारा मारपीट को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे मन्ना सिंह रेहुआ लालगंज निवासिनी रिंकू पत्नी रमेश सरोज ने दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह मई को सुबह नौ बजे वह घर पर थी। इस बीच विपक्षी गांव के ही अमरनाथ की पत्नी प्रभावती व वंशीलाल के पुत्र अमरनाथ पाल दरवाजे पर आ धमके। आरोपियों द्वारा रंजिशन गालीगलौज करते हुए मारपीट में पीड़िता व उसकी बेटी सलोनी तथा बेटे प्रेम को गंभीर चोटें आ गयी। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा पीड़िता को जातिसूचक गालियां भी दी गई। आरोपियों ने पीड़िता को कहीं शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीडन, मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है।

अपराधियों की अब खैर नहीं : प्रवीण कुमार

सुल्तानपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले के कुड़वार थाना में नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने संभाला कार्यभार । कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने का भरोसा दिलाया। नवागत थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि गोकशी, अवैध शराब, जुआ, सट्टा तथा अन्य सभी प्रकार के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने क्षेत्रीय जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि आम नागरिक निर्भीक होकर अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी ईमानदारी और तत्परता के साथ जनता की सेवा करने के निर्देश दिए। क्षेत्र में नए थाना प्रभारी की तैनाती के बाद लोगों में यह चर्चा है कि आखिर वे अपराध पर कितना प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर पाते हैं। फिलहाल उनके सख्त तेवर और बयान से यह संकेत जरूर मिल रहा है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान तेज किया जाएगा।

अज्ञात चोरों ने नकदी समेत उड़ाये जेवरात

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के विश्राम का पुरवा जेवई में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर बीस हजार नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। गांव के कृष्णा गुप्ता पुत्र नन्हें लाल ने रविवार को पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार सहित छत पर सो रहा था। बदमाशों ने बाक्स के ताले तोड़कर उसमें रखा घर की महिलाओं का सोने चांदी का जेवरात व बीस हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह परिजन सो कर उठे तब घर में बिखरे सामान व खुले बाक्स देखकर आवाक रह गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

पुरुषोत्तम माह के पहले दिन घुइसरनाथधाम समेत शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। पुरूषोत्तम मास के पहले दिन बाबा घुइसरनाथ धाम समेत अंचल के विभिन्न शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ जुटी दिखी। बाबा घुइसरनाथ धाम में हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। पुरूषोत्तम मास के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में रूद्राभिषेक पर रोक भी लगाई गयी है। श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर धाम में मौजूद संत महात्माओं को भोजन इत्यादि भी कराया। वहीं सई पार बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम तथा तिना चितरी स्थित बूढ़ेश्वरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन पूजन में रमें देखा गया।

महंगाई और बेरोजगारी पर मोदी सरकार जारी करे श्वेतपत्र : प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार द्वारा डीजल व पेट्रोल के साथ सीएनजी के भी दामों में बढ़ोत्तरी को बढ़ती महंगाई का लगातार पीड़ाजनक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा की केन्द्र सरकार को लगातार निरंकुश महंगाई और बेरोजगारी तथा पेपरलीक की श्रृंखला पर देश के सामने बिना विलम्ब के श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

वरिष्ठ कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पीएम पर तंज कसा कि देश मिशाइल मैन के नाम पर एपीजे कलाम को अगर याद रखेगा तब महंगाई मैन के रूप में वह मौजूदा पीएम मोदी को भी याद रखने के लिए बाध्य होगा। उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि 2014 में जब यूपीए की जगह भाजपा सत्ता में आयी तब उसे 2026 के इस दौर में महंगाई को लेकर सच्चाई के साथ आकड़े को जनता के सामने रखना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि नीट की परीक्षा का पेपर लीक का मामला गम्भीर आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा कि अब तक मोदी सरकार के कार्यकाल में विभिन्न परीक्षाओं के अस्सी पेपर लीक हो चुके हैं।

सांसद प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री पर सीधा कटाक्ष किया कि क्या वह पेपरलीक का शतक पूरा कर अपने पद से इस्तीफा देंगे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी वैश्विक ऊर्जा संकट का हवाला देकर सीमित संसाधनों का राग अलाप चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन पीएम के द्वारा प्रचार के लिए दो गाड़ियों में चलने के शो के बाद भारत जैसे देश के प्रधानमंत्री का साढ़े आठ हजार करोड़ के महंगे विमान से विदेश यात्रा के लिए निकलना उनके उपदेश की असलियत बयां कर गया है। उन्होंने कहा कि थोक महंगाई लगातार बढ़ रही है।

भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। क्षेत्र के नया पुरवा में श्रीरामचरितमानस सामूहिक पाठ को लेकर शनिवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में ग्रामीणों तथा राहगीरों ने भगवान जगन्नाथ स्वामी जी का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भण्डारे को लेकर प्रयागराज के दिनेश यादव व गाजीपुर के चंचल यादव के बिरहा गायन व भजन संगीत के कार्यक्रम में भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। संयोजक राजू यादव, राम औतार यादव, संतराम यादव, जय सिंह को श्रद्धालुओं की सेवा संगत में जुटा देखा गया। भण्डारे में सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, अधिवक्ता पंकज मिश्र, उदय सिंह आदि भी शामिल हुए।

विश्व रक्तचाप दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। आईएमए प्रतापगढ़ के डॉक्टर्स ने विश्व रक्त चाप दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जाँच शिविर प्रतापगढ़ के कंपनी बाग में आयोजित किया गया जो सुबह 6 बजे से 8.30 तक चला। इस शिविर में 100 से जायदा मॉर्निंग वॉकर की सहभागिता रही जिसमे सबसे जायदा बुजुर्ग पुरुष/महिला की उपस्थिति रही और काफी युवा लोगो ने भी रक्त चाप और शर्करा (ब्लड शुगर) की जांच करवाई। काफी लोगो का अनियंत्रित रक्तचाप और ब्लड शुगर लेवल मिला और वहाँ पर उपस्थिति डॉक्टर्स द्वारा उनको उचित सलाह और इलाज के बारे में बताया गया। इस शिविर में आईएमए प्रतापगढ़ ब्रांच की प्रेसिडेंट डॉ शशि प्रभा गुप्ता, डॉ एसएस गुप्ता, डॉ आरपी चौबे, डॉ संजय कपूर, डॉ एके कुलश्रेष्ठ, डॉ नितिन पांडे,डॉ सम्यक उपधाय, दवा कंपनी के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्वयंसेवी इस शिविर को आयोजित करने में अपना महत्पूर्ण योगदान दिया। अंत में इस संदेश के साथ इस स्वास्थ्य शिविर का समापन किया गया-1- जान लेवा हो सकती है उच्च रक्तचाप में लापरवाही बरतना।

2-साइलेंट किलर का कारण बन चुका है उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल। 3-भारत वर्ष में 11 लाख और पूरे विश्वअरब लोग उच्च रक्तचाप से ग्रसित। 4- खराब खान पान की आदत जरूरत से ज्यादा तनाव अनिंद्रा धूम्रपान और शराब/नशे का सेवन उच्च रक्तचाप का कारण। 5-समय समय पर स्वास्थ्य की जांच कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा।

अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना की रूरल बार ने सरकार से की न्यायिक जांच की मांग

लालगंज, प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। लखनऊ में रविवार को अतिक्रमण के नाम पर अधिवक्ताओं के चैम्बर में तोड़फोड़ तथा लाठी चार्ज की घटना को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लोकतंत्र में दमन की पराकाष्ठा कहा है। घटना को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी महेश ने संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सवाल उठाया है कि जिला पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम ने तोड़फोड़ को लेकर अधिवक्ताओं अथवा लखनऊ बार एसोसिएशन को पहले आखिर कोई नोटिस क्यों नही दी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम व जिला प्रशासन की चैम्बरों के तोड़फोड़ को लेकर यह कार्यवाही तब और असंवैधानिक प्रदर्शित हो उठी जब अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ की कार्यवाही कार्य दिवस की जगह जानबूझकर अवकाश के दिन रविवार की सुबह रखा गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस घटना की न्यायिक जांच कराये जाने की भी मांग की है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी ने सरकार से तोड़फोड़ को लेकर प्रभावित अधिवक्ताओं को समुचित मुआवजा एवं चैम्बरों के शासकीय खर्च पर पुर्ननिर्माण के साथ घायल अधिवक्ताओं के सम्पूर्ण इलाज सुनिश्चित कराने की भी आवाज उठायी है।

नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। वादी निवासी ग्राम घरहिया थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आरोप लगाया गया कि उनकी पुत्री, जिसकी शादी वर्ष 2012 में राजभवन गौतम उर्फ तुलसी पुत्र फागू गौतम निवासी ग्राम देवरखा थाना आसपुर देवसरा के साथ हुई थी, को उसका पति आए दिन प्रताड़ित करता था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। आरोप है कि उक्त प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर 14 मई को सुनीता गौतम द्वारा अपने घर की छत में गाटर से साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। इस संबंध में थाना आसपुर देवसरा में मु0अ0सं0 115/2026 धारा 108 बीएनएस बनाम 1 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

दिव्यांग के विवाह पर मिलेगा 15 से 35 हजार तक अनुदान

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उप्र, द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 15000 व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 20000 तथा युवक-युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 35000 धनराशि प्रदान की जाती है।

उन्होंने पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो, दम्पत्ति में कोई भी आयकर दाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिऐ, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो।

उन्होंने बताया है कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आनलाईन http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते है। आनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र आय व जाति प्रमाण पत्र युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो) सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित सयुक्त खाता अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाईन उपरोक्त बेबसाइट पर करना अनिवार्य है साथ ही आनलाईन सम्मिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ के कार्यालय को प्राप्त कराये। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय के कक्ष संख्या 25 में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।

पूर्व सैनिकों ने लिया समाज व प्रशासन के सहयोग का संकल्प

स्वास्थ्य, अनुशासन और राष्ट्रसेवा पर रहा जोर, ईसीएचएस व पेंशन समस्याओं पर भी हुई चर्चा

कौशाम्बी, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले में पूर्व सैनिक कल्याण समिति कौशाम्बी की मासिक बैठक भरवारी स्थित वशिष्ठ गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले भर से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

बैठक का संचालन समिति के संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा ने किया, जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने की।बैठक की शुरूआत अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया के संबोधन से हुई। उन्होंने पूर्व सैनिकों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियां बेहद संवेदनशील हैं और सभी पूर्व सैनिक देश के रिजर्व सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि देश को कभी भी उनकी आवश्यकता पड़ सकती है, इसलिए सभी को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों से प्रशासन के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। साथ ही समाज में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा घटना की जानकारी तत्काल पुलिस और प्रशासन को देने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में स्वयं गलत निर्णय लेने से बचना चाहिए।

उनके विचारों का उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों ने समर्थन किया। इसके बाद समिति के संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा ने पूर्व सैनिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ईसीएचएस सुविधा, पेंशन संबंधी समस्याओं तथा पूर्व सैनिकों के हितों से जुड़े अन्य विषयों पर जानकारी दी। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सभी सदस्यों के बीच एकजुटता बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया।

बैठक में जिला सचिव इशरार अहमद, उप जिला सचिव अर्जुन त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रामचरन पाल, वरिष्ठ पूर्व सैनिक सूबेदार जयनारायण मिश्रा, वरिष्ठ सलाहकार राजमन पाल, मानद कप्तान अनिल तिवारी, सार्जेंट धनंजय सिंह, वारंट अधिकारी राजेश कुमार यादव, सूबेदार मनोज कुमार तथा श्रीराम यादव सहित कई पूर्व सैनिकों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक समाप्ति के बाद सभी पूर्व सैनिकों ने ॥भारत माता की जय॥ और ॥वंदे मातरम॥ के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

गांजा संग अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कुण्डा मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कुण्डा के उ0नि0 निर्मल कुमार शर्मा, मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत बरई रोड आम की बाग के पास से 1 अभियुक्त सुरेश पटेल पुत्र मालिकराम पटेल निवासी रद्दू का पुरवा, बरई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र 48 वर्ष को कुल 1 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सुरेश पटेल के कब्जे से कुल 1 किलो 400 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया।

फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। ग्राम रामपुर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण द्वारा अवैध असलहों से जाने से मारने की नियत से एक राय होकर स्टेज व बारातियों के बीच फायरिंग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट बनाम 4 नामजद व 4-5 व्यक्ति अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 अंकित कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर संबंधित वांछित ईनामियां 1 अभियुक्त शनि सिंह पुत्र स्व. अजीत सिंह निवासी गोडे थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को 1 अदद आलाकत्ल पिस्टल, 1 अदद जिन्दा कारतूस व 1 अदद खोखा कारतूस के साथ रखहा बाजार से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त पिस्टल के बारे में पूछताछ की गई तो बताया गया जिस पिस्टल से मेरे द्वारा फायर किया गया था घटना के बाद उस पिस्टल और कारतूस को मैंने बेनीपुर नहर के बगल बाग में पेड़ के पीछे झाड़ में छुपा कर रखा हूं और पुलिस से बच कर भाग रहा था। अभियुक्त की निशानदेही पर 1 अदद आलाकत्ल पिस्टल व 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किये गये, जिसके संबंध में अभियोग उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई।

आरसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

❑ जिम्मेदार मौन, कागजों में 200 मिमी, जमीन पर 80-100 मिमी मोटाई; घटिया सामग्री, बिना क्योरिंग निर्माण से उठे सवाल

गोण्डा, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के मोहल्ला बजरंगनगर (मेहदीहाता) में हाल ही में कराए गए आरसीसी सड़क निर्माण कार्य पर गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बनाई गई सड़क में मानकों की खुलेआम अनदेखी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया, लेकिन शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मामले को दबाने में जुटे हैं।

सूत्रों के अनुसार सड़क निर्माण में कागजों पर 200 मिमी मोटाई दर्शाई गई, जबकि मौके पर सड़क की मोटाई मात्र 80 से 100 मिमी तक पाई जा रही है। आरोप है कि निर्माण में घटिया सीमेंट, गंदी बालू और खराब गुणवत्ता की गिट्टी का इस्तेमाल किया गया। इतना ही नहीं, सड़क के नीचे डाली जाने वाली जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) भी मानक के अनुरूप नहीं डाली गई या पूरी तरह गायब रही।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि आरसीसी डालने के बाद आवश्यक क्योरिंग तक नहीं कराई गई, जिससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। तकनीकी जानकारों के मुताबिक बिना मानक कम्पैक्शन, बिना उचित मिक्स डिजाइन और बिना क्योरिंग के बनाई गई सड़क कुछ ही समय में टूटने, धंसने और दरार पड़ने की स्थिति में पहुंच सकती है।

सड़क निर्माण की लेवलिंग और ढलान में भी गंभीर खामियां सामने आने की बात कही जा रही है। लोगों का आरोप है कि सड़क पर पहले से ही जलभराव की स्थिति बनने लगी है, जिससे आने वाले समय में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है।

मामले में सबसे गंभीर आरोप नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की भूमिका को लेकर लगाए जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इतनी बड़ी तकनीकी अनियमितताएं संबंधित जेई, एई और ठेकेदार की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। माप पुस्तिका (एमबी) में फर्जी प्रविष्टियां कर कागजों में मानक पूर्ण दिखाने और मौके पर वास्तविक कार्य अलग होने की चर्चा भी तेज है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा क्षतिग्रस्त की गई नाली की अब तक मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे आसपास जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष स्थलीय तकनीकी जांच तथा टीएससी (थर्ड पार्टी तकनीकी समिति) जांच कराई जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित जेई, एई और ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सरकारी धन की रिकवरी, विभागीय कार्रवाई और ब्लैकलिस्टिंग की जाए।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली सड़कें निर्माण के समय ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएं और शिकायतों के बावजूद जांच न हो, तो यह पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की सराहनीय पहल

श्रावस्ती, 17 मई, (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र, श्रावस्ती में आयोजित बैठक के दौरान 02 वैवाहिक/पारिवारिक विवादों का संवाद, काउंसलिंग एवं आपसी समझ के माध्यम से सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया।

बैठक में प्रभारी उप निरीक्षक शिवशरण गौड़, महिला थाना प्रभारी पुष्पलता संभ्रांत व्यक्ति सोहनलाल मिश्रा, दीनानाथ गुप्ता सदस्य परिवार परामर्श केंद्र महिला आरक्षी अर्चना रावत की उपस्थिति में दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया। पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की संवेदनशील पहल से पारिवारिक मतभेद दूर हुए और संबंधों में पुनः विश्वास स्थापित हुआ। सुलह उपरांत सभी पक्षों द्वारा भविष्य में आपसी सामंजस्य एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन का आश्वासन दिया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा निरंतर संपर्क बनाए रखा जाएगा ताकि परामर्श प्रक्रिया स्थायी रूप से सफल बनी रहे और परिवारों में सौहार्द कायम रहे।

अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़, 20 लीटर शराब व 200 लीटर लहन किया नष्ट

❑ पुलिस व आबकारी टीम को देखकर एक व्यक्ति भागा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया

नवाबगंज, गोंडा, 17 मई (तरुणमित्र)। आबकारी विभाग की टीम ने थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब बनाने के कारोबार का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई, जबकि मौके पर लगभग 200 लीटर लहन नष्ट कराया गया।

आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र-3 की टीम ने ग्राम नारायणपुर में एक घर के पीछे चल रही अवैध शराब भट्ठी पर छापा मारा। पुलिस व आबकारी टीम को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चंद्रपाल पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम नारायणपुर, थाना नवाबगंज बताया। मौके से चार प्लास्टिक जरीकैनों में रखी लगभग 20 लीटर कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण तथा लहन बरामद हुआ। टीम ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर नमूना सुरक्षित किया और शेष लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया।

आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 61 व 60(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई। छापेमारी टीम में आबकारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, पीओ संजीत सिंह, पीओ रामबोध राम, आरक्षी महताब अहमद, शुभम राय, श्यामनंद वर्मा व महिला आरक्षी सुमन पटेल शामिल रहे।

पत्रकारिता दिवस की तैयारी को लेकर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक संपन्न

❑ पत्रकारों ने लिया बढ़ चढ़ कर हिस्सा

गोंडा, 17 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई डाक बंगले पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी 30 मई को संपूर्णानंद टाउन हॉल में मनाए जाने वाले पत्रकारिता दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि सम्मेलन के लिए किसी बाहरी से सहयोग नहीं लिया जाएगा, संगठन के साथी स्वयं बढ़ चढ़ कर सहयोग कर रहे है। कार्यक्रम में 11 वरिष्ठ पत्रकार साथियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने की। इस दौरान महामंत्री महेंद्र कुमार सहित जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं पत्रकार साथियों से सहयोग का आह्वान किया गया तथा विभिन्न तैयारियों की जिम्मेदारी सभी को सौंपी गई।

बैठक में पत्रकार साथी संदीप अवस्थी, हरीश गुप्ता हनीफ सिद्दीकी, कृष्णा शर्मा, नदीम सिद्दीकी, रविन्द्र प्रताप सिंह, यूपी मिश्रा, मनोज सिंह,मनोज वर्मा, दिव्यांश सिंह, उमेश श्रीवास्तव,राम कुमार सिंह, धीरेन्द्र सिंह, राकेश चौहान, पंकज सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, सरदार जिंदर सिंह, संजय सिंह, बजरंग त्रिपाठी, आर सी पांडे सहित अन्य पत्रकार बंधु मौजूद रहे। बैठक के समापन पर जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जन आरोग्य मेले का आयोजन

नवाबगंज, 17 मई (तरुणमित्र)। क्षेत्र के टिकरी उपस्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में 25 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मेले में पहुंचे मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित की गईं तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह भी दी गई। उपस्थित चिकित्सक डॉ. अनूप तिवारी ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं से बचें तथा अधिक से अधिक पानी एवं तरल पेय पदार्थों का सेवन करें।

मुतवल्लियों को दिया निर्देश, दुरुस्त जानकारी उम्मीद पोर्टल पर करें अपलोड

श्रावस्ती, 16 मई, (तरुणमित्र)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ, मो0 जीशान मलिक ने बताया है कि सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2026 को सम्पन्न बैठक अवगत कराया गया कि उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी निर्धारित दिशा निदेर्शों के अनुरूप नहीं है, उक्त अपलोड की गयी जानकारी को दुरुस्त करा लिया जाये।

उन्होंने बताया कि 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र से सम्बन्धित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुये उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/दस्तावेजों के संकलन एवं स्पष्टीकरण हेतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, कक्ष संख्या-05, विकास भवन भिनगा जनपद श्रावस्ती में शिविर स्थापित किया गया है।

इसलिए जिन मुतवल्लियों की जानकारी पोर्टल पर दुरुस्त नहीं है, वह तत्काल अपने स्तर से जानकारी को दुरुस्त करा लें तथा 50 एकड़ से अधिक भूमि क्षेत्र से सम्बन्धित जनपद श्रावस्ती के मुतवल्लियों/प्रबन्ध समिति/ प्रशासकों को सूचित करना है, कि वक्फ बोर्ड के निर्देशानुसार उम्मीद पोर्टल पर अपलोड की गयी जानकारी/दस्तावेजों की एक प्रति जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में स्थापित शिविर में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करें।

महादेवा शिव मंदिर मेला के दृष्टिगत प्रत्येक सोमवार को डायवर्जन व्यवस्था

बहराइच, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा जनपद बाराबंकी रामनगर स्थित महादेवा शिव मंदिर पर मलमास (पुरुषोत्तम माह) के दृष्टिगत प्रत्येक सोमवार को होने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ तथा वर्तमान में संजय सेतु पर मरम्मत कार्य चलने के कारण घाघराघाट पर यातायात व्यवस्था सामान्य बनाये रखने हेतु प्रत्येक सोमवार को समस्त भारी वाहन, चार पहिया वाहन, कामर्शियल मालवाहक वाहन (ट्रक, बस, रोडवेज बस, डम्फर, टेंकर.चार पहिया, कामर्शियल मालवाहक इत्यादि) हेतु डायवर्जन व्यवस्था निम्नवत लागू की गई है।

अंतर्जनपदीय डायवर्जन व्यवस्था-

जनपद बहराइच घाघरा घाट से जनपद लखनऊ की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को टिकोरा मोड़ से डायवर्ट कराकर चहलारीघाट, रेऊसा होते हुए लखनऊ की तरफ भेजा जायेगा।

ऐसे वाहन जिन्हें टिकोरा मोड़ से चहलारीघाट की तरफ डायवर्ट किया जाता है उनमें से कुछ वाहन यादवपुर लिंक मार्ग से होकर लखनऊ मार्ग पर निकलते हैं ऐसे वाहनों को यादवपुर मोड़ से सीधे चहलारीघाट, रेउसा की तरफ भेजा जायेगा।

पयागपुर, हुजूरपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को कैसरगंज तिराहा से डायवर्ट कर टिकोरा मोड़ चहलारी घाट होते हुए लखनऊ की तरफ भेजा जायेगा।

कर्नलगंज जनपद गोण्डा की तरफ से आने वाले समस्त भारी वाहनों को जरवल तिराहा से डायवर्ट कराकर टिकोरा मोड़ की तरफ भेजा जायेगा।

जनपद गोण्डा व बलरामपुर से डायवर्जन व्यवस्था

जनपद गोण्डा से संजय सेतु का प्रयोग कर लखनऊ जाने वाले वाहनों को वाया नवावगंज अयोध्या य वाया परसपुर तरबगंज ढेमवाघाट से रौनाही होकर भेजा जाये , जनपद बलरामपुर से संजय सेतु का प्रयोग कर लखनऊ जाने वाले वाहनों को वाया गोण्डा, परसपुर, तरबगंज, ढेमवाघाट से रौनाही अथवा उतरौला वाया मनकापुर नबावगंज से अयोध्या होकर लखनऊ भेजा जाये ।

डायवर्जन का दिनांक व अवधि

दिनांक-17.05.2026/ 18.05.2026 की रात्रि 24.00 बजे से 12.00 बजे तक, 2. दिनांक-24.05.2026/ 25.05.2026 की रात्रि 24.00 बजे से 12.00 बजे तक, 3. दिनांक-31.05.2026/ 01.06.2026 की रात्रि 24.00 बजे से 12.00 बजे तक, 4. दिनांक-07.06.2026/ 08.06.2026 की रात्रि 24.00 बजे से 12.00 बजे तक, 5. दिनांक-14.06.2026/ 15.06.2026 की रात्रि 24.00 बजे से 12.00 बजे तक ।

कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

बहराइच, 17 मई (तरुणमित्र)। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्धाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 25 मई से 03 जून 2026 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं।

भिनगा के सर्राफा व्यवसायियों ने सोमवार बन्दी को लेकर कसी कमर

राजा सोनी के नेतृत्व में आज से होगी सोमवार बन्दी

भिनगा/श्रावस्ती, 17 मई, (तरुणमित्र)। नवनिर्वाचित भिनगा सदर के सरार्फा एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सोनी ने सरार्फा व्यवसायियों को एकजुट व एकमत कर सोमवार बन्दी को पूर्ण रूपेण लागू करने का आह्वान किया, जिसे सदर भिनगा के सभी सरार्फा व्यवसायियों ने आज से निरन्तर साप्ताहिक सोमवार बन्दी करने का निर्णय लिया।

राजा सोनी ने यह भी बताया कि यह सरकार के मंशानुरूप साप्ताहिक बन्दी है, जिसे हर व्यापारी वर्ग को लागू करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री व प्रदेश संगठन मंत्री तथा स्वर्णकार संघ के जिला महामंत्री राजेश रस्तोगी ने कहा है, कि हम भी सभी व्यवसायियों से साप्ताहिक बन्दी कराने का पुरजोर प्रयास करेंगे, जिससे व्यापारी हितों का लाभ हो व हर व्यापारी इस साप्ताहिक अवकाश का लाभ उठा सके।

'ओ' लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच, 17 मई (तरुणमित्र)। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क 'ओ' लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 16 जून से 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 10 जुलाई 2026 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जुआ खेलते 16 गिरफ्तार, लाखों की नकदी व ताश की दो गड्डी बरामद

गोंडा, 17 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व थाना वजीरगंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 16 मई 2026 को उ0नि0 रणविजय सिंह मय हमराह पुलिस बल के ग्राम बहादुरा क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बहादुरा में सड़क किनारे सार्वजनिक स्थान पर कुछ व्यक्ति हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए दबिश दी गई, जहां 16 व्यक्तियों को ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। मौके से मालफड़ के रूप में कुल ?2,01,600/- नकद तथा 52 ताश के पत्तों की 02 गड्डी बरामद हुई। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों की जामा तलाशी से कुल ?6,840/- नकद बरामद किये गये। बरामद समस्त धनराशि एवं ताश की गड्डियों को नियमानुसार कब्जे में लेकर सील किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना वजीरगंज में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभिनेश कुमार पुत्र शंकर पाल निवासी सहादतगंज थाना अयोध्या कैण्ट जनपद अयोध्या, रंजीत सोनकर पुत्र स्व0 मंगलदास निवासी सदर बाजार कैण्ट थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, तोहिद अहमद पुत्र शफीक निवासी सिकन्दरपुर थाना परशरामपुर जनपद बस्ती, राजकरन पुत्र दीपचन्द निवासी जनंथरा घाट थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, राजीव सक्सेना पुत्र दीनदयाल सक्सेना निवासी शिव कॉलोनी थाना खटीमा जनपद उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, विष्णु पुत्र रामसूरत निवासी दुल्लापुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा, दीनानाथ मोदनवाल पुत्र पूरनप्रताप निवासी सिकन्दरपुर थाना परशरामपुर जनपद बस्ती, मंजय यादव पुत्र स्व0 राजेन्द्र यादव निवासी हलकारद पुरवा थाना अयोध्या कोतवाली जनपद अयोध्या, उमेश पुत्र स्व0 रामकुमार प्रसाद निवासी बेगमगंज गढ़ैया थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, कामरान खान पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी दिलकुशा मोतीमहल थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, दीपनारायण पुत्र स्व0 सुभरन यादव निवासी धोबहा मौजा बहादुरा थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा, वंश पाण्डेय पुत्र स्व0 राजकुमार पाण्डेय निवासी सुगरमिल गेह थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा, विकास सोनी पुत्र वंशीलाल सोनी निवासी हड्डीपुरवा सुगरमिल थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा, मोहम्मद नासिर पुत्र मोहम्मद नजरु निवासी जवाहर नगर (मनकापुर बाजार) थाना मनकापुर जनपद गोण्डा, जयनुल पुत्र मोहम्मद अकबर निवासी सदर बाजार कैण्ट थाना कैण्ट जनपद अयोध्या, अबरार पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी राठबेली थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या।

पुलिस कार्यालय में कर्मचारियों को दिया ई-आफिस व पेपर लेस आफिस के क्रियान्यवन का प्रशिक्षण

श्रावस्ती, 17 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 17 मई 2026 को पुलिस सभागार में समस्त कार्यालय/शाखाओं में पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-आफिस के माध्यम से किये जाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में समस्त थाना कार्यालय/शाखा के अधिकारी/ कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग होने के नाते ई-ऑफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है। प्रशिक्षण मुख्य बिंदुओं पर केंद्रित रहा-प्रशिक्षण में दैनिक डाक/पत्रावलियों के पेपरलेस व इलेक्ट्रानिक तरीके से संचालित करने के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण में फिजिकल फाइलों को डिजिटल रूप में संचालित करने तथा डिजिटल हस्ताक्षरित प्रकिया में आगे बढ़ने हेतु विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में जन सामान्य के प्रार्थना पत्रों को भी डिजिटल/इलेक्ट्रानिक तरीके से पेपरलेस/त्वरित निस्तारण प्रक्रिया में आगे बढ़ने हेतु विस्तार से बताया गया।

ई-आफिस डिजिटल/ इलेक्ट्रानिक फाइलों के रखरखाव की सुरक्षित व भरोसेमंद प्रक्रिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह द्वारा जिन शाखाओ मे इंटरनेट/कम्प्यूटर सिस्टम कमी है वहाँ तत्काल संसाधन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जिससे ई-आफिस/पेपर लेस आफिस पद्धति को सुचारू रुप से लागू किया जा सके।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी संजय मिश्रा सहित पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओ के लगभग 40 अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जर्जर पुलिया की अभी तक नहीं हुई मरम्मत किसी बड़े हादसे के इंतजार में प्रशासन

गोंडा, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद के तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के विकासखंड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम छतौरा से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो विकास के दावों की पोल खोलने के साथ-साथ प्रशासनिक उदासीनता की पराकाष्ठा को भी दशार्ती है। यहाँ स्थित एक पुलिया वर्तमान में इतनी जर्जर अवस्था में पहुँच चुकी है कि वह किसी भी क्षण धराशायी होकर एक बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है।

हवा में झूल रहा कंक्रीट, खिसक चुकी है जमीन

मिली जानकारी के अनुसार, इस पुलिया के नीचे की पूरी मिट्टी पानी के बहाव के कारण बह चुकी है। वर्तमान में स्थिति यह है कि कंक्रीट का भारी-भरकम स्लैब बिना किसी ठोस आधार के हवा में झूल रहा है। तकनीकी दृष्टि से देखा जाए तो यह ढांचा अब केवल एक चमत्कार के सहारे टिका है।

जान हथेली पर रखकर निकलने को मजबूर ग्रामीण

यह मार्ग ग्रामीणों, किसानों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों के आवागमन का मुख्य जरिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ से गुजरते समय हमेशा मन में डर बना रहता है। किसानों को अपने कृषि उत्पादों को ले जाने में भारी कठिनाई हो रही है, वहीं अभिभावक अपने बच्चों को इस रास्ते से स्कूल भेजने में कतरा रहे हैं।

हमें हर पल डर लगा रहता है कि कहीं हमारे बच्चे इस हादसे का शिकार न हो जाएं। प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। - एक स्थानीय ग्रामीण

मानसून बन सकता है काल

आगामी वर्षा ऋतु इस समस्या को और अधिक विकराल बना सकती है। यदि बारिश से पहले इस पुलिया का नवनिर्माण या ठोस मरम्मत नहीं कराई गई, तो यह पूरी तरह ढह जाएगी। ऐसी स्थिति में गाँव का मुख्य संपर्क मार्ग टूट जाएगा और आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या अन्य आवश्यक सेवाओं का पहुँचना असंभव हो जाएगा।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

इस गंभीर मुद्दे पर संबंधित विभाग और जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करता है। क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी के होने का इंतजार कर रहा है।

अनुदेशक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सम्पन्न

❑ डेमो चेक प्रदान कर अनुदेशकों को किया गया सम्मानित
❑ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

बहराइच, 17 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय को रू. 9000=00 से बढ़ाकर रू. 17000=00 किये जाने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए अनुदेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई। सम्मान समारोह में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं मा. उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मा. बेसिक शिक्षा मंत्री तथा अन्य मंत्रिगण के उदबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं कार्यक्रम स्थल पर लाइव दिखाया गया, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं अनुदेशकों द्वारा अत्यंत उत्साह के साथ देखा व सुना गया।

आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा एवं शिक्षकों के सम्मान के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मानदेय वृद्धि केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि अनुदेशकों की सेवाओं के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने सभी अनुदेशकों से विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य निर्माण हेतु पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण हेतु सतत कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार निरंतर ऐतिहासिक निर्णय ले रही है तथा अनुदेशकों के हितों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

उत्थान ऑडिटोरियम में आयोजित जनपदीय समारोह में लगभग 300 अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक विकासखंड के प्रतिनिधि अनुदेशकों को प्रतीक स्वरूप डेमो चेक प्रदान कर सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुदेशकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा गया कि वे बुनियादी शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभागीय अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का कल्याणकारी एवं संवेदनशील स्वरूप आज प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के विकास के क्षेत्र में सरकार द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि सरकार की सकारात्मक सोच एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सम्मान एवं गौरव की भावना से परिपूर्ण रहा।

सरकार मूलभूत जिम्मेदारियों को निभाने में विफल : राकेश राठौर

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। पीलीभीत बाईपास स्थित रॉयल फौजी गार्डन में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा की अध्यक्षता में 'संविधान बचाओ संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीतापुर से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर रहे। कार्यक्रम के आयोजक ठेकेदार राजा राम साहू रहे, जबकि रणजीत सिंह साहू का विशेष सहयोग रहा। संचालन प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने किया। सांसद राकेश राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार जनता से देश की मूल समस्याओं को छुपाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का उल्लेख है, लेकिन वर्तमान सरकार इन मूलभूत जिम्मेदारियों को निभाने में लगातार विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से केंद्र सरकार ने कई गंभीर मुद्दों को जनता से छुपाकर रखा, जो देश के लिए शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में जनता ने बड़े विश्वास के साथ सरकार को चुना था, लेकिन आज आम नागरिक अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। सांसद राठौर ने कहा कि हाल ही में डीजल और पेट्रोल के दामों में वृद्धि की गई, जबकि पांच राज्यों के चुनाव तक वास्तविक स्थिति को जनता से छिपाया गया। चुनाव समाप्त होते ही महंगाई बढ़ा दी गई और आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार समाज में विभाजन और कुरीतियों को बढ़ावा दे रही है तथा जनता के धन का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिले में अपने कार्यालय और बड़े-बड़े भवन बनाने में लगी हुई है, जबकि आम जनता महंगाई और कर्ज

के बोझ से दबती जा रही है। सांसद राठौर ने कहा कि आज स्कूल बंद किए जा रहे हैं और शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे देश के युवाओं और बच्चों को नशे की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दादा ने कहा कि अपने आपको सनातन धर्म की सरकार कहने वाली भाजपा वास्तव में सनातन संस्कृति को ही नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा नेताओं की ऐसी तस्वीरें सामने आईं जिनमें वे माथे पर तिलक और गेरुआ वस्त्र धारण कर मंगलवार के दिन मछली खाते दिखाई दिए, जिससे सनातन धर्म की छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि सवाल किसी के खान-पान का नहीं है, बल्कि सवाल उस आस्था और मर्यादा का है, जिसका सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन किया जाता है। उन्होंने कहा कि देव नगरी की संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का सम्मान बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। प्रवक्ता केबी त्रिपाठी ने कहा की आजादी के बाद की सांसे भ्रष्ट सरकार बीजेपी की है कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों मुख्यरूप से कासिम कश्मीरी, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, राजा राम साहू, डॉ पीपी माथुर, आनंद साहू इंजीनियर जीशान, अनिल देव शर्मा, प्रेम शंकर साहू, प्रियंका राठौड़, कृष्णा राठौर, अनुराग राठौर, रंजीत राठौर डॉ बीना जायसवाल, रविंदर राठौर, अमित कश्यप, नाथूलाल राठौर, गौरीशंकर राठौर, डॉ हरीश गंगवार, डॉ दत्त राम, सतीश सैनी, सुरेश दिवाकर, अब्दुल हामिद, सबनम खान, हारुन अंसारी, महेंद्र पाल गंगवार, पंकज उपाध्याय, इरशाद मंसूरी, आदि मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला डिजिटल सशक्तिकरण का तोहफा

पीलीभीत, 17 मई (तरुणमित्र)। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को डिजिटल माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में शनिवार को जनपद पीलीभीत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को अपने हाथों से स्मार्टफोन वितरित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सरकार ने पारदर्शिता और तकनीकी विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराने की घोषणा सरकार द्वारा पहले ही की गई थी, जिसे अब धरातल पर उतार दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हजारों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मोबाइल फोन की खरीद एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन सरकार ने इसे भी सफलतापूर्वक पूरा किया।उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पोषण ट्रैकर समेत अन्य ऑनलाइन कार्यों को आसानी से संचालित कर सकेंगी।

सैय्यद अब्दुल कदीर मियां का एक रोजा कुल शरीफ मनाया

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। आस्ताना ए आलिया मौहम्मदिया दरगाह वली मियां में पीर ए तरीकत कुतुबुलअकताब किबला अल्हाज मौलाना शाह वली मोहम्मद साहब रहमतुल्लाह अलैह वली मियाँ के पीरो मुर्शिद किब्ला मौलवी सैय्यद अब्दुल कदीर मियां रहमतुल्लाह का एक रोजा कुल शरीफ मनाया गया। सुबह से जायरीन के आने के सिलसिला जारी रहा, जायरीन के लिए रात भर आस्ताने के लंगरखाने में लंगर तैयार किया गया खास बात यह है जिसे किसी बाहर भेजने वाले लोगों नहीं बल्कि खानकाह के खादिम लोग ने दाल बनाई और औरतों ने रोटियां बना कर लंगर तैयार किया। कुतुबुलअकताब हजरत अल्हाज अश्शाह मौलाना वली मोहम्मद रहमतुल्लाह अलैह के मुर्शिद का नाम सय्यद मौलवी अब्दुल कदीर मियाँ रहमतुल्लाह अलैह है, आपके पीरो मुर्शिद शफकतों प्यार से मौलाना कह कर पुकारते थे। पीरो मुर्शिद के विसाल के बाद हर साल 17 मई को हजरत वली मियां अपनी खानकाह में मौलवी सय्यद अब्दुल कदीर मियां रहमतुल्लाह अलैह का कुल मनाते ? थे जो आज भी हस्बे बदस्तूर जारी है जिसे सज्जादानशीं अनवर मियाँ हुजूर अंदाम दे रहे हैं और हजरत वली मियां हुजूर के फैज को बाट रहे हैं। सय्यद मुस्तजाब अली,अहमद हुसैन, फाज़िल, नवेद आदि ने नात व मंकबत पढ़ी, कारी गुलाम

यासीन ने अपने ब्यान में कहा कि सय्यदुल सादात सय्यद मौलवी अब्दुल कदीर मियां रहमतुल्लाह अलैह औलाद ए गौसे आजम मादरजाद वली हुए जिन्होंने हजरत वली मियां हुजूर की तरबीयत हर लिहाज से मुकम्मल की और मजमुए कमालात से नवाजा। सय्यद मौलवी अब्दुल कदीर मियां रहमतुल्लाह अलेह से मुरीद होने से पहले आप पर जज्बो जलाल का आलम तारी रहता था। फातिहा के बाद दुआ ए खैर की गयी जिसमें मुल्क की सलामती व अमन चैन के लिए सज्जादानशीं अल्हाज अनवर मियाँ हुजूर ने दुआ की। कुल शरीफ में सय्यद नाजिर अली (चाँद), हाजी आरिफ उल्लाह, अब्दुल जब्बार, शराफत, इफ़्तख़ार हुसैन, रियासत, फ़िरासत, मोहम्मद आरिफ, मुदस्सर सिद्दीकी, आजम हुसैन, अखलाक अहमद, हाफिज उवैस, हाजी रेहान, कमर गनी आदि मौजूद रहे।

युवा पत्रकार के निधन पर शोकसभा में शामिल हुए नगर के गणमान्यजन

फिरोजाबाद, 17 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पत्रकार पंजाब केसरी के ब्यूरो चीफ बनारसी लाल भोला के पुत्र एवं अमित भोला (सिटी रिपोर्टर) के आकस्मिक निधन पर होटल तुलसी पैलेस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सुहाग नगरी के समाजसेवी, राजनीतिक दलों व प्रशासन जगत से जुड़े लोगों ने उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना देकर श्रद्धांजली अर्पित कर शोक व्यक्त किया सिटी रिपोर्टर अमित भोला के आकस्मिक निधन पर देवेन्द्र शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजली सभा आयोजित की गयी। जिसका संचालन डा. श्रवण कुमार अरोरा ने किया। इस दौरान सुहाग नगरी के समाजसेवी एवं राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों में नगर विधायक मनीष असीजा, पूर्व विधायक रमेश चन्द चंचल, पूर्व विधायक ओम प्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक अजीम भाई, ब्लॉक प्रमुख डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, गौ सेवक आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील टण्डन, पूर्व महानगर जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता, राकेश शंखवार, पूर्व मंत्री विवेक अग्रवाल, प्रमुख उद्योगपति मुकेश बंसल टोनी, पार्षद प्रमोद राजौरिया, पंकज अग्रवाल, व्यापारी नेता रविंद्र लाल तिवारी, महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, रामबाबू झा, श्रमिक नेता रामदास मानव, सपा नेता सतेंद्र जैन सोली, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, बसपा नेता डॉ. ज्ञान सिंह, देववाणी परिषद, महापौर कामिनी राठौर द्वारा विचार व्यक्त कर उनके जीवन काल में किये गये कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त किया।

वृद्धा की जमीन पर कब्जे की कोशिश, कोर्ट के आदेश के बावजूद दीवार तोड़ने का आरोप

पीलीभीत, 17 मई (तरुणमित्र)। तहसील सदर क्षेत्र के गांव पकड़िया नौगवां चक मुस्तकिल बाहर चुंगी में 80 वर्षीय वृद्ध महिला की जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। वृद्धा ने कुछ लोगों पर कोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए दीवार तोड़कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।गांव पकड़िया नौगवां चक मुस्तकिल बाहर चुंगी निवासी चरनजीत कौर पत्नी स्वर्गीय महेन्द्र सिंह छाबड़ा ने आरोप लगाया कि उनके नाम दर्ज गाटा संख्या 120क एवं 120ख की करीब 1000 वर्गगज भूमि पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि संक्रमणीय भूमिधर के रूप में उनके व अन्य वादीगण के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।पीड़िता के अनुसार, गाटा संख्या 120 की पूर्वी व उत्तरी मेड़ पर उनकी पक्की दीवारें बनी हुई हैं। आरोप है कि पड़ोसी काश्तकारों ने दीवार तोड़कर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया था। इस पर उन्होंने वर्ष 2013 में सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट नंबर-02 पीलीभीत में मूलवाद संख्या 439/2013 दायर किया था। बताया गया कि न्यायालय ने 15 अक्टूबर 2019 को स्थगन आदेश जारी किया था। इसके बाद 10 मई 2022 को हुए स्थलीय निरीक्षण एवं कमीशन की कार्रवाई में पूर्वी व उत्तरी मेड़ पर बनी दीवारों का उल्लेख भी किया गया। बाद में न्यायालय ने 2 मार्च 2023 को वाद का निस्तारण करते हुए प्रतिवादियों के खिलाफ स्थाई निषेधाज्ञा का आदेश पारित किया। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि वादिनी के शांतिपूर्ण कब्जे एवं अध्यासन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न किया जाए।इसके बावजूद पीड़िता का आरोप है कि शरद गंगवार, किशन गंगवार, दुष्यन्त गंगवार एवं अबरार नामक लोग तहसील की एक जांच आख्या का सहारा लेकर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। वृद्धा ने आरोप लगाया कि उनकी दीवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी की गई।

पंचायत चुनाव में देरी पर प्रधानों का आक्रोश, कार्यकाल विस्तार की उठी मांग

प्रशासक व्यवस्था के खिलाफ ग्राम प्रधान लामबंद, 20 मई को शक्ति प्रदर्शन

पीलीभीत, 17 मई (तरुणमित्र)। पंचायत चुनाव समय सीमा के भीतर कराने की मांग अब तेज होती जा रही है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन से जुड़े ग्राम प्रधानों ने पंचायत चुनाव में देरी और ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाने की संभावनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से तय समय सीमा पर चुनाव कराने या प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग उठाई है। प्रधानों का कहना है कि गांवों की सरकार जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों से चलनी चाहिए, न कि प्रशासकीय व्यवस्था के भरोसे। प्रधानों ने कहा कि वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल आगामी 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है, लेकिन अब तक पंचायत चुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। इससे गांवों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रधानों का कहना है कि यदि समय पर चुनाव नहीं कराए गए तो विकास कार्यों की गति प्रभावित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में जवाबदेही एवं पारदर्शिता भी कमजोर पड़ेगी।अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ग्राम प्रधान गांवों में सरकार और जनता के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ग्रामीण सड़कों, नालियों, पेयजल, आवास, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में ग्राम प्रधान लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में निर्वाचित पंचायतों की जगह प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत होगी प्रधानों ने मांग की है कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय सीमा के भीतर कराए जाएं।

डीजल-पेट्रोल व गैस के दाम बढ़ाये जाने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

फिरोजाबाद, 17 मई (तरुणमित्र)। सोमवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा सरकार द्वारा पैट्रोल - डीजल के साथ - साथ घरेलू व सी एन जी गैस के दामों में बेतहाशा बृद्धि की गयी है जिसके विरोध में जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जायेगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल - डीजल के साथ - साथ घरेलू, सी एन जी गैस के दामों में बेतहाशा बृद्धि की गई है इससे पूर्व व्यावसायिक गैस सिलेंडर एवं 05 किलो के गैस सिलेंडर में भी वृद्धि की गई थी, पेट्रोलियम पदार्थों में लगातार की जा रही बृद्धि से घरेलू उपयोग की वस्तुओं के अलावा अन्य दैनिक वस्तुओं की कीमत बढ़ना लाजमी है ,जिससे आम नागरिक की कमर तोड़ कर रख दी है। क्योंकि रोजगार मिल नहीं रहा है, महंगाई पहले से ही चरम पर है 'उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनमानस के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। और आगे भी करती रहेगी इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मंशा के अनुरूप जिला एवं महानगर कांग्रेस के सैंयुक्त नेतृत्व में 18/05/26 दिन सोमवार को जिला मुख्यालय दबरई पर बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करना सुनिश्चित किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

बाइक की टक्कर से भैंस की मौत

बदायूं,17 मई (तरुणमित्र)। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से टकरा गई। हादसे में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बिसौली सहसवान रोड पर गांव खितौरा के पास बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव महलोली निवासी प्रवीण अपने बड़े भाई मुलायम सिंह और फुफेरे भाई अजय के साथ बाइक से खितौरा जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गांव के पास पहुंची, तभी गांव भुड़िया निवासी जंडेल की भैंस, जो सड़क किनारे ट्यूबवेल से पानी पीकर लौट रही थी, बाइक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि भैंस की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

बदायूं, 17 मई (तरुणमित्र)। गायत्री शक्तिपीठ एवं आध्यात्मिक चेतना केंद्र पर आयोजित शिक्षक गरिमा सम्मान समारोह में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान हुए भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता छात्र छात्राओं, केंद्र व्यवस्थापक रहे प्रधानाचार्यों और शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। परिव्राजक सुमित कुकरेती और सुमन कुकरेती ने वेदमंत्रोच्चारण कर पूजन कराया मुख्य अतिथि उपजोन समन्वयक अजय वीर सिंह यादव ने मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया उन्होंने कहा कि शिक्षकों से मिले श्रेष्ठ संस्कारों और विचारों से जीवन पवित्र बन जाता है। मानव में देवत्व का उदय होता है।

निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर जारी

बदायूं, 17 मई (तरुणमित्र)। भारत स्काउट गाइड संस्था के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर चल रहे निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के 15 वें दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में राहगीरों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को शीतल जल पिलाकर सेवा, संस्कार और मानवता की मिसाल पेश की। चिलचिलाती धूप में बच्चों का समर्पण और सेवा भाव लोगों के लिए प्रेरणादाई रहा।

छात्रा मानवी पटेल को ब्रह्माकुमारी संस्था ने किया सम्मानित

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। 12वीं की बोर्ड परीक्षा में ऑल इंडिया सेकंड रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाली होनहार छात्रा मानवी पटेल को ब्रह्माकुमारी संस्था के चौपला सेंटर पर संस्था की क्षेत्रीय संचालिका पार्वती दीदी, ब्रह्माकुमारी नीता दीदी, रजनी दीदी, पारुल दीदी, पूर्व डीआईजी विकास वैद्य एवं विभा वैद्य द्वारा सम्मानित किया गया। सभी ने उन्हें भविष्य के लिए अनन्त शुभकामनाएं दी। मानवी ने अपनी सफलता का श्रेय शिव बाबा की याद और सकारात्मक चिंतन को दिया। मानवी ने बताया कि नियमित अध्ययन के साथ ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास से उन्हें एकाग्रता व आत्मविश्वास मिला। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी सेंटर पर जाना उन्हें बहुत अच्छा लगता है, जहा से उन्हें मानसिक शांति और प्रेरणा मिलती है। उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए मेहनत और आध्यात्मिकता का प्रेरणादायक उदाहरण बनी है।

ध्यान से मिला मानसिक संतुलन, स्वास्थ्य में सुधार : गुरुदेव गोविन्द

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। सिद्धयोग शक्ति दरबार में रविवार को विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लेकर ध्यान साधना का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर गुरुदेव गोविन्द ने ध्यान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ध्यान के माध्यम से मन की चंचल वृत्तियों को संतुलित किया जाता है। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है तथा खुशी के रसायन बनने लगते हैं, जिससे मानसिक शांति प्राप्त होती है और शारीरिक व मानसिक पीड़ा में कमी आती है। ?उन्होंने आगे बताया कि जब गुरु स्वयं ध्यान करवाते हैं, तो वे साधकों में शक्ति का प्रेषण करते हैं। इस शक्ति के प्रभाव से कुंडलिनी ऊर्जा जागृत

होकर ऊपर की ओर विभिन्न चक्रों में कार्य करने लगती है, जिससे साधक को ध्यान की गहराई का वास्तविक अनुभव होता है।गुरुदेव ने कहा कि ध्यान केवल सीखने की वस्तु नहीं है, बल्कि यह गुरु की कृपा और शक्तिपात से ही सच्चे रूप में प्राप्त होता है। गुरुदेव ने कहा कि ध्यान व्यक्ति को ईश्वर से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे उसका एकाकीपन समाप्त होता है और वह समाज एवं संसार से जुड़ाव महसूस करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीखा गया ध्यान प्रभावी नहीं होता, बल्कि गुरु के शक्तिपात से प्राप्त ध्यान ही साधक को वास्तविक आध्यात्मिक अनुभव और लाभ प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि योग भी शरीर को संतुलित संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महर्षि पतंजलि ने अपने अष्टांग योग में ध्यान को समाधि से पूर्व अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया है, जो साधना की उच्च अवस्था को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करता है। गुरु मां आस्था जी ने बताया पिछले 31 वर्षों से सिद्धियोग शक्ति दरबार में गुरुदेव द्वारा शक्ति पाठ के द्वारा ज्ञान करवाया जा रहा है जिससे सैकड़ों परिवार में सुख शांति और समृद्धि का विकास हो रहा है उन्होंने आगे कहा कि ध्यान ही वह माध्यम जो व्यक्ति के जीवन को संतुलित करता है। कार्यक्रम में शशि मिश्रा, राजीव शर्मा, देवेश मिश्रा, मुनीश राजपूत, सुमिधा मेहरोत्रा,पुष्पी शर्मा, अनामिका मेहरोत्रा, कंचन अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, दिव्या शंखधर, मधुरलता शर्मा, मधु, विमल मेहरोत्रा, अमर सिंह, स्वजल कपूर, धर्मेंद्र सिन्हा, मनोज सक्सेना, प्रियंका कपूर, अवनीश मिश्रा, पीयूष मिश्रा, सुकेश सक्सेना, हर्षित अग्रवाल सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। ?यह जानकारी ट्रस्ट के सचिव डॉ कमल किशोर मेहरोत्रा ने दी।

मिल्कियां वाले सैय्यद बाबा की मजार पर अकीदत के साथ उर्स संपन्न

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। धर्मपुर रिठौरा में स्थित सैय्यद बाबा मिल्कियां वालों की मजार पर रविवार को एक रोजा उर्स का अकीदत व पारंपरिक ढंग से आयोजन किया गया। उर्स के दौरान क्षेत्र के तमाम अकीदतमंदों और जायरीन ने मजार शरीफ पर हाजिरी देकर मखमली चादर पेश की और सुख-समृद्धि की दुआएं मांगी। मजार के सज्जादानशीन अशफाक अहमद ने बताया कि यह मजार क्षेत्रवासियों के लिए गहरी आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। यह एक सिद्ध दरगाह है, जहां आने वाले हर जायरीन की मन्नत पूरी होती है। उर्स के मौके पर मजार शरीफ पर सुबह से ही चादरपोशी और न्याज का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। कव्वाली के कलामों पर झूमे जायरीन उर्स के विशेष अवसर पर सूफियाना महफिल-ए-कव्वाली का शानदार आयोजन किया गया। कव्वालों ने अपनी बेहतरीन गायकी और रूहानी कलामों से समां बांध दिया, जिसे सुनकर कार्यक्रम में

जायरीन ने मजार-ए-पाक पर चादरपोशी कर मांगी अमन-चैन की दुआ

मौजूद श्रोता और अकीदतमंद झूमने पर मजबूर हो गए। मजार परिसर के आसपास सजे पारंपरिक मेले में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और खिलौने की दुकानें लगाई गईं थीं, जिनका बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। इसके साथ ही उर्स की मशहूर मिठाई हलवा-पराठा की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने वाले इस उर्स में तमाम गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, कांग्रेस नगर अध्यक्ष उवैश अंसारी, पूर्व सभासद अब्दुल हलीम उर्फ गरीब अहमद, जाकिर मंसूरी, राजीव उर्फ लवकुश साहू, लोकेश कुमार गुप्ता, शमशाद अहमद, मोहम्मद आरिफ, दन्ने, इकबाल और यासानी अंसारी आदि ने मजार-ए-पाक पर संयुक्त रूप से चादरपोशी कर अकीदत के फूल पेश किए।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट का आयोजन

बच्चों के इलाज में विशेष सावधानी आवश्यक

बरेली, 17 मई (तरुणमित्र)। युवाओं और बुजुर्गों के मुकाबले दवाइयों और जांचों के प्रति बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं ऐसे में उनके उपचार और ऑपरेशन में विशेष सावधानी आवश्यक है। यह तभी संभव है जब विशेषज्ञ चिकित्सकों को अत्याधुनिक उपकरणों के साथ ही इस क्षेत्र में हो रही रिसर्च की जानकारी मिलती रहे। यही जानकारी एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट 2026 में दी गई। चिकित्सकों के साथ ही डेलीगेट्स और रेजीडेंट इससे लाभान्वित हुए। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित एनेस्थीसियोलॉजी क्रिटिकल केयर एवं पेन मैनेजमेंट विभाग की ओर से रविवार को एक दिवसीय पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट का आयोजन हुआ। इसमें विशेषज्ञों चिकित्सकों के व्याख्यान के साथ ही वर्कशाप में भी प्रैक्टिकल जानकारी दी गई। पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट 2026 के उद्घाटन सत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति जी

ने डेलीगेट्स और रेजीडेंट को वर्कशाप में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज पीजी की डिग्रियां बिक रही हैं। जिन संस्थानों में इलाज के लिए मरीज ही नहीं पहुंचते, वहां से डिग्री लेकर चिकित्सक बनने से मरीजों का किस तरह भला हो सकता है, यह सोचने की बात है। लेकिन याद रहे सीखने की इच्छा ही सफलता के रास्ते पर ले जाती है और यह एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में लगातार हो रही कांफ्रेंस और वर्कशाप आपको सीखने का मौका मिलता है। ऐसे में अपने क्षेत्र से संबंधित जानकारी लेकर अपडेट होना और मरीजों को अच्छे से अच्छा उपचार देकर उन्हें स्वस्थ करना आवश्यक है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज दिल्ली के पीडियाट्रिक एवं निओनेटल विभाग की डायरेक्टर डॉ.अंशु गुप्ता और वर्कशाप डायरेक्टर के रूप में नोएडा स्थित यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एनेस्थिसियोलॉजी एवं पेन मेडिसिन विभाग के डायरेक्टर डॉ.अंशुमान मिश्रा ने वर्कशाप को सीखने का बड़ा मौका बताया। डॉ.अंशु ने कहा कि सभी ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है लेकिन बच्चों की सर्जरी में यह भूमिका और भी संवेदनशील हो जाती है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा सतर्क होना और अपडेट रहना जरूरी है। इससे पहले उद्घाटन समारोह में पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन डा.गीता कार्की ने सभी का स्वागत किया और वर्कशाप की जरूरत को बताते हुए इसकी जानकारी दी। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी और वर्कशाप को सफल बताया। पीडिया सेफ एनेस्थीसिया अपडेट की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ.दिव्या विजय ने सभी का आभार जताया और धन्यवाद प्रस्ताव रखा। उद्घाटन समारोह का संचालन डॉ.शुभ्रा कुमारी ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, डीन पीजी डॉ.एसके सागर, डीन यूजी डॉ.बिंदु गर्ग, डॉ.ललित सिंह, डॉ.नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ.केएम झा, डॉ.ब्रजेश मेहरोत्रा, डॉ.मनोज कुमार टांगड़ी, एनेस्थीसिया विभाग के फैकल्टी सदस्य, रेजीडेंट्स और पीजी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस पर सुबह सात बजे ट्रेजरी पर उपस्थित रहें : डीएम

फरुर्खाबाद, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद में दिनांक 21 मई 2026 को आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा आयोजन से संबंधित सुरक्षा, प्रशासनिक एवं व्यवस्थात्मक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस पर प्रातः 07 बजे ट्रेजरी पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण एवं परीक्षा प्रक्रिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी, जो परीक्षा अवधि के दौरान केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं पर सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कागज के टुकड़े, प्लास्टिक पाउच, पर्स, स्मार्टबैंड, स्मार्टवॉच, सनग्लासेस, कैलकुलेटर एवं हैंडबैग सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा तथा ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से धारण करना होगा।

उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में स्थित फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट से संबंधित दुकानें परीक्षा अवधि के दौरान पूर्णतः बंद रखी जाएं, जिससे किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी युक्त कंट्रोल रूम एवं स्ट्रॉन्ग रूम स्थापित किए जाएंगे तथा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना समय से पूर्ण कर उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर क्लॉक रूम की व्यवस्था की जाए, जहां अभ्यर्थी अपनी निजी वस्तुएं सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को केवल नीला अथवा काला पेन, प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। जिलाधिकारी ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे परीक्षा पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कक्षों, शौचालयों एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच सुनिश्चित करें। सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापक से नो-रिलेशन प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाए तथा ड्यूटी में लगाए गए शिक्षकों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबरों की सूची उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम, पेयजल एवं शौचालय संबंधी संकेतक (साइनेज) स्पष्ट रूप से लगाए जाएं तथा प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दीवार घड़ी अनिवार्य रूप से स्थापित की जाए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर सिटिंग प्लान प्रदर्शित किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने रोडवेज बस अड्डे पर हेल्प डेस्क स्थापित करने तथा अभ्यर्थियों से वाहनों द्वारा किसी प्रकार की ओवरचार्जिंग न किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था एवं पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

एकतरफा प्यार में हैवानियत: 17 साल की किशोरी को पेड़ से बांधकर बेरहमी से पीटा

● हदें पार: विरोध करने पर संवेदनशील अंगों को दांतों से काटा, पुलिस ने पहले दबाया मामला, अब आरोपी हिरासत में

हरदोई, 17 मई (तरुणमित्र)। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एकतरफा प्यार में पागल सिरफिरे युवक ने इंसानियत और क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। अपने चाचा की शादी के कार्यक्रम से देर रात घर लौट रही 17 वर्षीय किशोरी को गांव के ही अतुल नाम के युवक ने सुनसान रास्ते से अगवा कर लिया। आरोपी उसे गांव के बाहर एक सुनसान स्थान पर खींच ले गया और शादी का दबाव बनाने लगा। जब किशोरी ने इसका कड़ा विरोध किया तो आरोपी ने उसे रस्सी से एक पेड़ से बांध दिया और लाठी-डंडों, लात-घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इतने से भी जब आरोपी का दिल नहीं भरा तो उसने हैवानियत की इंतेहा पार करते हुए किशोरी के संवेदनशील अंगों को अपने मुंह से बुरी तरह काट डाला। वारदात के बाद किशोरी लहूलुहान हालत में मौके पर ही बेहोश हो गई और आरोपी उसे तड़पता हुआ छोड़कर भाग निकला। होश आने पर पीड़िता किसी तरह घिसटते हुए अपने घर पहुंची और दरवाजे पर गिर पड़ी। खून से लथपथ बेटी को देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बदहवास परिजन रात में ही पीड़िता को लेकर बेनीगंज कोतवाली पहुंचे, लेकिन यहां पुलिस का संवेदनहीन चेहरा सामने आया। पीड़ित परिवार की लाचारी और अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए पुलिस ने इस जघन्य वारदात को मामूली मारपीट का रूप दे दिया और हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति कर दी। पीड़िता की मां का आरोप है कि पुलिस ने तहरीर में क्या लिखा, उन्हें इस बात की भनक तक नहीं लगने दी गई।

जब कई दिन बीतने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और वह खुलेआम घूमता रहा, तब न्याय न मिलता देख परिजनों ने मीडिया के सामने पुलिस की लापरवाही और किशोरी के अंगों के साथ हुई दरिंदगी का पूरा सच उजागर कर दिया। कैमरे पर मामला सामने आते ही पुलिस महकमे के हाथ-पैर फूल गए। आनन-फानन में पुलिस अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और किशोरी को दोबारा मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पहले मेडिकल में डॉक्टरों ने किशोरी के शरीर पर छह गंभीर चोटों का जिक्र किया है। भारी दबाव के बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने अब आरोपी अतुल को हिरासत में लेने का दावा किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले में संगीन धाराएं बढ़ाई जा रही हैं और आरोपी के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई की जाएगी जो मिसाल बनेगी। वहीं, इस खौफनाक वारदात के बाद से पूरे इलाके में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

बिलग्राम नगर पालिका के ईओ पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री से जांच व कार्रवाई की मांग

बिलग्राम /हरदोई, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर पालिका परिषद बिलग्राम के अधिशासी अधिकारी (ईओ) नीरव शल्य पर रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बाद मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायत पत्र के आधार पर ईओ के खिलाफ विभागीय जांच एवं कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई गई है।शिकायतकर्ता द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदारों से भुगतान जारी करने के एवज में कथित तौर पर कमीशन और रिश्वत ली जाती रही है।

शिकायत में दावा किया गया है कि 14 फरवरी 2026 को वायरल हुए एक वीडियो में भूसा आपूर्ति समेत अन्य कार्यों के भुगतान के बदले करीब डेढ़ लाख रुपये लेने की बात सामने आई थी। इसके अलावा पूर्व में भी कथित अवैध वसूली के आरोप वायरल वीडियो के माध्यम से सामने आने का उल्लेख किया गया है।प्रार्थना पत्र में ईओ की पूर्व तैनाती स्थलों का जिक्र करते हुए भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि वर्ष 2022 में मैनपुरी जनपद की नगर पंचायत घिरोर में तैनाती के दौरान भी रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हुआ था। वहीं मेरठ की नगर पालिका सरधना और अलीगढ़ की नगर पंचायत जलाली में तैनाती के दौरान भी भ्रष्टाचार एवं धन मांगने के आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, इस संबंध में पक्ष जानने के लिए हमारे संवाददाता द्वारा बिलग्राम ईओ नीरव शल्य को फोन किया गया, लेकिन उनकी ओर से कॉल रिसीव नहीं की गई।हालांकि, जिस वीडियो को आधार बनाकर आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पुराना बताया जा रहा है और उसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। हमारा समाचार पत्र/चैनल वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

राशन कार्ड जारी करना पूर्ति विभाग का काम नहीं: डीएसओ खीरी

डीएम के संज्ञान लेने पर हरकत में आये जिम्मेदार, महिला से लिए आवश्यक प्रपत्र



राशनकार्ड पावती रसीद
Your Transaction ID is :215341513672

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश

राशन कार्ड आवेदन शुल्क रु-30

1. मुखिया का EPIC/VoterID		2. क्षेत्र (नगरीय/ग्रामीण)	ग्रामीण
3. मुखिया का नाम(हिन्दी में)	रिचा देववंश	4. मुखिया का नाम(अंग्रेजी में)	Richa Devvansh
5. पिता का नाम(हिन्दी में)	राम कुमार	6. पिता का नाम(अंग्रेजी में)	RAM KUMAR
7. पति का नाम(हिन्दी में)	सरवन	8. पति का नाम(अंग्रेजी में)	SARVAN
9. वर्ग	पिछडे वर्ग	10. मोबाईल नं0	96XXXXXX40
13. वर्तमान निवास विवरण	(a) मकान सं0-	(b) बिल्डिंग / अपार्टमेंट/सड़क-	(c) सेक्टर / खंड-
	(d) लैंडमार्क-	(e) मोहल्ला/कॉलोनी- MAHEWA	(f) वार्ड -
	(g) ब्लॉक का नाम- PHOOLBEHAR	(h) ग्राम पंचायत का नाम- ODRAHANA	(i) ग्राम/टाउन का नाम- Odrahana
	(j) जिला- Kheri	(k) पिन कोड- 261506	
14. स्थायी निवास विवरण-	(a) मकान सं0-	(b) बिल्डिंग/अपार्टमेंट/सड़क-	(c) सेक्टर/खंड-
	(d) लैंडमार्क-	(e) मोहल्ला/कॉलोनी MAHEWA	(f) वार्ड -
	(g) ब्लॉक का नाम-PHOOLBEHAR	(h) ग्राम पंचायत का नाम-ODRAHANA	(i) ग्राम/टाउन का नाम- Odrahana
	(j) जिला- Kheri	(k) पिन कोड- 261506	
15. पेशा/व्यवसाय	HOUSE WIFE	16. परिवार की कुल वार्षिक आय:	रु0 0/-
17. गैस कनेक्शन की स्थिति:	उपलब्ध नहीं	18. गैस कनेक्शन का प्रकार:	
19. गैस कनेक्शन संख्या-	उपलब्ध नहीं	20. गैस एजेंसी का नाम	
21. गैस कम्पनी का नाम-		22. जेन्डर-	महिला
23. बैंक खाते का विवरण-	(a) बैंक का नाम- ALLAHABAD BANK	(b) बैंक शाखा- MAHEWA GANJ	(c) IFSC कोड- ALXXXXXXX76
(d) बैंक खाता संख्या-	XXXXXXX5204	24. ईमेल का पता-	
25. कोटेदार का नाम	Jaibun Nisha		

परिवार का विवरण

सदस्य का नाम(1.हिन्दी/2.अंग्रेजी में)	पिता/पति का नाम(3.हिन्दी/4.अंग्रेजी में)	5.सम्बन्ध	6.जन्म तिथि	7.आधार/एनरोलमेंट सं0	8.सदस्य की कुल वार्षिक आय
अर्पित पटेल/ARPIT PATEL	सरवन / SARVAN	बेटा	19/02/2019	XXXXXXXX1914	0
रिचा देववंश/Richa Devvansh	राम कुमार / RAM KUMAR	स्वयं	02/04/1991	XXXXXXXX9765	0

लखीमपुर-खीरी, 17 मई (तरूणमित्र)। जनसुनवाई पोर्टल के द्वारा एक विधवा महिला द्वारा अंत्योदय राशन कार्ड कि माँग करना डीएसओ खीरी को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने राशनकार्ड जारी करने से विभाग का पल्ला ही झाड लिया हालांकि मामले का संज्ञान जनपद के लोकप्रिय, तेजतर्रार जिलाधिकारी द्वारा लिए जाने पर कोटेदार द्वारा महिला से राशन कार्ड जारी करवाने हेतु आवश्यक प्रपत्र लें लिए गये हैं।

जनपद के सदर तहसील के अंतर्गत ओदरहना के महेवा गाँव निवासी एक विधवा महिला ने बताया कि उसके पति कि मौत हो चुकी है उसके पास जीविका चलाने का कोई भी साधन नहीं है, वह अपना गुजारा सरकार द्वारा प्राप्त विधवा पेंशन से कर रही है, जबकि उसके एक पुत्र ० एक पुत्री भी है, महिला ने सरकार कि गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से अंत्योदय कार्ड की माँग की थी जिसपर जिला पूर्ति अधिकारी भड़क गये और उन्होंने राशन कार्ड जारी करना पूर्ति विभाग का काम नहीं है, का हवाला देतें हुए महिला को तहसील ० ब्लॉक के चक्कर काटने की सलाह दे डाली। जिला पूर्ति अधिकारी साहब शायद यह बिल्कुल भूल गये की सरकार ने किस मंशा के तहत जनसुनवाई पोर्टल का संचालन किया है। हालांकि मामला जनपद के कुशल कार्यक्षमता वाले बहुत ही कम समय में लोगों के दिलों में अपनी लोकप्रियता की छाप छोड़ने वाले जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के संज्ञान में आते ही विभाग में हड़कंप मच गया आनन फानन में स्थानीय कोटेदार द्वारा महिला का राशन कार्ड जारी करने हेतु आवश्यक दस्तावेज भी लें लिए गयें हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जिलाधिकारी खीरी द्वारा सरकार के जनसुनवाई पोर्टल का मजाक बनाने वाले अपने मन मुताबिक फर्जी आख्या लगाकर शिकायतकताओं को गुमराह करने वालों के खिलाफ कब और क्या कार्यवाही कि जाती है? जिलाधिकारी खीरी अंजनी कुमार सिंह के पीआरओ ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है विधवा महिला के राशन कार्ड जारी करने के निर्देश सम्बंधित विभाग को दिये जा चुके हैं।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता यादव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

बिलग्राम, 17 मई (तरूणमित्र)। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश यादव की पत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता यादव का रविवार को निधन हो गया। बताया गया कि लखनऊ स्थित आवास पर अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ममता यादव के निधन की खबर मिलते ही बिलग्राम नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ममता यादव लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं तथा क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान थी। उनके निधन से परिवार सहित समर्थकों में शोक व्याप्त है। बिलग्राम के समाजसेवी आसिफ अली शम्मू,भाई समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव अफसर अली, पूर्व प्रधान सुशील कुमार एडवोकेट, मोहम्मद अदीब अली एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप यादव सहित नगर के तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

बिलग्राम से दिल्ली के लिए नई बस सेवा शुरू, 7 घंटे में पूरा होगा सफर

बिलग्राम/हरदोई, 17 मई (तरूणमित्र)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन निगम हरदोई डिपो ने गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली के लिए नई बस सेवा शुरू कर दी है। इस सेवा का शुभारंभ प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया। नई सेवा शुरू होने से बिलग्राम, संडीला, हरदोई और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को दिल्ली तक कम समय में पहुंचने की सुविधा मिलेगी। परिवहन विभाग के अनुसार एक बस प्रतिदिन सुबह 6 बजे बिलग्राम से दिल्ली के लिए रवाना होगी, जबकि दूसरी बस संडीला से शाम 6 बजे प्रस्थान करेगी। गंगा एक्सप्रेसवे मार्ग से चलने वाली ये बसें लगभग 7 घंटे में दिल्ली पहुंचेंगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वैभव रघुवंशी ने बताया कि यात्रियों की लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए यह नई सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए यात्रा समय में काफी कमी आएगी और यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक सफर का लाभ मिलेगा। जरूरत पड़ने पर भविष्य में बसों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक प्रमुख धनंजय सिंह सहित कई लोगों ने नई बस सेवा को जनहित में सराहनीय पहल बताया।

तेंदुए के हमले में घायल किशोरी से मिलने पहुंचीं प्रख्याति खरे व आरती सिंह

लखीमपुर-खीरी,17 मई(तरूणमित्र। लखीमपुर खीरी जिले के गोला वनरेंज क्षेत्र के तनसुख पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया था, जब शौच के लिए गई एक किशोरी पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल मोतीपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान किशोरी ने साहस और बहादुरी का परिचय दिया। इसी कड़ी में दरियादिली दिखाते हुये शनिवार को समाजवादी महिला सभा की जिला इकाई ने अस्पताल पहुंचकर घायल ज्योति से मुलाकात की और उसकी बहादुरी की सराहना की। जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे और महासचिव आरती सिंह ने ज्योति को सम्मानित करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

लौंद की ब्रज 84 कोस परिक्रमा शुरू, बढ़ने लगे आस्था के पग

● ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग को पांच जोन व 11 सेक्टर में बांटा गया

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा और अधिकमास गोवर्धन गिर्राज परिक्रमा को लेकर पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं। रविवार से शुरू हुई एक माह की ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा लगाने को श्रद्धालुओं उमड़ पड़े। इनकी सुरक्षा के लिए पूरे परिक्रमा मार्ग को छावनी में तब्दील कर दिया है। पांच जोन, 11 सेक्टर में सैकड़ों पुलिसकर्मी, पीआरवी वाहन और डाक्टरों की टीमें तैनात की गई हैं। ब्रज की आस्था, श्रद्धा और परंपरा के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। 17 मई से 17 जून तक चलने वाली इस परिक्रमा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा का चक्र तैयार किया है। इससे पूरा परिक्रमा मार्ग 24 घंटे निगरानी में रहेगा। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग और गोवर्धन में ब्रीफिंग कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर ढिलाई मिली तो जिम्मेदारी तय होगी।

गोवर्धन में जोन, सेक्टर स्कीम लागू

21 किलोमीटर लंबे गोवर्धन परिक्रमा मार्ग को सुपर जोन, तीन जोन और छह सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। यहां भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की संख्या और बढ़ाई गई है। तीन पुलिस उपाधीक्षक, सात निरीक्षक, 38 उपनिरीक्षक, 201 सिपाही, 10 महिला सिपाही और यातायात पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

डीएम व एसएसपी ने देखी सुरक्षा, सफाई व प्रकाश व्यवस्था

डीएम सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने ब्रज 84 कोस परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा, सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा शिविर और सड़क मरम्मत के निर्देश दिए। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन, एम्बुलेंस और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पंचाभिषेक, फूल बंगला और रसिया दंगल ने बांधा समां

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। आगरा रोड स्थित कंस टीला के नीचे प्राचीन शनिदेव मंदिर में शनि जयंती अमावस्या के अवसर पर इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शनिदेव का विधि-विधान से पंचाभिषेक किया गया, जिसमें घी, दूध, दही, शहद और बूरा से अभिषेक किया गया। मंदिर के सेवायत महंत बनवारी लाल यादव के निर्देशन में प्रातःकाल शनि देव मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए पूरे दिन मीठे शरबत की प्याऊ की व्यवस्था रही तथा सायंकाल बूंदी-चना का प्रसाद वितरित किया गया। शाम होते ही मंदिर परिसर में फूलों और बर्फ से आकर्षक बंगला सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। दर्शन के लिए दिनभर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। रात्रि में पारंपरिक रसिया दंगल का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य मुकाबला हाथरस के रामवीर सिंह प्रधान (विप्र अखाड़ा) और अलीगढ़ के ओमवीर शर्मा (बैरम अखाड़ा) के बीच हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी दीपक चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ

फरुर्खाबाद, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद फरुर्खाबाद के सेण्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी के विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु 'सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र' का सफल आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी उ0नि0 श्री सत्येंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को हेलमेट व सीटबेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। सत्र के दौरान शासन द्वारा चलाई गई 'राहगीर योजना' के बारे में बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' में अस्पताल पहुँचाने वाले 'गुड सेमेरिटन' (नेक फरिश्ते) को ?25,000 की प्रोत्साहन राशि व सम्मान दिया जाता है, साथ ही पीड़ित को ?1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज भी मिलता है।

मिलावटखोर लगा रहे वृंदावन की साख को बट्टा

● खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दो दिन में नष्ट किया 18 .5 क्विंटल पेड़ा
● पड़ोसी राज्यों से भारी मात्रा में आ रहा सिंथेटिक और मिलावटी पेड़ा

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। मिलावट खोर वृंदावन की साख को बट्टा लगा रहे हैं। जिला प्रशासन का मिलावटखोरों पर रत्ती भर खौफ नहीं है। दो दिन में करीब तीन लाख रुपये कीमत का पेड़ा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पकडा है। पकड़े गये खोआ को सैंपलिंग करने के बाद नष्ट करा दिया गया। एक ही रूट पर एक ही सोर्स से लगाता हो रही सप्लाई को रोकने में जिला प्रशासन नाकाम रहा है।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वृंदावन में धौलपुर, राजस्थान, से तस्करी कर लाया गया 17 कुंतल, 1700 किलो दूषित पेड़ा जब्त किया है। प्लास्टिक के 43 बोरों में बेहद अस्वस्थकर और बदबूदार परिस्थितियों में छिपाकर लाए गए इस पेड़े की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 58 हजार रुपए बताई जा रही है। रविवार को एक बार फिर अधोमानक खोआ पकड़ा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह के नेतृत्व में रमणरेती चौकी प्रभारी वृंदावन के सहयोग से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के सचल दल अरुण कुमार एवं दलबीर सिंह द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान पुरूषोत्तम मास के महीने में वृन्दावन में खपाने के लिए विष्णु पुत्र अमरचंद निवासी छटीकरा मथुरा के नौकर द्वारा स्कूटी संख्या यूपी 85 बीड ब्लूयू 2816 पर 4 प्लास्टिक के बोरों में लगभग 150 किलोग्राम संदिग्ध पेड़ा बिक्री के लिए ले जाते हुए पकड़ा गया। दूषित पेड़ा अस्वस्थकर परिस्थितियों में प्लास्टिक के बैग में भंडारित था। स्कूटी पर ले जा रहा कौशल पुत्र सोरन सिंह निवासी जाचौदा गोवर्धन एवं उसके साथ संतोष पुत्र श्याम बाबू निवासी कोसी खुर्द द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा विष्णु पुत्र अमरचंद के यहां से प्लास्टिक के बैग में पेड़ा स्कूटी पर रखकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर के आसपास के दुकानों पर सप्लाई किया जाता है। खाद्य सचल दल के सदस्य अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संदिग्ध पेड़ा का एक नमूना जांच के लिए संग्रहित कर शेष बचे पेड़ा को विनिश्वर प्रकृति का होने के कारण खाद्य कारोबारकताओं की लिखित सहमति के पश्चात नष्ट करा दिया गया। जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 30000 रुपए है। इससे पहले शनिवार को भी विभाग की ओर से कार्यवाही की गई थी। इससे पहले शनिवार को भी कार्यवाही की गई थी। वृंदावन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि पेड़ा जल्दी खराब होने वाली, विनिश्वर, प्रकृति का थाए इसलिए खाद्य कारोबारकताओं की लिखित सहमति के बाद सभी 43 बोरों के पेड़े को मौके पर ही गड्ढा खोदकर नष्ट करा दिया गया। सभी 9 नमूनों को तुरंत जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, लैब भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आते ही आरोपियों और मिलावटी पेड़ा खरीदने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर विधिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बांके बिहारी मंदिर के पास की दुकानों पर होनी थी सप्लाई

पकड़े गए आरोपी के मुताबिक, मथुरा में छटीकरा निवासी अमरचंद और दिनेश गर्ग (विष्णु पुत्र अमरचंद) के जरिए इस दूषित पेड़े को वृंदावन क्षेत्र में श्री बांके बिहारी मंदिर के आस-पास की नामचीन और स्थानीय मिठाई दुकानों पर सप्लाई किया जाना था। अगर यह पेड़ा बाजार में बिक जाता, तो हजारों श्रद्धालुओं की सेहत बिगड़ सकती थी।

जनता से दूर, अपने में मशगूल 'मथुरा भाजपा'

मथुरा, 17 मई (तरुणमित्र)। मथुरा भाजपा व्यस्त है। प्रदर्शन, कार्यकताओं का प्रशिक्षण, कार्यशाला, बैठकें, फीड बैक सब एक साथ चल रहा है। भाजपा कोटे के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी बेहद व्यस्त हैं। इस व्यस्तता में एक दूसरे को दिखाने देखने की होड भी खूब मची हैं। इस कवायद में जनता कहीं नहीं है। आम आदमी की शिकायतों को सुनने की फुरसत किसी के पास नहीं है। कार्यकर्ता से लेकर पदाधिकारी और यहां तक कि अधिकारी इस तरह प्रशिक्षित हो चले हैं कि वह सिर्फ अपनी बात करने, अपनी बात मनवाने में महारथ हासिल कर चुके हैं। भले ही अपनी गली की समस्या पर मौन साध जाएं लेकिन राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर प्रखर वक्ता होने की दंभ रह किसी को हो चला है। 200 कार्यकताओं की इस प्रखरता को और निखारने के लिए आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को केएम यूनिवर्सिटी पाली डूंगरा में वैचारिक ऊर्जा और संगठनात्मक संकल्प के साथ समापन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के 11 सत्रों में पहुंचे वक्ताओं ने संगठन की रीति नीति, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, किसान हित एवं बूथ सशक्तिकरण जैसे विषयों पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रखर वक्ता के रूप में विकसित किया। दूसरे दिन प्रथम सत्र में ब्रज क्षेत्र महामंत्री नागेन्द्र सिकरवार, द्वितीय सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, तृतीय सत्र में भारतीय जनता किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर, चतुर्थ सत्र में विधान परिषद सदस्य रजनी कांत



माहेश्वरी ने चुनिंदा 200 कार्यकताओं की वाकपटुता को निखारा। रजनी कांत माहेश्वरी ने बूथ प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी विजय का मूल आधार मजबूत बूथ संरचना होती है। उन्होंने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का मंत्र दिया। सत्र की अध्यक्षता सांसद हेमा मालिनी ने की। उन्होंने कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। प्रशिक्षण वर्ग अंतिम सत्र में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर न एवं अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने की। वही उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की वैचारिक चेतना का सशक्त आंदोलन है। वहीं जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया भाजपा कार्यकताओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 11 सत्रों में अलग अलग विषयों पर प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई।

अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय हुआ 17 हजार ,सम्मान समारोह आयोजित

सम्मान एवं चेक वितरण समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। इसके तहत प्रदेश के 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय 1 अप्रैल 2026 से ?9,000 से बढ़ाकर ?17,000 प्रति माह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इसी अभूतपूर्व मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में रविवार को लोक भवन सभागार, लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'अंशकलिक अनुदेशक सम्मान समारोह तथा चेक वितरण कार्यक्रम' आयोजित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग, शाहजहांपुर द्वारा इस राज्य स्तरीय

मुख्य समारोह का सीधा (सजीव) प्रसारण स्थानीय गन्ना शोध परिषद के सभागार में दिखाया गया, जहाँ जनपद स्तर पर भी अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक चेक और सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस जनपद स्तरीय भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, बीजेपी के जिले के अध्यक्ष के सी मिश्रा , महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अनुदेशकों के हित में वित्त मंत्री का संबोधन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा, शिक्षक समाज की दिशा तय करते हैं। बच्चों के भविष्य को संवारने और उन्हें आदर्श नागरिक बनाने की मुख्य जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर है। उन्होंने आगे कहा कि योगी सरकार ने अनुदेशको का मानदेय 9000 से बढ़ा के 17000 कर दिया है साथ ही शिक्षामित्रों का मानदेय ?18,000 करके उनकी सेवाओं को और अधिक मजबूती दी है। सरकार ने हमेशा संवेदनशीलता दिखाई है और भविष्य में भी इनके कल्याण के रास्ते बंद नहीं हैं। उन्होंने सभी शिक्षामित्रों और अनुदेशकों से पूरी कर्तव्यनिष्ठा और ऊर्जा के साथ प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान किया कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

ई-रिक्शा पलटने से चार लोग गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

तिलहर/शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। तिलहर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित बिलहरी मोड़ पर रविवार को एक ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मोहम्मद शाह निवासी ग्राम शहबाज नगर तिलहर 42 वर्ष, आफताब निवासी अब्दुल्लागंज जनपद हरदोई 8 वर्ष ,मुस्तफा निवासी 30 वर्ष, रहमान 7 वर्ष निवासी गढ़ जामा फातिमा थाना सदर बाजार शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर पहुंचाया गया।

रोड निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास विधायक ने किया भूमि पूजन

उन्नाव, 17 मई (तरुणमित्र)। पोनी रोड के अवशेष 1840 मीटर भाग के निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सुरेशचन्द्र शुक्ला की अगुवाई में विधायक का जोरदार स्वागत किया।

जनहित के कार्य सरकार की प्राथमिकता : विधायक

स्वागत के बाद आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि जनहित के कार्यों को पूरा कराना मोदी-योगी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पोनी रोड का निर्माण क्षेत्र की जरूरत था, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हाईवे से पोनी मार्ग निर्माण कार्य के बाद

❑ 1840 मीटर अवशेष मार्ग के निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

1840 मीटर हिस्सा शेष रह गया था, जिसकी द्वितीय चरण में स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और अब निर्माण कार्य भी शुरू होने जा रहा है।

विद्युत पोल शिफ्टिंग के लिए भी धन स्वीकृत

विधायक ने कहा कि मार्ग पर लगे विद्युत पोल आवागमन में बाधा बन रहे थे। इस समस्या को देखते हुए विद्युत पोलों की शिफ्टिंग के लिए भी धन आवंटित करा दिया गया है। इसके बाद मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में राजकुमार यादव, श्रीकान्त पाण्डेय, उमेश तिवारी, विकास मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सभासद एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

उन्नाव में अवैध खनन पर कार्रवाई दो जेसीबी मशीनें पकड़ी गई

हसनगंज व बांगरमऊ क्षेत्र में चला सघन चेकिंग अभियान

उन्नाव, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन द्वारा हसनगंज और बांगरमऊ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान मिट्टी के अवैध खनन में प्रयुक्त दो जेसीबी मशीनों को पकड़ा गया। तहसील हसनगंज क्षेत्र में अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई, जिसे थाना आशिवान की सुपुर्दगी में दे दिया गया। वहीं तहसील बांगरमऊ क्षेत्र में भी एक अन्य जेसीबी मशीन पकड़ी गई, जिसे थाना बेहटा मुजावर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। खनन इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई अवैध खनन के खिलाफ यह कार्रवाई खनन इंस्पेक्टर प्रांजुल सिंह द्वारा की गई।

प्रशासन का कहना है कि जनपद में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्नाव में डाक सेवाओं का डिजिटलीकरण तेज

अब डाकिया को भी कर सकेंगे ऑनलाइन भुगतान, सीओडी और बीमा प्रीमियम की सुविधा हुई डिजिटल

उन्नाव, 17 मई (तरुणमित्र)। भारतीय डाक विभाग ने अपनी सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए आम लोगों को बड़ी सुविधा दी है। अब ऑनलाइन मंगाए गए सामान की कैश ऑन डिलीवरी (सीओडी) राशि का भुगतान डाकिया को यूपीआई के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके साथ ही डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रीमियम का भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकेगा। डाक विभाग द्वारा एपीटी 2.0 (एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी) प्रणाली लागू किए जाने के बाद डाकघरों की कार्यप्रणाली में तेजी से बदलाव किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत पोस्टमैन के डीएसएस एप में यूपीआई आधारित भुगतान प्रणाली जोड़ी गई है।

अब जब डाकिया सीओडी पार्सल लेकर घर पहुंचेगा, तब ग्राहक उसके मोबाइल पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।

डाक विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस सुविधा से नकद भुगतान और छुट्टे पैसे की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही ग्राहकों को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो सकेगी। बीमा प्रीमियम भी अब ऑनलाइन डाक विभाग ने डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा धारकों को भी बड़ी राहत दी है। अब प्रीमियम जमा करने के लिए डाकघर जाकर लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। ग्राहक किसी भी यूपीआई या भीम एप के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। उन्नाव और कानपुर देहात में लागू हुई सुविधा यह डिजिटल सुविधा कानपुर मंडल के अंतर्गत उन्नाव और कानपुर देहात जनपद के सभी शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों में लागू कर दी गई है। कानपुर मंडल के अधीक्षक डाकघर रवि कुमार ने बताया कि भारतीय डाक विभाग डिजिटल इंडिया अभियान के तहत लगातार सेवाओं को आधुनिक बना रहा है।

उन्होंने कहा कि नई प्रणाली को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए पोस्टमैन स्टाफ को मोबाइल उपलब्ध करा दिए गए हैं, जिससे ग्राहकों को निर्बाध और सुरक्षित सेवाएं मिल सकें।वहीं प्रधान डाकघर उन्नाव के पोस्टमास्टर ज्ञान बहादुर सिंह, सहायक अधीक्षक डाकघर उन्नाव सत्येन्द्र सिंह तोमर तथा सहायक डाक अधीक्षक अकबरपुर कानपुर देहात सत्य प्रकाश ने बताया कि नई डिजिटल सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बण्डा/शाहजहांपुर। थाना पुलिस ने बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 13 मई 2026 को थाना बण्डा में युवती को शादी का झांसा देकर भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान युवती के बालिग होने और शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर ले जाने के साक्ष्य मिलने पर मुकदमे में धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। शनिवार को थाना बण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिलसण्डा रोड स्थित उदरा मोड़ चौराहे से आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को एसएसपी ने किया सम्मानित

❑ आरटीसी-2025 का सफल आयोजन, अपराध खुलासे में सराहनीय योगदान

उन्नाव, 17 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव में आयोजित रिक्रूट ट्रेनिंग आरटीसी-2025 के सफल आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह एवं विनी सिंह को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। थाना दही पुलिस और स्वाट टीम को भी मिला सम्मान इसके बाद थाना दही पर पंजीकृत मु0अ0सं0-46/2026 धारा 140(1)/123 बीएनएस के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

सम्मानित पुलिसकर्मियों में ज्ञानेन्द्र सिंह, जय प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल रोहित शर्मा, आशीष मिश्रा, सुदीप कटियार तथा कांस्टेबल रवी कुमार, विकास भदौरिया, हरेश कुमार, गौरव, शुभम तोमर, नितीश, यशवीर, अरुण कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत बालियान एवं आकाश बालियान शामिल रहे। लगन और टीम भावना से कार्य करने की अपील एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार लगन, निष्ठा एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

फायरिंग व मारपीट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

तिलहर/शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। तिलहर पुलिस टीम ने मारपीट, फायरिंग और जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रायफल और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम खिरियामाल निवासी सौरभ सिंह पुत्र बुधपाल सिंह ने शनिवार को थाना तिलहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से फायर किया। मामले में थाना तिलहर पर मु0अ0सं0 235/2026 ब धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान वांछित अभियुक्त शिवम गंगवार पुत्र दन्नू निवासी ग्राम राजनपुर उम्र 27 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब 12:50 बजे भक्सी तिराहा से आगे शेरगढ़ कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध 315 बोर रायफल, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

सड़क चौड़ीकरण कार्य का वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया निरीक्षण

कल तक नाला निर्माण पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर में लोहारों वाले चौराहे पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ रविवार को पुनः स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। मंत्री ने लोहार वाले चौराहे पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि हर हाल में मंगलवार तक नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को हो रही असुविधा से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की दैनिक प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य शहर की यातायात व्यवस्था एवं जल निकासी के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए कार्य में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। आगामी ईद उल अजहा के त्यौहार के मद्देनजर गैर प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी देने को लेकर पुलिस द्वारा व भाजपा और आरएसएस के कुछ संगठनों द्वारा बाहर से खरीद कर घरों पर जानवर लाने पर रास्ते में जानवरों को रोक कर उनको परेशान करने को लेकर सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने जनपद शाहजहांपुर के जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र सौंपकर कुबार्नी के लिए घरों पर ला रहे बकरे व काले जानवर (पड्डुए) आदि जानवरों को रास्ते में रोक कर लोगों को परेशान करने पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह से कहा कि ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज अपनी आस्था के अनुसार तीन दिन लगातार गैर प्रतिबंधित जानवरों बकरा व काले जानवर आदि की कुबार्नी देते हैं जिसमें जिला प्रशासन व उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करते हैं लेकिन फिर भी जनपद शाहजहांपुर में कई जगह शिकायतें आती हैं की कुबार्नी के लिए कुछ लोग अपने दरवाजों पर कुबार्नी देने के लिए जानवर बांध लेते हैं जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बाधित नहीं होती है फिर भी पुलिस द्वारा उन लोगों को डराया धमकाया जाता है और जो लोग नखासों से कुबार्नी देने के लिए अपने घरों व मदरसों के लिए जानवर लेकर आते हैं उनको भी रास्ते में पुलिस व भाजपा के कुछ संगठनों द्वारा परेशान किया जाता है और कुछ स्थानों पर 15 20 वर्षों से पारंपरिक तरीके से कुबार्नी हो रही है पुलिस ने अपने थानों व चौकी में दर्ज नहीं किया है।

स्लाटर हाउसों में कटान और लेवी पर उठे सवाल

एंटीमार्टम-पोस्टमार्टम प्रक्रिया पर भी आरोप, सीसीटीवी व अभिलेख जांच की मांग

उन्नाव, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद में संचालित स्लाटर हाउस एक बार फिर चचाओं में हैं। एओवी एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. और बंथर स्थित एग्रीकॉम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में पशुओं के कटान, एंटीमार्टम-पोस्टमार्टम प्रमाणन और लेवी जमा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि प्लांटों की निर्धारित क्षमता और अभिलेखों में दर्ज कटान संख्या के बीच अंतर की आशंका लगातार जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एओवी स्लाटर हाउस की प्रतिदिन लगभग 800 पशुओं के कटान की क्षमता बताई जाती है। उपलब्ध दस्तावेजों में 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 2,10,749 पशुओं के कटान का उल्लेख दर्ज है। वहीं एग्रीकॉम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड जिसकी क्षमता 500 एनिमल प्रतिदिन कटान की है, वर्ष 2024-25 के दौरान 1,39,600 बड़े पशुओं के कटान का विवरण सामने आया है।

दोनों संस्थानों में करोड़ों रुपये की लेवी वसूली दर्शाई गई है, लेकिन जानकार लेवी जमा आंकड़ों और वास्तविक कटान संख्या को लेकर सवाल उठा रहे हैं। मामले में सबसे गंभीर आरोप एंटीमार्टम और पोस्टमार्टम प्रमाणन प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि कई बार यह प्रक्रिया केवल कागजी औपचारिकता तक सीमित रह जाती है। यहां तक आरोप हैं कि कुछ मामलों में मौके पर परीक्षण किए बिना ही ऑनलाइन प्रमाणन प्रक्रिया पूरी कर दी जाती है। जानकारों का कहना है कि यदि सीसीटीवी फुटेज, ऑनलाइन रिकॉर्ड, एंटीमार्टम-पोस्टमार्टम रजिस्टर और लेवी जमा अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई अहम तथ्य सामने आ सकते हैं।

पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चचाएं तेज हैं और प्रशासनिक जांच की मांग लगातार बढ़ रही है।

> इसमें बहुत सारे डॉक्टर्स जेल जाएंगे, और सीवीओ भी जेल जाएंगे चूंकि ये राजस्व घोटाला किया है। और राजस्व चोरी कराई है। और सबसे मेन चीज है कि फर्जी सर्टिफिकेट बने हैं, डॉक्टर्स डेली गए ही नहीं हैं स्लॉटर हाउसो पर और स्लॉटर हाउस वाले ही इनकी आईडी पासवर्ड से सर्टिफिकेशन करते रहें तो ये केवल सस्पेंड ही नहीं होंगे। ये जेल भी जाएंगे, इसकी जांच शुरू हो गई है इसके परिणाम एक डेढ़ महीने में सामने आ जाएंगे।
>
> **मनोज कुमार डांगर**
> **प्रदेश अध्यक्ष, यूएपीए**

पेड़ कटाई के चलते रेलवे स्टेशन मार्ग बंद : बिजली के तार टूटे, यातायात प्रभावित

शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर में अशफाक नगर चौकी से रेलवे स्टेशन तक मार्ग कई घंटों तक बंद रहा, यात्रियों को मालगोदाम रोड इस्तेमाल किया।

रेलवे स्टेशन के ठीक बाहर रेलवे विभाग द्वारा स्थित पेड़ की कटाई कराई गई, जिसके चलते क्षेत्र में यातायात प्रभावित हो गया। स्थानीय जानकारी के अनुसार, पेड़ कटाई के दौरान बिजली के तार भी टूट गए, जिससे पूरे इलाके में अव्यवस्था की स्थिति बन गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। इस मार्ग से गुजरने वाले लोग वाहन या बाइक लेकर रेलवे स्टेशन तक नहीं पहुंच पा सकें।

लोगों को अपने वाहन अशफाक नगर चौकी से पहले ही खड़े करने पड़, जिसके बाद पैदल रेलवे स्टेशन तक गए। रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों ने मालगोदाम रोड का इस्तेमाल किया, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके। संबंधित विभाग स्थिति को सामान्य करने में जुटे रहे।

जमीन कब्जे के विवाद में चली गोलियां, खुटार पुलिस ने चार आरोपियों को दबोचा

खुटार/शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। थाना खुटार क्षेत्र के ग्राम प्रीतमपुर में जमीन कब्जे को लेकर हुए खूनी विवाद में फायरिंग करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लाइसेंसी 12 बोर बंदूक, देशी तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 16 मई को जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था।

आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने लाइसेंसी बंदूक और देशी तमंचे से फायरिंग कर वादी पक्ष के लोगों को घायल कर दिया। मामले में पिन्टू कुमार निवासी प्रीतमपुर की तहरीर पर थाना खुटार में गंभीर धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। थाना खुटार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त राजेश, सुरेन्द्र, रामऔतार और रामेश्वर दयाल को देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने

आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी 12 बोर बंदूक, एक देशी तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया है।

पुलिस जांच में गिरफ्तार आरोपियों का पुराना आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पहले भी मारपीट, धमकी और फायरिंग जैसे मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। थाना खुटार पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

तिलहर चीनीमिल ग्राउंड में मॉक बलवा ड्रिल आयोजित

नवागत सीओ इशिका सिंह रहीं मौजूद

तिलहर/शाहजहांपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। आगामी पर्वों एवं कानून-व्यवस्था को लेकर रविवार को तिलहर स्थित चीनी मील ग्राउंड में नवागत क्षेत्राधिकारी (सीओ) इशिका सिंह की मौजूदगी में मॉक बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। ड्रिल के दौरान पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा आपात परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया।

अभ्यास में तिलहर सर्किल के थाना प्रभारियों, निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस टीमों को साम्प्रदायिक तनाव, आकस्मिक घटनाओं एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित किया गया। ड्रिल के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों एवं अन्य पुलिस उपकरणों के प्रयोग का भी प्रदर्शन किया गया।

पुलिसकर्मियों ने बलवा की स्थिति में भीड़ को नियंत्रित करने, उपद्रवियों से निपटने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के तरीकों का अभ्यास किया। सीओ इशिका सिंह ने पुलिसकर्मियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने, अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा किसी भी विषम परिस्थिति में निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नियमित मॉक ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को हर आपात स्थिति के लिए तैयार रखना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना है।

सहकारी कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ बिगुल , सामूहिक इस्तीफे की दी चेतावनी

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। सहकारिता विभाग के कर्मचारियों एवं सचिवों की जी आई सी आडिटोरियम में आयोजित बैठक में कर्मचारियों का आक्रोश खुलकर सामने आया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो जिले भर के सचिव एवं कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। बैठक में कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष सुदामा पांडेय की अध्यक्षता में आठ सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया, जिसे सोमवार को जिलाधिकारी बाराबंकी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को सौंपा जाएगा।

कर्मचारियों ने मांग की कि सचिवों पर दर्ज किए गए मुकदमों तथा जिन कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है, उन सभी कार्रवाईयों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों द्वारा लगातार सचिवों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि सहकारी समितियों के सचिवों को सरकार की ओर से किसी प्रकार का वेतन नहीं दिया जाता है। सचिव वर्षों से बिना वेतन के कार्य कर रहे हैं। खाद वितरण के दौरान मिलने वाले मामूली कमीशन से ही उनका जीवनयापन एवं परिवार का खर्च चलता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब सरकार वेतन तक नहीं दे रही है, तब सचिवों पर लगातार कार्रवाई और मुकदमे थोपना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। यह भी आरोप लगाया कि पीसीएफ द्वारा धान एवं गेहूं खरीद का कमीशन पिछले तीन वर्षों से समितियों को नहीं दिया गया है, जिससे अधिकांश समितियां आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। कर्मचारियों ने कहा कि कमीशन न मिलने के कारण समितियों का संचालन प्रभावित हो रहा है और कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने लंबित कमीशन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर भी कर्मचारियों ने गंभीर सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर उर्वरक वितरण के निर्देश तो जारी कर दिए गए हैं, लेकिन जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हुई है तथा जहां किसान बटाईदारी पर खेती कर रहे हैं, और बड़े किसानों को खाद वितरण किस आधार पर किया जाए इसकी कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई है। कर्मचारियों ने कहा कि जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर सचिवों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे भविष्य में विवाद और मुकदमों की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

बैठक में कर्मचारियों ने अतिरिक्त समितियों का प्रभार तत्काल समाप्त करने, कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बंद करने, कार्य व्यवस्था को व्यावहारिक एवं पारदर्शी बनाने, झूठे मुकदमों पर रोक लगाने तथा सहकारी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी उठाई। बैठक के अंत में कर्मचारियों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर जिले भर के सचिव सामूहिक इस्तीफा देकर शासन को अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। बैठक में दिवाकर पांडेय, त्रिदेव तिवारी आनंद गुप्ता,जितेंद्र वर्मा,दीपू वर्मा, शशिकांत द्विवेदी, राजेश कुमार विनोद कुमार, संदीप गुप्ता, अमर सिंह वर्मा, दुर्गेश पांडे प्रमोद तिवारी, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष के तेरहवीं संस्कार में उमड़ी भारी भीड़

अम्बेडकरनगर, 17 मई (तरुणमित्र)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय रामकुमार पाल के तेरही संस्कार में क्षेत्र के विधायक कांग्रेस के दिग्गज नेताओं, कार्यकताओं और क्षेत्र के लोगों ने पूर्वी नाका शहजादपुर में उनके आवास पर आयोजित शोक सभा में हिस्सा लिया। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए बड़ी संख्या में शुभचिंतक और समर्थक पहुंचे। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने रामकुमार पाल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि रामकुमार पाल ने पार्टी की जमीनी स्तर पर मजबूती के लिए अथक प्रयास किए। उनकी सादगी, समर्पण और जनसेवा की भावना को सभी ने सराहा। इस दौरान क्षेत्र के विधायक राम अचल राजभर टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा भाजपा नेता मनोज गुप्ता गुड्डू कांग्रेस जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह कप्तान सुनील मिश्रा पूर्व प्रदेश महासचिव मोहम्मद अनीस खान पूर्व पीसीसी सदस्य रमेश मिश्रा डॉ विजय शंकर तिवारी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमित जायसवाल प्रवक्ता अवधेश मिश्रा बबलू जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू संजय यादव रितेश त्रिपाठी मो जियाउद्दीन अंसारी वरिष्ठ नेता राम जन्म दुबे दुर्गा पांडे सतीश प्रजापति रेहान जैदी विकल्प मिश्रा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। नेताओं ने स्वर्गीय पाल के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें धैर्य बनाए रखने की सलाह दी।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने बताया कि रामकुमार पाल कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय और लोकप्रिय कार्यकर्ता थे, जिन्होंने जिला स्तर पर पार्टी को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति पहुंची है। स्वर्गीय रामकुमार पाल के पुत्र और अन्य परिजनों ने सभी शुभचिंतकों, नेताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिताजी की सेवा और जनसंपर्क की मिसाल आज भी लोगों के बीच जीवित है।

हफीज भारती बने बाराबंकी सिटीजन फोरम के चेयरमैन

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। जिले के प्रमुख समाजसेवी व राजनेता हफीज भारती को बाराबंकी सिटीजन फोरम का चेयरमैन बनाया गया। यह जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सिटीजन फोरम के संरक्षक एवं वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अमीर हैदर एडवोकेट और फोरम के अध्यक्ष अरशद आजमी ने सौंपी। आयोजित बैठक में बाराबंकी जिले में सिटीजन फोरम की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किए जाने पर विचार किया गया।

इस मौके पर राज्य कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जनपद के जाने माने समाजसेवी व नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष हफीज भारती को फोरम का चेयरमैन चुना। हफीज भारती ने फोरम के राज्य अध्यक्ष अरशद आजमी और संरक्षक अमीर हैदर को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं

फोरम की ओर से हफीज भारती को चेयरमैन बनाए जाने का प्रमाणपत्र भी सौंपा गया। इस मौके पर उन्होंने बाराबंकी के विकास और सामाजिक क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में फोरम के संरक्षक अमीर हैदर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही देश की तकदीर और तस्वीर को बदल सकती है। इसलिए ऐसे युवाओं को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। जिससे समाज के अन्य लोगों को एक नया संदेश जाए। यह फोरम आने वाले समय में सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और वैचारिक बहस का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उ.प्र. सिटीजन फोरम के चेयरमैन अरशद आजमी ने बताया कि सामाजिक समरसता सर्वोपरि है। सिटीजन फोरम को इसी पर फोकस करना है। सिटीजन फोरम समाज के हर तबके को जोड़कर आगे बढ़ाने का माध्यम है। जल्द ही जिले के हर सैक्टर से लोगों की कमेटी गठित कर संस्था का व्यापक रूप से विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर हसमत उल्लाह, मोहम्मद मोनिस, नावेद मेराज, अजीज अहमद कुरैशी आदि कई लोग मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति किया जागरूक

अम्बेडकर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। आज जनपद अम्बेडकर नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय अम्बेडकर नगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के तत्वावधान एवं क्षेत्रीय प्रबंधक मिहिर कुमार के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद से भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर बैंक द्वारा पुलिसकर्मियों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मध्य संचालित विशिष्ट पुलिस सैलरी पैकेज तहत एमओयू के नवीनीकरण की जानकारी भी साझा की गई। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीनीकृत एमओयू के अंतर्गत अब पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पुलिस पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को भी बीमा सहित अन्य विशेष बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा पुलिसजनों को पुलिस सैलरी पैकेज की विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग के विषय में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं उपयोगी रहा। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की सराहना की। यह पहल पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए।

एमआरपी के नाम पर ग्राहकों से छल, ग्राहक पंचायत ने की सरकार से नियंत्रण की मांग

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। वस्तुओं पर मनमाने तरीके से अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को ग्राहकों के साथ बड़ा छल बताते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सरकार से इस पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है। संगठन के अवध प्रांत संगठन मंत्री डॉ. आर.पी. सिंह विसेन ने कहा कि एमआरपी के नाम पर ग्राहकों को लगातार ठगा जा रहा है। ग्राहक पंचायत पिछले 3 वर्षों से एमआरपी पर सरकारी नियंत्रण के लिए जन जागरण एवं आंदोलन चला रही है।

इसी क्रम में डॉ. विसेन के नेतृत्व में बाराबंकी जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा जिला सचिव एडवोकेट दिवाकर सिंह ने प्रदेश के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति

राज्य मंत्री सतीश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी नवाबगंज तथा तहसीलदार नवाबगंज को भी ज्ञापन दिया गया। इस दौरान मीडिया प्रभारी अमित सिंह सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुड्डू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पदाधिकारियों ने मांग की कि वस्तुओं पर एमआरपी लिखने पर प्रभावी नियंत्रण लागू हो और उत्पाद पर कुल उत्पादन लागत भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाए। जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला सचिव एडवोकेट दिवाकर सिंह ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में 25 मई 2026 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें देशभर से 2000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। जनपद बाराबंकी से भी लगभग 10 कार्यकर्ता प्रदर्शन में भाग लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

सात दिवसीय नि :शुल्क ताइक्वाण्डो समर कैंप का कंपोजिट विद्यालय बसखारी में आयोजन

अम्बेडकर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। ताईक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बसखारी में दिनांक 19 मई मंगलवार से निशुल्क समर कैम्प आयोजन शाम 4 से 5.30 बजे तक किया जाएगा जिसका उद्घाटन बसखारी ब्लाक व्यायाम अध्यापक रामकेश मौर्य द्वारा किया जाएगा। कैम्प को कोच मो मेराजुद्दीन अंसारी प्रशिक्षण देंगे,जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव मंगेश कुमार मन ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा कंपोजिट विद्यालय गदायां अकबर पुर नरेंद्र देव इण्टर कॉलेज जलालपुर में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क ताईक्वाडो प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

25 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

देवरिया, 17 मई (तरुणमित्र)। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सलेमपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। सलेमपुर थाने की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनौती राय पुल के पास से अभियुक्त बन्टी राजभर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बन्टी राजभर (22 वर्ष) पुत्र संतलाल निवासी सहेला थाना पवई जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना सलेमपुर में वर्ष 2025 में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले में उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबल अजीत यादव एवं कांस्टेबल अनिमेश यादव शामिल रहे।

कैंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी के निदेशक ने डॉ. वी.के. वर्मा को किया सम्मानित

बस्ती , 17 मई (तरुणमित्र)। कैंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी गया, बिहार के निदेशक उत्पल कुमार यादव ने गोटवा स्थित पटेल एस.एम.एच. हॉस्पिटल पहुंचकर डा. वी.के. वर्मा को हैनिमैन की मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डा. वर्मा को यह सम्मान चिकित्सा शिक्षा, समाजसेवा व साहित्य के क्षेत्र मे उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिये दिया गया। उत्पल कुमार यादव ने कहा डा. वर्मा की ख्याति से हम लोग भलीभांति परिचित हैं। उन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता को समर्पित कर दिया। डा. वर्मा की दिनचर्या और कार्यशैली चिकित्सा सेवायें दे रहे हजारों लोगों की लिये प्रेरणास्त्रोत हो सकती है। उन्होने कहा कैंट होम्योपैथिक लेबोरेटरी डा. वर्मा के योगदान को नमन करती है। इस अवसर पर आयुष मेडिकल एसोसियेशन बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डा. बिरेन्द्र नाथ मौर्य, बिहार सेन्स के अनुज कुमार एवं गोरखपुर के दवा प्रतिनिधि दबीर हसन एवं कैंट के मैनेजर राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे। डा. वर्मा को सम्मानित किये जाने पर पटेल एम.एम.एच. हॉस्पिटल गोटवा के स्टाफ, निदेशक डा. आलोक रंजन वर्मा, विनोद कुमार डा. चन्दा सिंह सहित शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा व साहित्य से जुड़े लोगों ने उन्हे बधाइयां व शुभकामनायें दिया है।

पुलिस मुठभेड़ में सरगना समेत 8 गिरफ्तार, चार गोवंश बरामद

बस्ती, 17 मई (तरुणमित्र)। थाना परसरामपुर पुलिस व एस०ओ०जी टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर थाना परसरामपुर क्षेत्रान्तर्गत पचौरी बाग से सात पशु तस्कर राकेश यादव पुत्र भल्लर यादव निवासी मलौली गोसाई थाना छावनी जनपद बस्ती हाल पता गढ़ी थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा (उ०प्र०),सहबान उर्फ छोटू पुत्र गुलाम हुसैन निवासी मन्झारी थाना हरैया जनपद बस्ती,आयुष प्रताप सिंह पुत्र गुड्डू सिंह निवासी डिगरापुर थाना कलवारी जनपद बस्ती,सहजाद हुसैन पुत्र मुख्तार अली निवासी केवड़ी मुस्तहकम थाना दुबौलिया जनपद बस्ती,रामअवतार यादव पुत्र हृदयराम निवासी गढ़ी थाना

नवाबगंज जनपद गोण्डा (उ०प्र०), मुरली सोनकर पुत्र गंगाराम सोनकर निवासी चौबेपुर सेमरिया थाना परसरामपुर जनपद बस्ती, असलम पुत्र रमजान अली निवासी खमहरिया सुजात डुहरिया थाना हरैया जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार अदद गोवंश पशुओं को बरामद कर, किये गए गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना परसरामपुर पर मु0अ0सं0-169/2026 धारा-3/5अ/8 गोवध निवारण अधिनीयम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत किया गया था ग्रुप का सरगना सद्दाम पुत्र मुहम्मद अफजल निवासी मोहम्मदपुर कछार थाना खरीलाबाद जनपद संतकबीरनगर (उ०प्र०) जोकि पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया, जिसके जवाबी कार्यवाही के दौरान हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस, एक अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र मुहम्मद अफजल के दाहिने पैर में गोली लगी है,।

जिसे दवा-इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसरामपुर ले जाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है पुलिस अधीक्षक बस्ती द्वारा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को रु 25000/- इनाम की घोषणा की गयी ।गिरफ़्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 पंजीकृत कर अन्य आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

सुमन यादव कांग्रेस आरटीआई विभाग की चेययरमैन नियुक्त

बस्ती, 17 मई (तरुणमित्र)। कांग्रेस आरटीआई विभाग के प्रदेश चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति पर सुमन यादव गुड्डन को बस्ती आरटीआई विभाग का जिला चेयरमैन नियुक्त किया है। सुमन यादव गुड्डन ने कहा कि उन्हें जो दायित्व दिया गया है, पूरा प्रयास होगा कि कांग्रेस के दिशा निर्देश के अनुरूप जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष किया जाय।

सुमन यादव गुड्डन को आरटीआई विभाग का जिला चेयरमैन नियुक्त किये जाने पर आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुये कहा कि निश्चित रूप से सुमन संगठन को मजबूती देने के साथ ही संघर्ष की धार को मजबूती देंगी। मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, अनूप पाण्डेय, वीरेन्द्र पाण्डेय उर्फ बब्लू, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ज्ञानू, बसन्त चौधरी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, बाबूराम सिंह, नर्वदेश्वर शुक्ल, देवी पाण्डेय, रीता साहनी, सरिता, विद्या वर्मा, हसीना खातून, पूनम, नमिता, संजू गौड़, रूक्मिणी, रचना गौड़, संगीता शर्मा, सोनगुना, कविता, अफसाना आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

समाजवादी व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता: राजनाथ शर्मा

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। 92 वर्ष पहले आज ही के दिन समाजवाद का सपना देखने वाले युवाओं ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन किया था। उनके द्वारा प्रारम्भ किये गये कामों को पूरा करने की जिम्मेदारी आज के युवाओं की है ताकि समतामूलक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष भारत का निर्माण किया जा सके। आजादी के बाद सोशलिस्ट पार्टी एक मजबूत विपक्ष रूप में सरकार को आइना दिखाता रहा है। मौजूदा संकट से निपटने के लिये एक बार फिर समाजवादी विचारधारा को ही पुर्नस्थापित करने की आवश्यकता है। यह बात रविवार को प्रखर समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना दिवस की 92वीं वर्षगांठ पर गांधी भवन में आयोजित बैठक में कही। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना 17 मई 1934 को हुई थी। पटना के अंजुमन इस्लामिया हॉल में सीएसपी की पहली बैठक आचार्य नरेंद्र देव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें समाजवादी धारा के नेताओं आचार्य नरेन्द्र देव, डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, युसूफ मेहर अली, अशोक मेहता, एस.एम. जोशी, मीनू मसानी, अच्युत्य पटवर्द्धन, अरूणा आसफ अली, सेठ दामोदर स्वरूप आदि के नेतृत्व में समाजवादियों ने बड़ी भूमिका अदा की। जिसमें देश सवा सौ समाजवादियों ने हिस्सा लिया। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने बताया कि कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संविधान में देश की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक स्थिति के लिए ।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर के तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्र वार्ड ब्वाय त्रिभुवन सिंह एल टी शुभम अवस्थी एस एम धीरेन्द्र वर्मा एनएम ज्योति यादव की मौजूदगी में 23 मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा एस एल ए रामतीरथ गौतम वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 33 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डा0 संजय गुप्ता फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्री वास्तव वार्ड ब्वाय शिवाकान्त सिंह स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की मौजूदगी में 28 मरीज देखे गए।

भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

बस्ती , 17 मई (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी, बस्ती द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विक्रमजोत स्थित अवधेश होटल के सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग और प्रदर्शनी आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन कुल 4 महत्वपूर्ण वैचारिक सत्र आयोजित किए गए, जिसके बाद भव्य समापन समारोह हुआ। इस दो दिवसीय महाअभियान में कुल 11 सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। द्वितीय दिन के प्रमुख सत्र, अष्टम सत्र विचार परिवार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्र नाथ

तिवारी ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। अध्यक्षता पूर्व विधायक रवि सोनकर ने की और संचालन दिलीप पाण्डे ने किया ।नवम सत्र मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया और एआई प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी और आईटी विभाग के क्षेत्रीय संयोजक अनादि प्रिय पाठक ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया और एआई के कुशल उपयोग पर विचार रखे। अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष पवन कसौधन ने की और संचालन विरेन्द्र गौतम ने किया। दशम सत्र कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने व्यावहारिक सत्र में चुनाव प्रबंधन के गुर सिखाए। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, राजेन्द्र गौड़ ने की और संचालन विनय सिंह भरद्वाज ने किया। समापन सत्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं व क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही ने संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के मूल सूत्र बताए। अध्यक्षता प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा डॉ ममता पाण्डे ने की और संचालन भानु प्रकाश मिश्र ने किया।

पुलिस कर्मियों को बैंक की सुविधाओं की दी गई जानकारी

अम्बेडकर नगर, 17 मई (तरुणमित्र)। आज जनपद अम्बेडकर नगर में बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय अम्बेडकर नगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के तत्वावधान एवं क्षेत्रीय प्रबंधक मिहिर कुमार के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद से भारी संख्या में पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बैंक द्वारा पुलिसकर्मियों को वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के मध्य संचालित विशिष्ट पुलिस सैलरी पैकेज तहत एमओयू के नवीनीकरण की जानकारी भी साझा की गई।

बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीनीकृत एमओयू के अंतर्गत अब पुलिसकर्मियों के साथ-साथ पुलिस पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को भी बीमा सहित अन्य विशेष बैंकिंग सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा पुलिसजनों को पुलिस सैलरी पैकेज की विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग के

विषय में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं उपयोगी रहा। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की सराहना की। यह पहल पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। बैंक ऑफ बड़ौदा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ जनपद अम्बेडकर नगर में उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार एवं तेजवीर सिंह सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय व्यवसाय विकास प्रमुख अभय कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक , मुख्य प्रबंधक अर्पित कमल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम की अध्यक्षता में सर्राफा व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

बाराबंकी, 17 मई (तरुणमित्र)। देशहित में प्रधानमंत्री के आह्वान व मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन मे कलेक्ट्रेट सभागार, बाराबंकी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी, समस्त उपायुक्त राज्य कर, सराफा एसोसिएशन बाराबंकी तथा जनपद के प्रमुख सरार्फा व्यापारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को कम करना तथा सोने के आयात को नियंत्रित करने के संबंध में संवाद स्थापित करना था। बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ

सरार्फा एसोसिएशन जनपद बाराबंकी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सोनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारीगण शशी शेखर गुप्ता, अनिल रस्तोगी, राजू वर्मा, संतोष कुमार सोनी, सुनील त्रिवेदी, नीरज सोनी, विकास गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, मुरारी लाल,अजीत सोनी,अनन्त कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर पड़ रहे वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से अवगत कराया गया तथा अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देशहित में स्वेच्छा से सोने एवं चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सरार्फा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा पूर्ण सहमति व्यक्त की गई।

व्यापारियों ने एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं युद्धजनित आर्थिक प्रभावों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु शासन-प्रशासन का हर संभव सहयोग करेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। घंटाघर क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा रात्रि गश्त बढ़ाने का अनुरोध भी किया गया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान कुछ व्यापारियों द्वारा अपनी व्यावहारिक समस्याओं से भी अवगत कराया गया, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जीएसटी विभाग से उपायुक्त राज्य कर श्रीमती प्रेरणा सिंह,विकास कुमार सेठ, अंजू उपाध्याय तथा सहायक आयुक्त राज्य कर अंचल अग्रवाल, ज्योत्स्ना सिंह, राज्य कर अधिकारी रवि प्रकाश सिंह एवं कहकशाँ उपस्थित रहीं।

नागरिकों की सुविधाओं के लिए नगर आयुक्त ने डीएम को लिखा पत्र

अलीगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। नगर निगम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा एवं देखभाल को ध्यान में रखते हुए कटपुला के नीचे सीमा टॉकिज सीमा फाटक के निकट शहर के पहले आधुनिक सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है। नगर आयुक्त ने उक्त सेंटर के शीघ्र संचालन हेतु जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर संबंधित संस्था, एजेंसी को संचालन की जिम्मेदारी दिए जाने का अनुरोध किया है।

नगर आयुक्त ने इस सीनियर सिटीजन केयर सेंटर के निर्माण कार्य व इसमें की जाने वाली व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करते हुए जल्द से जल्द इसको विधिवत पूजा अर्चना के साथ इसका माननीय जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन कराने के उपरांत वृद्ध जनों की सुविधा के लिए संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा नगरीय अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस सीनियर सिटीजन केयर सेंटर का निर्माण कार्य आगामी 15 दिनों में पूर्ण हो जाएगा। लगभग 175 से 184 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित यह आधुनिक भवन लगभग 50 वरिष्ठ नागरिकों की क्षमता वाला होगा।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित सम्मानजनक एवं सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेंटर विकसित

किया गया है। भवन के भूतल पर लिफ्ट, रिसेप्शन, बैंक ऑफिस, रीडिंग रूम, फिटनेस रूम, मेडिकल/हेल्थ केयर कक्ष एवं महिला-पुरुष शौचालय की व्यवस्था की गई है। वहीं प्रथम तल पर मल्टीपरपज हॉल कैफेटेरिया बैठने की सुविधा किचन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की गई है। नगर आयुक्त ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में अनुरोध किया है कि उक्त सीनियर सिटीजन केयर सेंटर के सुचारु संचालन हेतु संबंधित विभाग/संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं जिससे केंद्र का संचालन शीघ्र प्रारंभ कराया जा सके। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि शहर के वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव नगर निगम व समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। नगर निगम का इस केयर सेंटर के माध्यम से प्रयास है कि शहर के बुजुर्गों को एक ऐसा स्थान उपलब्ध कराया जाए जहां वे स्वास्थ्य मनोरंजन सामाजिक सहभागिता एवं मानसिक शांति के साथ समय व्यतीत कर सकें।

अवैध खनन पर मिर्जापुर पुलिस की कार्रवाई, खनन सामग्री से भरा डम्पर सीज

सहारनपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश में जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मिर्जापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध खनन सामग्री का परिवहन कर रहे एक डम्पर को पकड़कर सीज कर दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह के नेतृत्व में थाना मिर्जापुर पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध डम्पर को रोककर जांच की गई। पुलिस के

अनुसार डम्पर संख्या UP 11DT 7938 में खनन सामग्री भरी हुई थी। चालक से जब खनन संबंधी वैध प्रपत्र मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने डम्पर को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

थाना मिर्जापुर पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभागों को भेजी जा रही है। अवैध खनन के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह, उपनिरीक्षक ओमपाल, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र तथा कांस्टेबल चिराग शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल को एनजीओ प्रकोष्ठ ने किया सम्मानित

सहारनपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ सहारनपुर महानगर के पदाधिकारियों ने प्रदेश संयोजक संदीप शाही के नेतृत्व में आज लखनऊ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर महानगर सहारनपुर में एनजीओ प्रकोष्ठ द्वारा पार्टी हित में चलाए जा रहे सेवा कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

भाजपा महानगर सहारनपुर एनजीओ प्रकोष्ठ की ओर से धर्मपाल सिंह व प्रदेश संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ के संदीप शाही को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बूथ मजबूत होगा तो संगठन मजबूत होगा और चुनाव में विजय सुनिश्चित होगी। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत एनजीओ प्रकोष्ठ को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सामाजिक संगठनों के माध्यम से अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने व बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में मनाने का आह्वान भी किया।

प्रदेश संयोजक संदीप शाही ने आश्वस्त किया कि महानगर सहारनपुर की पूरी टीम प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों पर पूरी निष्ठा से कार्य करेगी इस अवसर पर वंश अरोड़ा. कुश सलूजा आदि मौजूद रहे।

तमंचा दिखाकर महिलाओं से कुंडल व पायजेब लूटे

अलीगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। मडराक थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े चारा काट रही 9 महिलाओं से तमंचे के बल पर सोने के कुंडल और पायजेब लूट लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

रविवार को मडराक थाना क्षेत्र के गांव भकरौला निवासी करीब दस महिलाएं सुबह साढ़े दस बजे गांव के निकट चारा काट रही थीं। इसी बीच काले रंग की अपाचे बाइक सवार बदमाश आ गए। एक बदमाश नकाबपोश था, जबकि दूसरे ने हेलमेट पहना था। बदमाशों ने पहले महिलाओं से गांव का नाम पूछा। इसी बीच तीन महिलाएं सिर पर गठरी ले जाने लगीं। तभी बदमाशों ने महिलाओं से गाली-गलौज करते हुए गठरी गिरवा दी और सभी महिलाएं यहीं बैठ जाने के लिए कहा, बदमाशों ने गोली मार देने की धमकी देते हुए एक महिला की कनपटी पर तमंचा रख दिया।

मौलाना अरशद मदनी के बयान पर विकास त्यागी का तीखा हमला, बोले-देश कानून और संविधान से चलता है

सहारनपुर/देववृंद, 17 मई (तरुणमित्र)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के हालिया बयान पर बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मौलाना मदनी के बयान को गैर-जिम्मेदाराना, भड़काऊ और समाज में विभाजन पैदा करने वाला बताया।

विकास त्यागी ने कहा कि 'मुसलमान न कभी झुका है और न झुकेगा' जैसे बयानों के माध्यम से समाज में अनावश्यक तनाव और टकराव की स्थिति पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की बयानबाजी देश के आम नागरिकों को मुख्यधारा से अलग करने और धार्मिक भावनाओं को भड़काने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि मौलाना अरशद मदनी पूर्व में भी कई बार ऐसे बयान दे चुके हैं, जिन पर विवाद खड़ा हुआ। विकास त्यागी ने कहा कि देश संविधान और कानून के अनुसार चलता है और किसी भी व्यक्ति या संगठन को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो।

पूर्व प्रांत संयोजक ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, लेकिन अधिकारों की आड़ में कट्टरता या भड़काऊ एजेंडा स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश की सबसे बड़ी ताकत है और सभी को उसका सम्मान करना चाहिए।

विकास त्यागी ने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति या संगठन यदि भड़काऊ बयान देकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो देश की जनता और संवैधानिक संस्थाएं उसे स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता सर्वोपरि है और उसके साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का समर्थन करते हुए कहा कि देश अब तुष्टिकरण की राजनीति से आगे बढ़ चुका है और कानून सबके लिए समान रूप से लागू होना चाहिए।

विकास त्यागी के इस बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से भी इस मुद्दे पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्यों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान डीएम ने नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश

अलीगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा है कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित किए जाएं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदान किया जाता है।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस पुरस्कार का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों, स्वयंसेवी संगठनों, संस्थाओं एवं नवाचारी पहलों की पहचान कर उनके नामांकन को प्रोत्साहित करें।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन जरूरी

सहारनपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। सहारनपुर ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी द्वारा जागरूकता गोष्ठी व स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन की जानकारी दी गई। स्थानीय लिंक रोड स्थित उड़ान में आयोजित जागरूकता गोष्ठी व स्वास्थ्य शिविर में उन्हें सरकार की ओर से दी जा रही निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन के बारे में बताया गया और टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में एनीमिया के कारण, निवारण, संतुलित आहार और साफ-सफाई के महत्व पर भी चर्चा हुई। सोसाइटी की वरिष्ठ सदस्य डॉ. अनिता मलिक और डॉ. सीमा अग्रवाल ने 'अपना स्वास्थ्य अपने हाथ' का संदेश देकर जागरूक किया।

सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. पूनम त्यागी, सचिव डॉ. भारती कालरा, डॉ. मीनल गोयल, डॉ. ममता चावला और डॉ. चित्रा मनचंदा ने महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया। सभी को निःशुल्क दवाएं भी दी गईं।

कार्यक्रम में उड़ान एनजीओ के अजय सिंघल, माधवी सिंघल, मधु अग्रवाल और संजय त्यागी का विशेष सहयोग रहा।

संघर्ष कांग्रेस की संस्कृति व अनुशासन हमारी परंपराः इमरान मसूद

राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करेंगे कई बड़े नेता: संदीप राणा

सहारनपुर, 17 मई (तरुणमित्र)। लोकसभा सांसद काजी इमरान मसूद ने सहारनपुर महानगर के कांग्रेस कार्यकताओं से कल आज गागलहेड़ी में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में अपने-अपने वाहनों में झंडा और बैनर लगाकर समय से पहुंचने का आह्वान किया। स्थानीय अम्बाला रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सांसद इमरान मसूद ने समस्त कार्यकताओं को हिदायत दी कि सम्मेलन स्थल की ओर जाते व वहां से वापस आते वक्त सभी को अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखन है और हमें यह सुनिश्चित करना है कि मार्ग में किसी को कोई परेशानी न हो। सांसद इमरान ने कहा कि संघर्ष कांग्रेस की संस्कृति व अनुशासन हमारी परंपरा है। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आमजन की सुविधा का विशेष महत्व है हमें मार्ग में इस बात का विशेष ख्याल रखना होगा।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद काजी इमरान मसूद ने कहा कि आज भाजपा सरकारें लोगों की चिंताओं व समस्याओ को लेकर देश व प्रदेश में उठने वाली हर आवाज को खामोश करने का काम कर रही है, नीट का पेपर लीक होता है और अपने बच्चों के मुस्तकबिल की चिंता में सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग करना भी गुनाह हो गया है। भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों में सैकड़ो परीक्षाओं के पेपर लीक होने पर भी इस पर कोई सख्त कार्रवाई ना करके हमारे युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेल रही है। काजी इमरान ने कूटनीति के क्षेत्र में भाजपा सरकार को पूर्णतः फ्लॉप बताते हुए कहा कि आज भाजपा की इस असफल कूटनीति का नतीजा है कि संपूर्ण देश के ऊर्जा क्षेत्र के हितों को सरकार ने अमेरिका के हाथों गिरवी रख दिया है और इसके दुष्परिणाम देश के नागरिक भुगत रहे है। उन्होंने कहा कि आरएसएस की नफरती विचारधारा के साथ भ्रष्टाचार व झूठ तंत्र का सहारा लेकर आगे बढ़ रही भाजपा को केवल कांग्रेस ही पराजित कर सकती है। इमरान मसूद ने तमिलनाडु का जिक्र करते हुए कहा की सीएम विजय की सरकार बनाकर भाजपा को रोकना राहुल जी की सकारात्मक और राजनीतिक दूरदृष्टि का एक जीवंत प्रमाण है। सांसद मसूद ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से अपने संगठन को पहले से कही अधिक मजबूत बनाने के कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावो के बाद भाजपा के नफरत के माहौल को समाप्त करके प्रदेश में अमन, सुकून और मोहब्बत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को पूरा करने वाली सरकार बनाने का है और हम इसे हासिल करके रहेंगे। काजी इमरान ने सभी से सम्मेलन की सफलता हेतु प्रत्येक कार्यकर्ता की सम्मेलन में उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील करते हुए बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ अन्य वरिष्ठ नेता जनपद पहुंचेंगे।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के नेतृव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया

अलीगढ़, 17 मई (तरुणमित्र)। अमीर निशा खान मार्केट में महानगर अध्यक्ष नवेद खान के नेतृव एक कैंप लगाया गया। जहां स्क्रीन और हेयर प्रॉब्लम के लिए डॉक्टरों की टीम बैठी। जिसमें डॉक्टर सुमैय्या फैजान डॉक्टर की टीम में मौजूद रहे इल्मा फातिमा,उमैर नासिर रहे जिन का पता सफीना अपार्टमेंट मेडिकल रोड है। जिसमें उन्होंने मरीजों को निशुल्क देखा और दवा भी वितरण की कैंप पर 70 से 80 मरीजों को फ्री दवा भी दी मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष...

शिक्षा व्यवस्था की...

उम्र में रोजगार और सामाजिक कारणों से बच्चों की पढ़ाई सबसे अधिक प्रभावित हो रही है।नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भी गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक 2014 में कक्षा आठ के 74.7 प्रतिशत विद्यार्थी कक्षा दो का पाठ पढ़ सकते थे, लेकिन 2024 तक यह आंकड़ा घटकर 71.1 प्रतिशत रह गया। यानी स्कूल पहुंचने वाले बच्चे भी अपेक्षित सीखने के स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

शिक्षकों की कमी भी शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरियों में शामिल है। अकेले बिहार में प्राथमिक शिक्षकों के दो लाख से अधिक पद खाली हैं, जबकि देशभर में एक लाख चार हजार से ज्यादा स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। यही शिक्षक पढ़ाई के साथ मिड डे मील, सर्वे, चुनाव और प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी संभाल रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में बहुत कम अभ्यर्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर पा रहे हैं, जिससे शिक्षण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकारी स्कूलों की बुनियादी स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। देश के करीब 98 हजार स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय नहीं हैं और 1.19 लाख स्कूल अब भी बिजली से वंचित हैं। हजारों स्कूलों में पानी और हाथ धोने जैसी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। वहीं लगभग आठ हजार स्कूल ऐसे पाए गए जहां नामांकन शून्य है, लेकिन रिकॉर्ड में वे अब भी सक्रिय चल रहे हैं।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए नीति आयोग ने 13 प्रमुख सिफारिशें दी हैं। इनमें राज्य और जिला स्तर पर विशेष कार्यबल गठित करने, स्कूल संरचना मजबूत करने, शिक्षकों की बेहतर तैनाती, डिजिटल शिक्षा और कृत्रिम मेधा आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। साथ ही 33 कार्यान्वयन मार्ग और 125 से अधिक प्रदर्शन संकेतक तय किए गए हैं ताकि सुधार योजनाओं की नियमित निगरानी हो सके। रिपोर्ट साफ संकेत देती है कि यदि शिक्षा व्यवस्था की बुनियादी खामियों को समय रहते नहीं सुधारा गया तो देश की बड़ी आबादी स्कूल तो जाएगी, लेकिन भविष्य तक नहीं पहुंच पाएगी।

भारत-नीदरलैंड रिश्तों...

ग्रीन ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण पहल हुईं। ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग रोडमैप, ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा पर संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति बनी। जल प्रबंधन और गुजरात के कल्पसर प्रोजेक्ट के लिए तकनीकी सहयोग का संयुक्त आशय पत्र भी हस्ताक्षरित हुआ। कृषि और डेयरी क्षेत्र में इंडो-डच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की गई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और नीदरलैंड की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के बीच सहयोग समझौता हुआ। शिक्षा क्षेत्र में नालंदा विश्वविद्यालय और ग्रोनिंगन विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों के बीच अकादमिक साझेदारी पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्थायी और अस्थायी सदस्यता बढ़ाने की मांग की। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए नीदरलैंड के समर्थन पर आभार जताया। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर प्रगति का स्वागत करते हुए वैश्विक शांति, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के संबंधों को नई वैश्विक रणनीतिक दिशा देने वाला माना जा रहा है।

स्वीडन पहुंचे मोदी...

द्विपक्षीय वार्ता होगी। वार्ता में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, हरित परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी। दोनों नेता ग्रीन टेक्नोलॉजी, नवाचार और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में साझेदारी को नई दिशा देने पर भी विचार करेंगे। भारत और स्वीडन के बीच हाल के वर्षों में रणनीतिक संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। विशेष रूप से स्वच्छ ऊर्जा, स्मार्ट विनिर्माण, डिजिटल तकनीक और रक्षा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा वैश्विक आर्थिक और तकनीकी चुनौतियों के बीच दोनों देशों के संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

राहुल गांधी ने नीट-यूजी...

ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी। जांच एजेंसी ने मामले में अब तक कई आरोपितों की गिरफ्तारी की है। जांच में प्रश्नपत्र लीक, अभ्यर्थियों से धन वसूली और विशेष कोचिंग सत्रों के माध्यम से प्रश्न उपलब्ध कराने जैसे आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि पुनर्परीक्षा की नई तिथियों और प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी शीघ्र आधिकारिक माध्यमों से जारी की जाएगी। एजेंसी के अनुसार पहले से किया गया पंजीकरण, अभ्यर्थियों का विवरण और चयनित परीक्षा केंद्र पुनर्परीक्षा के लिए मान्य रहेंगे।

यूपी में भीषण सड़क...

कुमार (55), उनकी पत्नी रेखा (52), राज कपूर (57), उनकी पत्नी मीना (54) और चालक आयुष (25) शामिल हैं। चालक लखनऊ का निवासी बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण चालक को नींद आना माना जा रहा है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।वहीं दूसरी घटना आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर थाना कंधरापुर क्षेत्र के माइलस्टोन-238 के पास हुई। पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार कार आगे चल रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

एसपी ट्रैफिक पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मिली थी। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचित किया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ समय तक एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है।

सीएनजी कीमतों में...

जबकि नोएडा और गाजियाबाद में यह 88.70 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को भी कीमतों में बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले 15 मई को गैस कंपनियों ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की थी। लगातार दूसरी बढ़ोतरी के साथ तीन दिनों में सीएनजी कुल तीन रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो चुकी है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) द्वारा जारी नई दरों के अनुसार नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत बढ़कर 88.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, मुंबई में सीएनजी लगभग 84 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी इजाफा दर्ज किया गया। दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता का असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसी वजह से घरेलू ईंधन कीमतों पर भी दबाव बना हुआ है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा दूसरा पुत्र नौशाद अली व उसकी पत्नी तबस्सुम बानों मुझे व मेरे पति को अनैतिक रूप से प्रताड़ित करते रहते हैं। आये दिन लड़ाई-झगड़े से हम दोनों लोग परेशान हैं जिसके चलते इनसे हमने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है और इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से हम बेदखल करते हैं। अब इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

श्रीमती सुकुरून निशां पत्नी साबिर अली, निवासी-कल्ली पश्चिम बाजार, थाना-पीजीआई, लखनऊ

कार्यालय : नगर पालिका परिषद उरई, जनपद-जालौन

पत्रांक-89 निविदा सूचना-(2026-27)निर्माण -उरई- दिनांकः-16/05/2026

निविदा सूचना

पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान की धनराशि से कराये जाने वाला कार्य मा० अध्यक्ष महोदया की स्वीकृति के उपरान्त निम्नलिखित निविदा आमन्त्रित की जा रही है। निविदाओं की बिक्री दिनांक 23/05/26 से 25/05/26 को सायंकाल 05:00 बजे तक निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय नगर पालिका परिषद, उरई से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा ठेकेदारों/फर्मों को अपने-अपने कार्यों की निविदायें दिनांक 26/05/2026 कार्यालय नगर पालिका परिषद उरई में रखे निविदा बॉक्स में शीलबन्द निविदायें समय 02:00 बजे तक डाली जायेंगी जो कि उसी दिन उपस्थित अनुपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष के समक्ष खोली जायेगी।

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि निविदा (लाख में)	निविदा मूल्य (रू. में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	समय अवधि
1	घण्टाघर के सामने सी०सी० सड़क मरम्मत नाली निर्माण एवं नाली पर जाली लगाने का कार्य।	9.72	1145	0.97	15 दिवस

शर्तें:-1. निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उरई के नाम बन्धक एफ०डी०आर० अथवा आर०टी०जी०एस० के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान नगर पालिका परिषद के इंडियन बैंक जिला परिषद, उरई के खाता संख्या-50434880603 (IFSC CODE-IDIB0000512) में जमा कराकर निविदा के साथ रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग ऑनलाइन जमा की गयी धनराशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2. शासनादेश अनुसार निविदा के साथ रू0100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्व-घोषणापत्र, शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित करा प्रस्तुत करना एवं प्रत्येक निविदा के साथ चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं स्वघोषणा, पैन नम्बर, जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं (टी0-4, टी0-5, टी0-6) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा प्रपत्र में संलग्न नियम व शर्तें ठेकेदार/फर्म को अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
4. निकाय द्वारा निर्धारित की गई नियम व शर्तें ठेकेदार द्वारा मान्य करना अनिवार्य होगा।

नोट-कार्यों का भुगतान धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। इस हेतु ठेकेदार का कोई दावा/प्रतिवाद मान्य नहीं होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
उरई-जालौन

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
उरई-जालौन

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

7 मई को हाईकोर्ट का अतिक्रमण तोड़ने का आदेश, 12 को अवैध चैंबरों पर लगा लाल रंग का क्रॉस

वकीलों के चैंबर पर गरजा बुलडोजर, खाकी-काला कोट आमने-सामने

कैसरबाग जिला कोर्ट के बाहर जमकर हंगामा, पत्थरबाजी करने पर हुआ लाठीचार्ज

नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए, जिनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। रविवार जिला कोर्ट के बाहर दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए।

पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो बहस होने लगी। बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए। दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।

नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे। इनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर और 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चैंबर तोड़ दिए। नगर निगम की टीम चैंबर में लगी चटाइयां और कुर्सियां को गाड़ियों में भरकर ले गई।

कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चैंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला। एक अन्य वकील पुलिस के सामने हाथ जोड़कर चैंबर न तोड़ने की गुहार लगाता रहा। साल 2020 में सदर तहसील इलाके में वकीलों के कुछ चैंबर तोड़े गए थे। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी सरकार से जवाब मांगा था। पूछा था कि वकीलों के लिए पुनर्वास की क्या व्यवस्था की गई? इसके बाद अक्टूबर-2025 में लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन से जुड़े कुछ वकीलों के अस्थायी चैंबर प्रशासन ने तोड़ दिए। इसका वकीलों ने विरोध किया था। जनवरी- 2026 में कोर्ट परिसर के बाहर अवैध कब्जों को लेकर लगातार शिकायतें आने लगीं।

इसी दौरान वकील सुनीता सिंह समेत अन्य लोगों ने चैंबरों और अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। 7 मई को हाईकोर्ट ने अतिक्रमण तोड़ने का आदेश दिया। 12 मई को नगर निगम की टीम ने अवैध चैंबरों और ढांचों पर लाल रंग का निशान (क्रॉस) लगाया। नोटिस जारी कर 16 मई तक अवैध अतिक्रमण खाली करने का निर्देश दिया। इसके बाद रविवार को नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच गई।

मडियांव थाना क्षेत्र के अजीज नगर में युवक को मारी गई गोली मौके पर पहुंची पुलिस। छाया: तरूणमित्र

सैलून मैनेजर आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- शरद सिंह और उसके दोस्त प्रशांत शर्मा पकड़े गए
- अपार्टमेंट पर चला बुलडोजर, होटल सहित 3 कारें सीज

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। रविवार गोमतीनगर विस्तार में सैलून मैनेजर रत्ना सिंह (31) सुसाइड केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी बिजनेसमैन शरद सिंह और उसके दोस्त प्रशांत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले शनिवार को उसके अपार्टमेंट पर बुलडोजर चला। अपार्टमेंट में हुए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। उसका होटल, सैलून और 3 कारें भी सीज कर दी गईं। दरअसल, बिजनेसमैन शरद सिंह के सैलून में मैनेजर रत्ना ने 12 मई को फांसी लगाकर जान दे दी थी। सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें बिजनेसमैन, उसकी पत्नी पल्लवी सिंह समेत कई लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। रत्ना के पिता सुधीर सिंह ने 5 लोगों पर नामजद एफआईआर कराई थी।

कार्रवाई न होती देख 15 मई को सीएम योगी से मुलाकात की। उन्होंने 16 मई को एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि शरद अपने रसूख का इस्तेमाल कर बचता फिर रहा है। केस दर्ज करने के बाद भी पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। मैंने सीएम से गुहार लगाई है। उन्होंने न्याय का भरोसा दिया है। सीएम योगी से पीड़ित परिवार की मुलाकात के बाद मामले में ताबड़तोड़ एक्शन शुरू हुआ। आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। उनकी तलाश के लिए छह टीमें बनाई गईं। लखनऊ समेत अन्य जिलों में लगातार छापेमारी की जा रही है।

व्यवसायी के बंद मकान में लाखों की चोरी

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक फर्नीचर व्यवसायी के बंद मकान में लाखों रुपये की चोरी हो गई। नकाबपोश चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहनों और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बद्री नगर निवासी फर्नीचर व्यवसायी इबरार अहमद का बिजनौर में कारखाना है। इबरार के अनुसार, वह 13 मई को अपने परिवार के साथ अमेठी जिले में स्थित पैतृक गांव कनकथौरी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान उनका घर बंद था। 16 मई शनिवार को पड़ोसी ने इबरार को फोन पर मुख्य गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी। सूचना पाकर इबरार परिवार सहित घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि अलमारी से सोने-चांदी के हार, कंगन, चूड़ियां, झुमके, चेन और अंगूठियां सहित अन्य कीमती सामान गायब था।

घर के सामने पड़ोसी के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में तीन अज्ञात युवक मुंह पर कपड़ा लपेटे हुए दिखाई दिए, जो देर रात ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर रहे थे।

शकुंतला विश्वविद्यालय प्रयागराज-वाराणसी में खोलेगा रीजनल सेंटर

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। शकुंतला विश्वविद्यालय प्रयागराज-वाराणसी में रीजनल सेंटर खोलेगा। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय सिंह ने कहा है कि दिव्यांग छात्रों को केवल औपचारिक शिक्षा तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम और रोजगारपरक बनाना समय की आवश्यकता है। डॉ.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय बहुत जल्द प्रयागराज और वाराणसी में रीजनल सेंटर खोलने जा रहा हैं।

निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। ठाकुरगंज स्थित एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा है। चौक स्टेडियम निवासी श्री प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी मंजू गौतम (40) को पेट दर्द होने पर 2 मई को कामाख्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने पथरी बताकर ऑपरेशन की बात कही। पीड़ित के मुताबिक इलाज के नाम पर करीब 2 लाख रुपए जमा कराए गए।

15 मई को अस्पताल से यह कहकर डिस्चार्ज कर दिया गया कि मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। लेकिन 16 मई को अचानक मंजू की तबीयत बिगड़ गई और पेट में तेज दर्द शुरू हो गया। परिजन दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे तो महिला को खून की उल्टी हुई। आरोप है कि डॉक्टरों ने कहा कि शरीर के अंदर जमा गंदगी साफ हो रही है। जब परिजनों ने ऑपरेशन के बारे में पूछा तो डॉक्टरों ने बताया कि पथरी ऑपरेशन कर नहीं, बल्कि मुंह के जरिए निकाली गई थी। परिजनों का आरोप है कि गलत इलाज या दवा की वजह से महिला की हालत बिगड़ी और रात करीब 11:30 बजे उसकी मौत हो गई। पति ने अस्पताल संचालक, ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर और अन्य स्टाफ पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 24,717 अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में लोकभावन में अनुदेशक सम्मान समारोह में चेक वितरण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। छाया: तरूणमित्र

डिमांड ज्यादा, तैयारी कमजोर 2027 में कैसे होगा फायदा!

- नौ माह से संगठन सृजन का कार्य अधूरा, प्रदेश टीम को हाईकमान की स्वीकृति का इंतजार

राजेश सिंह

लखनऊ, 17 मई (तरुणमित्र)। तकरीबन 37 साल से सूबे की सत्ता से दूर कांग्रेस यूपी में जमीन तलाश रही है। 2027 के चुनाव में कांग्रेस यहां किंग मेकर बनने की भूमिका में आने के लिए प्रयासरत है, लेकिन हाई कमान एवं प्रदेश नेतृत्व के बीच कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बनती दिख रही है। पार्टी यहां इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के साथ ही अधिक सीटों पर दावा ठोकने की तैयारी कर रही है लेकिन संगठन सृजन का कार्य नौ माह में भी पूरा नहीं हो सका। प्रदेश टीम को कई माह से हाई कमान की संस्तुति का इंतजार है और कई जिला एवं शहर अध्यक्षों को लेकर भी विवाद है।

सूबे में चार दशक तक अंखड राज करने वाली कांग्रेस के यहां पर मात्र दो विधायक है। इस बार यह संख्या हर हाल में बढ़ाना चाह रही है। लेकिन पार्टी में चेहरों के साथ ही कार्यकर्ताओं की बेहद कमी है। नौ माह पूर्व संगठन सृजन का कार्य आरंभ हुआ जो अब तक पूरा नहीं हो सका। जबकि कई माह पूर्व प्रदेष नेतृत्व ने सूची हाईकमान को भेजा गया है। जिला एव शहर अध्यक्ष भी मंडल एवं बूथ स्तर तक अपनी टीम खड़ी नही कर पा रहे हैं। इसी तरह जिला एवं विधानसभा स्तर पर प्रभारी बनाने की कार्य भी अधर में है। संगठन की मजबूती की बात करे तो गत 24 जनवरी को पहता कार्यकर्ता सहारनपुर में हुआ अब तक मात्र नौ सम्मेलन ही हो पाये हैं 20 मई को अमेठी में कार्यकर्ता सम्मेलन प्रस्तावित है। लोकसभा में मिली मामूली बढ़त के बाद पार्टी ने मडल स्तर पर संविधान सम्मेलन करने का निर्णय लिया था यह भी आधा दर्जन होकर ही थम गये है।

तिरंगा यात्रा भी वार्ड एवं पंचायत स्तर पर निकलना था वह भी कुछ ही जिलों तक सीमित रह गयी है। मनरेगा में बदलाव, कानून व्यवस्था, मंहगाई, नीट पेपर लीक, महिला आरक्षण सहित कई मुद्दों को लेकर पार्टी ने सड़क के बजाए अपने कार्यालय के आस पास ही करके इंतिश्री कर लिया। पार्टी के निवर्तमान प्रदेष उपाध्यक्ष शरद चंद्र मिश्रा ने बताया कि कांगेस ही एक ऐसी पार्टी है जो जनता के मुद्दो को लेकर सडक से सदन तक आंदोलन करती है। रही बात संगठन की मजबूती की तो हर स्तर पर प्रयास करने के साथ ही समान विचारधारा के लोगों को पार्टी से जोडा जा रहा है। सीटों की मांग पर उन्होंने कहा कि 2024 में सपा को उम्मीद से अधिक लाभ कांग्रेस के कारण ही मिला था। हमारी तैयारी प्रदेश की सभी 403 सीटों पर है जल्द ही बूथ से लेकर प्रदेश तक संगठन को मजबूत कर खडा कर लिया जायेगा। प्रदेश एवं केन्द्रीय नेतृत्व में कोई टकराव नहीं है और पार्टी में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है।

32 हजार बूथ संगठन से दूर, सीटों का सर्वे आरंभ

प्रदेश में एक लाख 62 हजार से अधिक पोलिंग बूथ है जिनमें 11 सदस्यीय टीम का गठन होना था। लेकिन पार्टी अब तक मात्र एक लाख 30 हजार बूथों पर अपनी टीम बनाने का दावा कर रही है। यानी 32 हजार से अधिक बूथ अभी संगठन की पकड से दूर है, यहीं हाल बीएलए के गठन को लेकर भी वल रहा है। इस तरह आधे अधूरे संगठन एवं लचर तैयारी के बीच पार्टी हाईकमान ने प्रभावषाली सीटों का निजी एजेंसी के जरिये सर्वे करा रहा है जिससे सपा के समक्ष सीटों का दावा ठोका जा सके।

राहुल 20 को आ रहे अमेठी

नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी 20 मई को अमेठी आ रहे हैं। इस दौरान वह कार्यकर्ता सम्मेलन, संगठनात्मक समीक्षा के साथ आगामी चुनाव की तैयारी पर चर्चा करेंगे। बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, युवाओं और महिला कार्यकताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा गांव-गांव जनसंपर्क अभियान तेज करने पर चर्चा होगी। वह पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे योगेंद्र मिश्रा के गांव रामदीन पंडित जाकर उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। उनका करीब दो माह पूर्व निधन हो गया था।

नवनिर्माण के 9 वर्ष | मिशन रोज़गार

परिश्रम का प्रतिफल भविष्य बना उज्ज्वल

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत

21 विभागों के लिए विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण

द्वारा

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
ब्रजेश पाठक — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सुरेश कुमार खन्ना — मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
ओम प्रकाश राजभर — मंत्री, पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उत्तर प्रदेश
दारा सिंह चौहान — मंत्री, कारागार, उत्तर प्रदेश
रवीन्द्र जायसवाल — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

नियुक्तियों का विवरण

उप जिलाधिकारी	37	वाणिज्य कर अधिकारी	142
पुलिस उपाधीक्षक	17	जिला खाद्य विपणन अधिकारी	02
सहायक आयुक्त (वाणिज्य कर)	196	नायब तहसीलदार	258
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी	16	उप कारापाल	60
कोषाधिकारी/लेखाधिकारी	22	जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी	04
जिला कमांडेन्ट होमगार्ड्स	02	उप निबंधक	40
अधीक्षक कारागार	01	उ.प्र. कृषि सेवा समूह 'ख' सेक्शन-सी, श्रेणी-2, सांख्यिकी अधिकारी	03
सहायक आयुक्त उद्योग	18	सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान श्रेणी-2	01
कार्य अधिकारी	23	व्यवस्थापक, राज्य संपत्ति विभाग	02
खंड विकास अधिकारी	72	सहायक निदेशक, उद्योग (हथकरघा)	01
जिला समाज कल्याण अधिकारी	09		
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी	01		
जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी	05		

18 मई, 2026 अपराह्न 04:00 बजे
लोक भवन सभागार, लखनऊ

अवसरों का द्वार-रोजगार को विस्तार: मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1.47 लाख+ नई इकाइयों में 4.5 लाख रोजगार | मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.98 लाख+ रोजगार | एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत 3.26 लाख+ रोजगार | मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, टूलकिट्स वितरण कार्यक्रम आदि के माध्यम से 4.63 लाख+ व्यक्तियों को रोजगार

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP